e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 336
मंगलवार
12.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है।

## जम्मू कश्मीर में 30 सितंबर 2024 तक इलेक्शन कराए चुनाव आयोग

### केंद्र द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को निरस्त करने के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

# धारा 370 हटाना केंद्र सरकार का सही कदम : सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

* आर्टिकल 370 को हटाना संवैधानिक तौर पर सही है फैसला
* भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा जम्मू-कश्मीर, संविधान के सभी प्रावधान होंगे लागू
* भारत के संविधान से चलेगा जम्मू कश्मीर
* अस्थायी प्रावधान था संविधान का अनुच्छेद 370, राष्ट्रपति के पास इसे खत्म करने का अधिकार था.
* राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाएगा.
* जम्मू कश्मीर में सितंबर 2024 तक चुनाव कराए जाएंगे.
* लद्दाख को भी अलग करने का फैसला वैध

“ जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा. हम लद्दाख को अलग करने के फैसले को बरकरार रखते हैं. हम चुनाव आयोग को पुनर्गठन अधिनियम और राज्य के दर्जे की धारा 14 के तहत जल्द से जल्द चुनाव कराने का निर्देश देते हैं



**डीवाई चंद्रचूड़, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर अपना निर्णय दिया। पांच सदस्यीय संविधान पीठ की तरफ से इस मामले में तीन अलग-अलग निर्णय लिए गए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसले को पढ़ते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने याचिकाकर्ताओं के उन तर्कों को भी खारिज कर दिया, जिसमें जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छिनने और उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाने का विरोध किया गया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में जम्मू-कश्मीर के आगे का रोडमैप भी बताया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द बहाल होना चाहिए। यहां चुनाव के लिए भी जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं। उन्होंने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर 2024 से पहले विधानसभा चुनाव सुनिश्चित किए जाएं।

### अमित शाह ने राज्यसभा में पेश किया जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम बिल

नई दिल्ली : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम बिल को पेश किया। अमित शाह ने इस बिल को विचार और पारित करने के लिए राज्यसभा में पेश किया। बता दें कि पिछले सप्ताह जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को लोकसभा में पारित किया जा चुका है। लोकसभा में जम्मू कश्मीर पर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के हमलों का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा था कि कश्मीर में 45 हजार लोगों की मौत का जिम्मेदार अनुच्छेद 370 था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उखाड़ फेंका।



**20 से ज्यादा याचिकाओं के जरिए आर्टिकल 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई थी।**

### आर्टिकल 370 : सुप्रीम कोर्ट ने इन वकीलों की सुनी थीं दलीलें

अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कई नामी-गिरामी वकीलों की दलीलें सुनीं। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, सीनियर एडवोकेट्स- हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य ने दलीलें पेश कीं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यंत दवे और अन्य सीनियर एडवोकेट्स ने जिरह की।

### 16 दिन चली थी सुनवाई

पांच जजों की बेंच ने 16 दिन तक सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। 20 से ज्यादा याचिकाओं के जरिए आर्टिकल 370 को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई थी। 5 अगस्त, 2019 को सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। यह पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देता था। राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया।

**5 अगस्त, 2019 को सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था।**

### पांच जजों की बेंच ने सुनाया फैसला

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने तीन फैसले सुनाए। सभी एक ही तरह के फैसले हैं। फैसला सुनाते वक्त सीजेआई ने कहा कि पांच जजों की बेंच ने तीन तरह के फैसले लिए लेकिन अंतिम निष्कर्ष सभी का एक ही है। इस मामले की सुनने वाले बेंच में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत थे और यही बेंच अपना फैसला सुनाया।



### झारखण्ड की महिला सहित चार तस्कर गिरफ्तार



**शाहजहांपुर :** एसओजी और कांट थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी कर रही झारखण्ड की एक महिला और उसके साथी सहित चार खरीदारों को गिरफ्तार किया है। मौके से चार करोड़ की अफीम, साढ़े चार लाख रुपये, एक मोटरसाइकिल आदि चीजें बरामद हुई हैं। पुलिस के अनुसार, एसओजी और थाना कांट पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को सूचना पर अफीम की तस्करी करने वाली झारखंड निवासी रुकसाना खातून (27), मोहम्मद अबरार केसर (30) और शाहजहांपुर के जलालाबाद थानाक्षेत्र के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी ओमप्रकाश वर्मा (60) तथा अंकित वर्मा (30) को नहर कोठी खंडहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। टीम को मौके से साढ़े चार लाख रुपये और चार किलो अफीम बरामद हुई है। बरामद अफीम की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में करीब चार करोड़ रुपये है। थाना प्रभारी ने बताया की रुकसाना खातून और मोहम्मद अबरार केसर झारखंड से अफीम लेकर आए थे और उन्हें यह अफीम ओमप्रकाश और अंकित को देनी थी। नहर कोठी के पास अफीम की डीलिंग हो रही थी कि तभी टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

**चार करोड़ की अफीम बरामद**

## क्विक न्यूज

### सीएम हेमंत सोरेन को ईडी का समन, आज पूछताछ के लिए बुलाया

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के द्वारा एक बार फिर से जमीन घोटाले में समन जारी किया गया है। ईडी ने समन जारी करते हुए आज 12 दिसंबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। यह छठी बार है जब ईडी ने सीएम को समन जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नया समन भेजा है।

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण से मुलाकात की

**गुवाहाटी:** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात से संबंधित विवरण सोशल मीडिया पर साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलना उनके लिए हमेशा ही सौभाग्य और सम्मान की बात रही है। असम की विकास गाथा के लिए उनका अटूट समर्थन सराहनीय रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री के निरंतर समर्थन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### 23 अवैध हथियार, 62 जिंदा कारतूस, एक खोखा व पांच मैगजीन जब्त

**सहरसा:** पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन के सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस मासिक अपराध गोष्ठी में मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,अंचल निरीक्षक, थानाध्यक्ष,यातायात, लोक अभियोजक, एलटीएफ एवं वज्र प्रभारी शामिल हुए।पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने बताया कि अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में 23 अवैध हथियार 62 जिंदा कारतूस एक खोखा एवं पांच मैगजीन जप्त किया गया।

### रांची का तापमान

अधिकतम 17°
न्युनतम 14°

## मोहन यादव होंगे एमपी के नए सीएम



*** जगदीश देवड़ा व राजेंद्र शुक्ला बनेंगे डिप्टी सीएम, नरेंद्र सिंह तोमर को मिली विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी**

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री की कुर्सी कौन संभालेगा, इसे लेकर कई दिनों से जारी सस्पेंस खत्म हो गया. विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम पर सहमति बन गई. मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं. मोहन यादव को संघ का करीबी बताया जाता है. जानकारी के मुताबिक शिवराज सिंह चौहान ने ही मोहन यादव के नाम का प्रस्ताव विधायक दल की बैठक में किया था. इस ऐलान के साथ ही सभी कयासों पर विराम लग गया है. अब सूबे की कमान मोहन यादव के हाथों में होगी. बीजेपी ने मध्य प्रदेश में भी छत्तीसगढ़ की तर्ज पर सरकार का गठन किया है. दरअसल, एमपी में भी दो डिप्टी सीएम होंगे. ये जिम्मेदारी जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को सौंपी गई है. इसके साथ ही बीजेपी के सीनियर लीडर नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है.इस अहम फैसले से पहले बीजेपी आलाकमान ने भोपाल में पर्यवेक्षकों की एक टीम भेजी थी. इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, आशा लाकड़ा और के लक्ष्मण के नाम शामिल हैं.बता दें कि मुख्यमंत्री की रेस में सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ ही ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद पटेल और वीडी शर्मा के नाम शामिल थे.

### उज्जैन दक्षिण विस सीट से चुनाव जीते हैं मोहन

मोहन यादव ने माधव विज्ञान महाविद्यालय से पढ़ाई की है। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन के नगर मंत्री का जिम्मा संभाल चुके हैं। मोहन 1982 में छात्र संघ के सह-सचिव भी चुने गए थे। वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और सिंहस्थ मध्य प्रदेश की केंद्रीय समिति के सदस्य, मध्य प्रदेश विकास प्राधिकरण के प्रमुख, पश्चिम रेलवे बोर्ड में सलाहकार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। 2013, 2018 के बाद अब वे 2023 में भी उज्जैन दक्षिण विधानसभा सीट पर चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं।

### आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

## 1932 आधारित नियोजन नीति के लिए जारी रहेगा प्रयास : हेमंत

*** सीएम 17 अनुकम्पा पर एवं डीएमएफटी के तहत 72 पारा मेडिकल स्टॉफ को नियुक्ति पत्र सौंपा**

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 4923.29 लाख की 15 योजनाओं का उद्धाटन एवं 11,898.59 लाख की 193 योजनाओं का किया शिलान्यास**

*** एयर कंडीशन कमरों में बैठकर नहीं बल्कि गांव पहुंच लोगों के बीच काम कर रही है सरकार**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आपकी सरकार दिल्ली, रांची या फिर एयर कंडीशनर में बैठकर नहीं, बल्कि गांव-गांव पहुंच कर लोगों के लिए काम कर रही है। किसी ने नहीं सोचा था कि सरकार राज्य के लोगों के द्वार तक जाएगी, लेकिन आज गांव-गांव पदाधिकारी योजनाएं लेकर लोगों के द्वार तक पहुंच रहे हैं। मेरा प्रयास है, इस राज्य के हर द्वार तक योजना पहुंचे। इसके लिए सरकार विगत तीन वर्ष से शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रही है। राज्य में जब से हमारी सरकार वजूद में आई है हम यहां के आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार के लिए विधानसभा से 1932 आधारित नियोजन नीति पारित कराया। लेकिन जानबूझकर इसमें कानूनी अड़चन लगा दिया गया, परंतु 1932 आधारित नियोजन नीति के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही।

### पूर्व में मिल रहा था बीमारू पशु, अब बीमायुक्त पशु

मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है, जिसका सर्वाधिक प्रभाव किसानों पर पड़ता है। किसानों को खेती-बाड़ी के अतिरिक्त आर्थिक लाभ हेतु बिरसा हरित ग्राम योजना का संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ किसान अवश्य लें। पूर्व में किसानों को बीमारू पशु दिया जाता था। अब हमारी सरकार यहां के किसानों बीमाकृत पशु दे रही है ताकि किसी तरह की अनहोनी होने पर बीमा राशि का भुगतान कर पशुपालकों को सहारा दिया जा सके।




**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सह पूर्व विधायक योगेन्द्र महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक, बोकारो प्रमंडल, जिला परिषद अध्यक्ष, उपायुक्त बोकारो, पुलिस अधीक्षक बोकारो एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने विकसित भारत @2047- वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम का किया शुभारंभ

एजेंसी

**भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत @ 2047- वॉयस ऑफ यूथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संयोजन नीति आयोग द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत @2047 के संकल्प और विजन को लेकर युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यही समय सही समय है। हर व्यक्ति और संस्थान जो भी कार्य करता है, वह राष्ट्र के कार्य हैं- इसी भाव-भावना के साथ करें। उन्होंने कहा कि इंडिया आई से शुरू होता है। आई का मतलब मैं, अर्थात भारत को विकसित बनाने के लिए मैं क्या कर सकता हूँ। इस भाव के साथ कार्य करना होगा कि राष्ट्र के लिए कर्तव्यों का निष्ठा और



ईमानदारी से पालन करें। प्रधानमंत्री ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और देश के प्रत्येक नागरिक से आगे आकर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने और स्वयं के उदाहरण से रोल मॉडल बनकर समाज को प्रेरित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम से प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की। शुभारम्भ कार्यक्रम के बाद स्थानीय कार्यक्रम में इनोवेशन,साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थ्राइविंग एंड सस्टेनेबल इकोनॉमी और युवाओं की उपयोगिता-विकसित भारत @ 2047 विषयों पर छात्रों की सहभागिता के साथ विशेषज्ञों के पैनल डिस्कशंस आयोजित हुए।

### पश्चिम बंगाल : दो किसानों ने की खुदकुशी

**कोलकाता (एजेंसी):** पश्चिम बंगाल में बेमौसम बरसात से फसल बर्बाद होने के कारण अलग-अलग जिलों के दो किसानों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पश्चिमी मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना के आलू किसान बापी घोष ने कथित तौर पर कीटनाशक खा लिया और अगले दिन एक अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
वही तरीका वही ईलाज
असर्फी हॉस्पीटल
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर
अंडाशय का कैंसर
पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर
फेफड़ा का कैंसर
हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर
पेट का कैंसर
मलाशय का कैंसर
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 884 आवेदन मिले, 237 का हुआ त्वरित निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, बीडीओ विकास कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, मुखिया सुशीला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि सरकार के पहल से हम सभी लोग आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके पंचायत में आकर आपकी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित निष्पादन करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है आप सभी लोग उसका लाभ जरूर उठायें। अपनी समस्याओं से सबंधित लिखित आवेदन सबंधित



विभाग के स्टॉल पर दें। आपकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। शिविर में सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। **आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 884 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें 237 :** आवेदनों का त्वरित रूप से निष्पादन किया गया जबकि 647आवेदन लंबित रहे. जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये उनमें अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 574, निवास प्रमाणपत्र के 1, आयुष्मान कार्ड के लिए 16, मनरेगा के नया कार्य के लिये 25, नया जॉब कार्ड 52, बिरसा हरित सिचाई कूप 3, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 92, विजली समस्या के लिए 4,धोती साड़ी व लुंगी वितरण 7, कंबल वितरण 11, सर्वजन पेंशन 13, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना8, किसान क्रेडिट कार्ड योजना 4, आधार पंजीकरण 15, स्वच्छता व पेयजल 2, श्रमधन पोर्टल पर पंजीकरण 5, आजीविका मिशन21, स्वास्थ्य जांच 15,शिक्षा विभाग से 2,राजस्व एवं भूमि सुधार 1 सहित कुल884 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के सीएचओ दिनेश मीना, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साह, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम,बीपीओ राजदीप कुमार, पूर्व प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान,बैंक सखी प्रीति देवी, कृषि विभाग बीटीएम विजय यादव, प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह, जेएसएलपीएस कार्यक्रम प्रबंधक धनंजय कुमार, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, शिक्षा विभाग के बीपीओ तहमीना प्रवीण, सीआरपी सुबोध कुमार, एसआरपी वाजदा खातून, पर्यवेक्षिका आरती कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम सहित बड़ी संख्या में पंचायत की महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बगैर किसी भेदभाव के हो रहा बिश्रामपुर विस क्षेत्र का विकास : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत केतात पंचायत के कामता गांव के कब्रिस्तान का चारदीवारी निर्माण होगा। चारदीवारी निर्माण का आधारशिला आज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने रखी.श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में विश्रामपुर विधानसभा का पूर्ण विकास हो रहा है। विकाश भी किसी भेदभाव के बगैर और न्याय के साथ हो रहा है। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है.आने वाले समय में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र प्रदेश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा.मौके पर पूर्व मुखिया रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, निवर्तमान वार्ड पार्षद मजमुदिन कादरी, शोएब अख्तर, मेराज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## 9 किसानों के बीच किया गया गेहूं बीज का वितरण



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कृषि कार्यालय में सोमवार को सेमरा, खूरा कला, पतरिया खुर्द के लाभुक किसानों के बीच गेहू बीज का वितरण किया गया। रबी फसल के बुआई का समय चल रहा है। जिसमें किसान जुटे हैं। स्थानीय कृषि किसान भवन में 9 किसानों के बीच गेंहू बीज का वितरण किया गया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख पति ध्रुप कुमार गुप्ता ने कहा की गरीब व वंचित मेहनती किसानों को गेहू बीज को देने का काम किया जा रहा है। जिससे की धरातल पर हरियाली देखने को मिल सके और किसानों का घर में बीज का उपार्जन हो सके। बीओ अभिषेक कुमार पांडे ने कहा की जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मेहनती किसानों का नाम चयनित कर गेहू बीज का वितरण किया जा रहा है। इस संदर्भ में मौके पर एटीएम प्रियंका कुमारी, कृषि मित्र राजेंद्र यादव सहित सभी लाभुक किसान मौजूद थें।

## घर के सामने लगे ट्रैक्टर और ट्रॉली की चोरी



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज शहर के बेलोदर मोहल्ला से ट्रैक्टर की चोरी हुई है। इस सम्बंध में बिहार के ढिबरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेयामतपुर निवासी मो शाहिद रजा ने सोमवार को हरिहरगंज थाना में इसकी लिखित जानकारी दी है। जिसमें कहा गया है कि ट्रैक्टर जेएच 11 एन 6564 को अपने ससुराल बेलोदर निवासी मो सादिक अंसारी के घर के सामने लगाया गया था रविवार दो बजे रात को जब देखा तो ट्राली सहित ट्रैक्टर गायब था। इसे लेकर भुक्तभोगी के द्वारा ट्रैक्टर बरामदगी के लिए उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 1404 आवेदन हुआ, 224 का हुआ निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के चांदनी पंचायत परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविन्द्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, प्रखंड बीस सूत्री समिति अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, मुखिया मंशा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में बीडीओ रविंद्र कुमार ने ग्रामीणों को सरकार की योजना के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा की ग्रामीण अपना आवेदन संबंधित स्टॉल पर दे। ताकि उसका तुरंत रजिस्ट्रेशन करते हुए उसका निष्पादन किया जा सके। वही प्रमुख आभा रानी, बिसूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया मंशा देवी ने सरकार



के संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगो से समस्या तथा सरकार के संचालित योजनाओं में आवेदन देने की अपील किया। ताकि आपकी समस्याओं को पदाधिकारी निष्पादन कर सके। शिविर मे लोगो ने अबुआ आवास में 935 सहित 1404 आवेदन दिया। प्राप्त आवेदनों में से लगभग 224 आवेदन का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। वही डीएसओ, प्रमुख, सीओ, बीडीओ, मुखिया ने पंचायत के सयुक्त रूप से 10 असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान पंचायत की मुखिया रामगहन मेहता, बीपीओ कमलेश कुमार, पंचायत ससेवक केश्व सिंह, विनोद पासवान, सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, अमरेंद्र कुमार, सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिकों ने 1971 युद्ध में शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का निर्णय लिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद इकाई के पुर्व सैनिकों कि स्थानीय कार्यालय में बैठक हुई जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने किया।इस बैठक में सभी ने 1971 भारत, पाकिस्तान के युद्ध पर चर्चा कि एवं 16 दिसंबर दिन शनिवार सुबह 10 30 बजे हुसैनाबाद स्थित कार्यालय के प्रांगण में युद्ध मे शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का निर्णय लिया। जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी को 1971 की भारत पाक युद्ध कि चर्चा करते हुए उसकी महत्ता को बताई एवं कहा कि 16 दिसंबर हम सभी सैनिकों केलिए हि नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए कितना महत्वपूर्ण दिन है इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।




जिसमें हमें आज़ादी मिली लेकिन हमारा देश के 3900 विर जांबाज सैनिकों ने अपनी सर्वोच्च बलिदान दिया था उन्हें नमन करना हम सभी सैनिकों का परम कर्तव्य है। आगे कैप्टन दुखन सिंह ने कहा की आज़ भी हुसैनाबाद इकाई के पुर्व सैनिक संगठन में बहुत से जांबाज सैनिक सक्रिय हैं जो 71 के लड़ाई में बखूबी से लड़ी एवं भारत देश को आजादी दिलाई जो बधाई के पात्र हैं उन सभी वीर जांबाजों को भी उस दिन स्वागत किया जाएगा। आज के बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सैनिक कैप्टन दुखन सिंह, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, हवलदार प्रसाद सिंह, असर्फी पाल, सुबेदार सुमेर सिंह मौजुद रहे।

## बगैर किसी भेदभाव के हो रहा बिश्रामपुर विस क्षेत्र का विकास : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत केतात पंचायत के कामता गांव के कब्रिस्तान का चारदीवारी निर्माण होगा। चारदीवारी निर्माण का आधारशिला आज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने रखी। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में विश्रामपुर विधानसभा का पूर्ण विकास हो रहा है। विकाश भी किसी भेदभाव के बगैर और न्याय के साथ हो रहा है। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। आने वाले समय में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र प्रदेश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। मौके पर पूर्व मुखिया रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, निवर्तमान वार्ड पार्षद मजमुदिन कादरी, शोएब अख्तर, मेराज अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

## नावाडीह में खुला कैफे एंड रेस्ट्रो, विधायक ने किया उद्घाटन

**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर के नावाडीह कला में आरसीआइटी मुख्य द्वार के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस देशी वाइब्स नमक कैफे एंड रेस्ट्रो सोमवार को खुला। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि छोटे जगह पर रेस्ट्रा और कैफे खुलना विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकसित होने का एक और प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवाओं को नौकरी के बजाए व्यवसाय के क्षेत्र मे आना चाहिए। व्यवसाय के लिए विश्रामपुर विस क्षेत्र में अपार संभावनाएं भी है। रेस्ट्रो के संचालक गोपाल सोनी ने बताया कि मेट्रो शहर के रेस्ट्रों में मिलनी वाली हर सुविधा यहां उचित मूल्य पर मिलेगा। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, मनीष कुमार, संजय ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री पशुधन योजना में लाभुक चयन को लेकर बड़े पैमाने पर हेरा फेरी**

## प्रमुख ने कहा अनियमितता बरतने वाले कर्मी पर हो कार्रवाई नहीं तो बाध्य होकर होगी आंदोलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक मुख्यमंत्री पशुधन योजना में लाभुको का चैन हेतु बड़े पैमाने पर हेरा फेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। ज्ञात हो की हाल ही में मुख्यमंत्री पशुधन योजना में योग्यता रखने वाले लाभुकों का चयन ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी के अध्यक्षता में प्रखंड किर्यान्यवन समिति के द्वारा किया गया था। परंतु उक्त प्रमुख के द्वारा सोमवार को गढ़वा जिला गव्य विकास पदाधिकारी सह पशुपालन पदाधिकारी विद्या सागर सिंह को आवेदन देकर बड़े पैमाने पर केतार प्रखंड में पशुधन योजना में लाभुक चयन में हेरा फेरी करने का मामलाओं से अवगत कराया है। उन्होंने यह भी कहा कि केतार प्रभारी पशु चिकित्सा एवं उनके सहकर्मी के द्वारा अनियमित बरतते हुए मनमानी तरीके से किर्यान्यवन समिति के द्वारा योग्य लाभुकों का चयन किए हुए के नाम के ऊपर व्हाइटनर लगाकर रिश्वत के दम पर लाभुक चयन किया गया है। जो नियम संगत गलत और काफी दुखद है। उन्होंने वरीय पदाधिकारी से मांग किया है कि अनियमितता बरतने वाले कर्मी की विधिवत जांच के पश्चात कठोर कार्रवाई किया जाए। साथ ही योग्यता रखने वाले लाभुको का चयन दोबारा किया जाए।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कोशी पंचायत में लगाया गया शिविर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को हुसैनाबाद प्रखंड के कोशी पंचायत में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रौशन कुमार,मुखिया विजय कुमार राम आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। बीडीओ ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन के द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, शमीम, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, समेत प्रखंड व अंचल समेत कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्य ने स्कूल भवन निर्माण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड के तेंदुआ स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में सोमवार को चार कमरों के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास हरिहरगंज जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने नारियल फोड़कर किया। 15 में वित्त आयोग, जिला परिषद निधी से 42 लाख की लागत से भवन निर्माण होना है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय भवन के बन जाने से बच्चों को पढ़ाने में शिक्षकों को काफी सहूलियत होगी। साथ ही कहा कि शिक्षा के विकास के लिए वे प्रयासरत है। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पिपरा प्रखंड के प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव तथा समाजसेवी राजेश राम ने कहा कि स्कूल भवन निर्माण होते ही कक्षाओं का संचालन वर्ग वार से संचालित होगी। इस अवसर पर संजय मेहता, हरि यादव, पूनम देवी, महाराणा सिंह, अन्नू सिंह, बब्लू सिंह, भिखारी चौहान, शिक्षक विपिन सिंह, नागेंद्र सिंह, प्रणव कुमार, संतोष कुमार सहित कई शिक्षक व लोग उपस्थित थे।

## उच्चतम न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक : धर्मदेव सिंह यादव



**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर की भलाई के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को खत्म किया था.जिसको लेकर विपक्षी पार्टियां विभाजनकारी राजनीति कर रही थी.लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार के निर्णय को सही ठहराते हुए उसपर मुहर लगा दी। उच्चतम न्यायालय का यह फैसला ऐतिहासिक है। जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। अब जम्मू कश्मीर के विकास का मार्ग और प्रशस्त हो गया। अन्य कई भाजपा नेताओं ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र का जीत करार दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करने वालों में वरीय भाजपा नेता सतिश्वर प्रसाद सिंह, कुश कुमार ओझा, रामनिवास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, शुशील शुक्ला, अभिषेक राज गुप्ता, देवनारायण सिंह खरवार, सुरेश यादव सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता का नाम शामिल है।

**अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी : अरूप**

## कठौतिया कोल माइंस में मानवाधिकार सप्ताह शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस में मानवाधिकार सप्ताह का आयोजन किया गया है। सोमवार को इसका उदघाटन यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी, माइंस मैनेजर राजु सिंह, चेतलाल विश्वकर्मा अश्विनी कुमार, प्रवीण सिंह, केसी मोदक, संतन चक्रवर्ती, राकेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने की। संचालन अदिति ने किया। सुमित कुमार ने मानवाधिकार का पालन करने का शपथ दिलाया। मौके पर यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी ने कहा कि किसी भी इंसान की जिंदगी आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार ही मानवाधिकार हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार मनाने का एक मात्र उद्देश्य है कि विश्व के सभी लोग सुरक्षित महसूस करें और भेदभाव रहित स्वतंत्रतापूर्वक जीवन जी



सकें। राष्ट्र का एक नागरिक होने के नाते यह प्राथमिक महत्व है कि हमें उन अधिकारों की समझ हो जिनके हम हकदार हैं। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए अपने अधिकारों के साथ साथ हमें अपने कर्तव्यों के पालन के प्रति सजग व संवेदनशील रहना चाहिए। हमें अपने कर्तव्यों के पालन में भी ईमानदारी बरतना चाहिए। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में भारी जान हानि के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 सितम्बर 1948 को मानवाधिकार दिवस मनाने की पहली घोषणा की गई थी। सीएसआर हेड शोभा रानी ने मानवाधिकार सप्ताह के तहत होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर अमरेन्द्र सिंह, एएमपीएल के निरू कुमार पासवान, दीपनारायण सिंह, गौतम सिन्हा, लोकेश कुमार, सुनील सिन्हा, जयंत शुक्ला, अरविंद सिंह,अजय सिंह, बलजीत लाल, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, बीडी पांडेय, रासबिहारी प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुकुंदपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** वर्तमान हेमन्त सरकार झारखंड के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमवार को मुकुंदपुर पंचायत के सूर्यनारायण वन परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलपदाधिकारी नंदजी राम, जीप सदस्य ज्वाला प्रसाद, बिस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, उपप्रमुख शम्भू सिंह, मुखिया मूंगा साह, पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून, प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह पहुंचे और सभी विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का व्यक्तिगत निरीक्षण कर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, केसीसी लोन को विशेष रूप से करने की बात कही साथ ही उक्त योजना में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर शख्त कार्रवाई करने की बात कही इस



कार्यक्रम में प्रखंड के 9 महिला समूह के लाभुकों के बीच जेएसएलपीएस के बीपीएम प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में 9 लाख रु का सीसीएल बैंक क्रेडिट चेक दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने उपस्थि लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। वही शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया जिसमें खाद आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग,वन सुरक्षा विद्युत विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण, अबुआ आवास सहित अन्य विभाग का स्टाल लगाए गए थे। जिसमें वन सुरक्षा एवं बैंकिंग विभाग अनुपस्थित रहे। बीडीओ ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया की अंतिम व्यक्ति तक आवेदन को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन किया जाना है। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले दो वर्षो से कार्यक्रम का सफल आयोजन वर्तमान सरकार द्वारा हो रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन,सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को कम करना है। साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी करना है।

## थाना प्रभारी में नो हेलमेट नो पेट्रोल को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत हिंदुस्तान पैट्रोलियम मेसर्स शिवपूजन यादव के पेट्रोल पंप पर बढ़ती सड़क दुर्घटना मद्देनजर रखते हुये, भवनाथपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में नो हेलमेट न पेट्रोल जागरूकता अभियान चलाया गया। नो हेलमेट नो पेट्रोल के संबंध में लोगों को हिदायत देते हुए बिना हेलमेट वाले मोटरसाइकिल पकड़ कर थाने ले आई। जानकारी देते हुए लोगों से बोला कि बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल नहीं मिलेगा दुर्घटना किसी की भी घट सकती है, दुर्घटना बता कर नहीं आती है इसलिए सचेत रहें सुरक्षित रहें और हेलमेट लगा करके ही पेट्रोल ले और सड़क पर चले। उक्त मौके पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय सहित जवान उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## सरकार आपके द्वार के तहत वार्ड 27 व 28 में हुआ शिविर का अयोजन

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 27 तथा वार्ड नं 28 में शिविर का अयोजन किया गया। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। आज निगम स्तर से दोनो शिविर में कुल मिलाकर 85 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 270 कंबल का वितरण भी किया गया। बता दे 12.12.2023 को वार्ड नंबर 29( पहाड़ी मंदिर, वेलनेस सेंटर) तथा वार्ड नंबर 30(सामुदायिक भवन)में शिविर का अयोजन किया जाएगा। रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

## दो तत्कालीन पेशकारों के खिलाफ डीसी ने अभियोजन चलाने की दी स्वीकृति

**रांची** : डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने दो तत्कालीन पेशकारों के खिलाफ अभियोजन चलाने की स्वीकृति दे दी है। कोतवाली थाना केस संख्या- 864/15 के प्राथमिक अभियुक्तों नितेश कुमार तत्कालीन पेशकार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर और रमेश कुमार राम उर्फ रमेश कुमार, तत्कालीन पेशकार अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के खिलाफ रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। बताया जा रहा है कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सरकारी अभिलेखों में छेड़छाड़ करने का आरोप है। अब एसडीओ के दोनों अभियुक्तों के खिलाफ केस चलेगा।

# पीएम के प्रयास से भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किये गए 'विकसित भारत @2047 कार्यक्रम के अवसर पर राज्यपाल सी0पी0 राधाकृष्णन ने शिक्षाविदों के संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। उक्त अवसर पर राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख, शिक्षाविद एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री के प्रयास से भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री निरंतर प्रयासरत है कि इस देश का प्रत्येक



व्यक्ति आर्थिक रूप से समृद्ध हो। अमृत काल में भारत कई मोर्चों पर तेजी से प्रगति कर रहा है। समग्र शिक्षा जैसी योजनाओं के तहत बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार किया गया है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि विकसित भारत @2047 का लक्ष्य देश का प्रत्येक क्षेत्र में यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्तरिक्ष, कृषि, उद्योग, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास है। हम भारत को पुनः 'विश्वगुरु' के रूप में देखना चाहते हैं, अपने राष्ट्र को विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखना चाहते हैं जो दूसरे के प्रति भी करुणा रखता है। कोरोना महामारी काल में हमारे वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से ही बहुत कम समय में कोविड टीका विकसित किया गया। हमारे देश के लोगों का न केवल वृहत पैमाने पर टिकाकरण हुआ, बल्कि मानवता की रक्षा हेतु अन्य कई देशों को निःशुल्क टीका भेजा गया। उन्होंने कहा कि 2047 में सभी क्षेत्रों में समग्र विकास करना है और विकास के इस परिभाषा को गढ़ने में हमारे शैक्षणिक संस्थानों को आगे बढ़कर योगदान करना होगा तथा विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्वच्छ वातावरण की बात काही।

उक्त अवसर पर आयोजित वृहत कार्यशाला में निदेशक, आई0आई0एम0 राँची डॉ0 दीपक श्रीवास्तव, झारखंड युनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी के कुलपति प्रो0 डी0के0 सिन्हा, राँची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 अजीत कुमार सिन्हा, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कुलपति डॉ0 तपन कुमार शांडिल्य, संकायाध्यक्ष, वानिकी, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय डॉ0 एम0एस0 मलिक, प्राचार्य, रांची महिला महाविद्यालय, राँची डॉ0 सुप्रिया, इक्काई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 रमण कुमार झा आदि समेत कई शिक्षाविदों ने विकसित भारत @2047 पर अपने विचार प्रकट किये।

# पूर्व पार्षद व बस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण सिंह का निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नगर निगम वार्ड 40 के पूर्व पार्षद, एचईसी श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रहे और रांची बस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह का निधन पटना मे इलाज के दौरान होने की सुचना मिली । यह केवल निगम परिवार नही, केवल धुर्वा क्षेत्र का ही बल्कि यह पुरे झारखंड के लिए अपूर्ण क्षति है। मोदी से प्रेरित होकर अपने हजारो कार्यकर्ताओ के साथ भारतीय जनता पार्टी मे शामिल होकर हमारे हाथो को और मजबूत करने के साथ साथ 2008 से 2013 तक रांची नगर निगम बोर्ड मे साथ मिलकर रांचीवासियो के लिए आवाज उठाने वाले मित्रवत के निधन से मन व्यथित है । पूरा निगम परिवार इस दुख की घड़ी मे परिवार के साथ खड़ा है। शोक संदेश के साथ रांची के निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय सहित वार्ड संख्या 26 निवर्तमान पार्षद अरुण झा, वार्ड संख्या 1 निवर्तमान पार्षद नकुल ,वार्ड संख्या 2निवर्तमान पार्षद गुंदरा उरांव, वार्ड संख्या 3 निवर्तमानपार्षद बसंती लकड़ा,वार्ड संख्या 4 निवर्तमानपार्षद हुस्ना आरा, वार्ड संख्या पुर्व 5 पार्षद गायत्री देवी वार्ड संख्या 6 पुर्व पार्षद मोनिका खलखो,वार्ड संख्या 7 पुर्व पार्षद सुजाता कच्छप ,वार्ड संख्या 8 पुर्व पार्षद वीणा अग्रवाल, वार्ड संख्या 9 पुर्व पार्षद प्रिति रंजन,वार्ड संख्या 10 पुर्व पार्षद अर्जुन यादव, वार्ड संख्या 11 पुर्व पार्षद रंजु देवी,वार्ड संख्या 12 पुर्वपार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, वार्ड संख्या 13 पुर्वपार्षद पुनम देवी, वार्ड संख्या 14 पुर्वपार्षद दिनेश राम, वार्ड संख्या 15 पुर्वपार्षद जेरमिन टोप्पो, वार्ड संख्या 16 पूर्वपार्षद नजिमा रजा, वार्ड संख्या 17 पूर्वपार्षद सबाना खान, वार्ड संख्या 18 पूर्वपार्षद आशा देवी गुप्ता, वार्ड संख्या 19 पूर्वपार्षद रौशनी खलखो, वार्ड संख्या 20 पूर्वपार्षद सुनील यादव,वार्ड संख्या21 पूर्व पार्षद एहतेशाम मंजर, वार्ड संख्या 22 पुर्वपार्षद नाजिया, वार्ड संख्या 23 पूर्वपार्षद साजदा, वार्ड संख्या 24 पूर्वपार्षद विजयलक्ष्मी सोनी ,वार्ड संख्या 25 पूर्वपार्षद अर्जुन,वार्ड संख्या 27 पूर्वपार्षद ओमप्रकाश, वार्ड संख्या 28 पूर्वपार्षद रश्मि,वार्ड संख्या 29 पूर्वपार्षद सोनी, वार्ड संख्या 30 पूर्वपार्षद रीमा देवी, वार्ड संख्या 31 पूर्वपार्षद अशोक, वार्ड संख्या 32 पूर्वपार्षद सुनिता, वार्ड संख्या 33 पूर्वपार्षद सुनिता, वार्ड संख्या 34 पूर्वपार्षद विनोद सिंह,वार्ड संख्या 35 पूर्वपार्षद झरी लिंडा, वार्ड संख्या 36 पूर्वपार्षद सविता कुजूर, वार्ड संख्या 37 पूर्वपार्षद आनंद मुर्ति,वार्ड संख्या 38 पूर्वपार्षद दीपक , वार्ड संख्या 40 पूर्वपार्षद सुचिता रानी राय, वार्ड संख्या 41 पूर्वपार्षद ऊर्मीला यादव, वार्ड संख्या 42 पूर्वपार्षद कृष्णा महतो,वार्ड संख्या 43 पूर्वपार्षद शशि सिंह, वार्ड संख्या 44 पूर्वपार्षद फिरोज आलम,वार्ड संख्या 45 पूर्वपार्षद नसीम गद्दी,वार्ड संख्या 46 पूर्वपार्षद रीता मुंडा, वार्ड संख्या 47 पूर्वपार्षद कविता सांगा, वार्ड संख्या 48 पूर्वपार्षद मारग्रेट, वार्ड संख्या 49 पूर्वपार्षद जमीला, वार्ड संख्या 50 पूर्वपार्षद पुष्पा, वार्ड संख्या 51 पूर्वपार्षद सविता, वार्ड संख्या 52 पूर्वपार्षद निरंजन, वार्ड संख्या 53 पूर्वपार्षद निर्मला सहित नगर निगम परिवार श्रद्धांजली अर्पित करते है।

## ईडी के गवाह से निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के वकीलों ने किए सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के महत्वपूर्ण गवाह के बचाव पक्ष की ओर से सोमवार को क्रॉस एग्जामिनेशन किया गया। इस केस की प्रमुख अभियुक्त निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने ईडी के गवाह अभयनंद अम्बष्ट से सवाल किए। बचाव पक्ष के वकीलों का ईडी के गवाह ने एक-एक कर जवाब दिया, जिसके बाद अब इस केस के अन्य अभियुक्तों सुमन कुमार और निलंबित जूनियर इंजीनियर राम विनोद सिंह की ओर से गवाह का क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल और राम विनोद सिन्हा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के मध्यम से उपस्थित रहे। वहीं पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार भी कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष 12 अप्रैल को मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। उनके पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम बेल दी थी।

## झारखंड पुलिस ने प्रेम प्रकाश के आवास से बरामद दो एके 47 राइफल्स मामले में तथ्यों को छुपाया : ईडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य में ईडी अवैध खनन और जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही है। अब तक की जांच में इडी ने दो आईएएस समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने पिछले साल अगस्त माह में प्रेम प्रकाश के आवास से दो एके 47 राइफल्स और कई आपत्तिजनक समान बरामद किया था। इस मामले को लेकर ईडी ने झारखंड पुलिस पर तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाया है। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि झारखंड पुलिस को इस मामले की सही जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। इस मामले को छिपाने के लिए पुलिस ने केवल विज्ञप्ति जारी कर दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। ईडी ने कोर्ट को




बताया कि दो पुलिस जवान के हथियार थे और वे लोग मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षा में तैनात थे लेकिन राज्य पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर लोगों को बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने पिछली रात को अपने हथियार प्रेम प्रकाश के आवास पर छोड़ दिए थे। ईडी ने कोर्ट को कहा कि इस प्रकार की मंशा प्रेम प्रकाश को बचाने की रही है। प्रेम प्रकाश को ईडी ने पिछले साल अगस्त माह में रांची से गिरफ्तार किया था। अवैध खनन मामले में पीएमएलए के तहत उनकी गिरफ्तारी हुई है। प्रेमप्रकाश के घर से दो एके 47 राइफल्स और साठ जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।

## प्रधानमंत्री से अमर बाउरी ने की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को संसद भवन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा नेता प्रतिपक्ष का दायित्व मिलने के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। आज का दिन ऐतिहासिक है, जब माननीय उच्चतम न्यायालय ने भी कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना है, ऐसे दिन में भारत के प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य की बात है। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के गारंटी पर 2024 के लोक सभा चुनाव में झारखंड के सभी 14 सीट पर भाजपा की जीत एवं झारखंड विधान सभा चुनाव में बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी।

# झारखंड में पड़ने लगी कड़ाके की ठंड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। सुबह और शाम के समय लोगों को घरों में दुबके रहने को मजबूर कर दिया है। पिछले 24 घंटे में चतरा और गुमला का न्यूनतम तापमान सबसे कम रिकॉर्ड किया गया। यहां दोनों जिलों का तापमान 7.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

जबकि राजधानी रांची का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले दो-तीन दिनों के दौरान तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट होने की संभावना है, जिससे लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा। वहीं, सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाये रहने के कारण तापमान में नमी महसूस की जायगी।

उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर के बाद सर्द हवाओं और कोहरा के कारण ठंड का असर बरकरार रहेगा। 16 दिसंबर तक तापमान मुख्यतः साफ रहेगा। लेकिन तापमान में कमी के कारण लोगों को ठंड का एहसास अधिक होगा। राजधानी रांची का मौसम 16 दिसंबर तक शुष्क रहेगा। इस दौरान सुबह और शाम लोगों को कोहरा का सामना करना पड़ेगा। लेकिन सुबह के बाद से ही धूप निकलेगी। ऐसे में दिन के समये थोड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि ठंडी हवाओं के कारण लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। लगातार बड़ती ठंड के कारण मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# कोल विद्रोह का 192 वां वर्षगांठ मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को करम टोली स्थित केंद्रीय धुमकुड़िया भवन में कोल विद्रोह का 192 वां वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर मांडर के पूर्व विधायक देव कुमार धान , फूलचंद तिर्की, अंतु तिर्की ने कोल विद्रोह के महानायक वीर बूधू भगत के तस्वीर के ऊपर माला चढ़ा कर याद किया।

आदिवासी महासभा ने इसे जमीन बचाओ संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया। कार्यक्रम में कोल विद्रोह के दौरान शहीद हुए वीर बुधु भगत सहित अन्य शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित की गई।

पूर्व कानून मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि देश की राजधानी नई दिल्ली में विभिन्न राजनेताओं के समाधि स्थल के लिए हजारों एकड़ जमीन सरकार द्वारा आवंटित की गई है। लेकिन झारखंड में आदिवासी वीर सेनानियों व शहीदों के समाधि स्थल व उनके कार्यस्थल को विकसित करने के लिए कोई पहल नहीं की गई है।

वहीं मौके पर केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि इस बैठक में आदिवासी संस्कृति, जल, जंगल जमीन और आदिवासियों के अस्तित्व को सुरक्षित रखने पर गहन चिंतन किया गया ।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों की वर्तमान दशा-दिशा बदलने को लेकर केन्द्र सरकार से हमलोग मांग कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि आदिवासी के पास जमीन रहने के बावजूद भी उन्हें बैंक के द्वारा लोन नहीं दिया जाता है जिस कारण आदिवासी पिछड़ रहे हैं केन्द्र और राज्य सरकार से मांग किया है कि उन्हें भी रोजगार करने के लिए बाकियों के तरह लोन और सरकारी लाभ मिले जिससे उसे रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़े। बैठक में मुख्य रूप से अंतु तिर्की, प्रेमशाही मुण्डा, संजय तिर्की, सुशील उराँव, निरजना, उगरसी मुण्डा, बलकू उराँव, अजित उराँव अजय उपस्थित थे।

# भारतीय शिक्षण मण्डल के नूतन कार्यकारणी की हुई घोषणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय शिक्षण मण्डल के दक्षिण बिहार एवं झारखंड प्रांत की नूतन कार्यकारणी की घोषणा ऑनलाइन माध्यम से की गयी। इस बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री शंकारानंद, अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश सिंह व हिमांशु वर्मा राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में दक्षिण बिहार प्रांत का कार्यकारिणी का घोषणा राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री हिमांशु ने व झारखण्ड प्रांत के कार्यकारिणी मण्डल का घोषणा झारखण्ड प्रांत के पालक अधिकारी आदरणीय डॉ ओम प्रकाश सिंह जी ने किये। झारखण्ड प्रांत भारतीय शिक्षण मंडल के कार्यकारिणी 2023 की सूची निम्न है संरक्षक मंडल डॉ नरेंद्र देव गोस्वामी , रांची डॉ के.सी. प्रसाद, रांची, अनिल कुमार, अध्यक्ष : डॉ रंजीत कुमार मिश्रा - रांची, उपाध्यक्ष प्रो0 रागिनी भूषण, जमशेदपुर, उपाध्यक्ष डॉ शशि कुमार, सिमडेगा, मंत्री : डॉ सुबास साहु, रांची , सह मंत्री : डॉ जयंत कश्यप , कोलेबिरा,सिमडेगा, कोष प्रमुख : डॉ राहुल कुमार, रांची, गुरुकुल प्रकल्पः आचार्य आशुतोष आर्य, जमशेदपुर, महिला प्रकल्प : डॉ सपना त्रिपाठी, रांची, महिला प्रकल्प सह प्रमुख : डॉ प्रिया पांडेय, रांची, शालेय प्रकल्प : डॉ दुलार ठाकुर, चतरा, शालेय प्रकल्प सह प्रमुख , विकास शर्मा, लातेहार, शैक्षिक प्रकोष्ठ : डॉ शीतल द्विवेदी, रांची, अनुसंधान प्रकोष्ठ : डॉ नृपेंद्र पाठक, दुमका, अनुसंधान प्रकोष्ठ सह प्रमुख : डॉ पी0 के0 दादरिया, रांची, युवा आयाम , डॉ सुबोध कुमार, रांची, सह प्रमुख , डॉ पवन कुमार,रांची, सह प्रमुखः श्री निलेश कुमार शर्मा ,पलामू, विश्वविद्यालय इकाई : डॉ पार्वती मुंडू, रांची, प्रचार प्रमुख , डॉ अमृत कुमार, राँची, प्रचार सह प्रमुख : डॉ प्रशान्त जयवर्धन , रांची आदि।

## ईडी के सवालों का जवाब दें सीएम : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के द्वारा दिये गये छठे सम्मन पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सलाह दी है कि वे बिना देर किए ईडी द्वारा जारी छठे समन का सम्मान करें और बिना देर किए ईडी के सवालों का जवाब देने जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि राज्य का मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं करेगा तो फिर आम आदमी से इस संबंध में उम्मीद नही की जा सकती। मरांडी ने राज्यपाल से किया आग्रह, कहा- कानून का पालन नहीं करते हैं तो सख्त कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए।

# कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद नगदी पर लोकसभा में सांसद सेठ ने उठाया सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां से बरामद हुई नगदी को लेकर सांसद संजय सेठ ने आज लोकसभा में सवाल रखा। सांसद संजय सेठ के बोलते ही पूरे सदन में हंगामा हो गया। इस दौरान सांसद ने इस मुद्दे पर कांग्रेस, राहुल गांधी, सोनिया गांधी सबसे जवाब मांगा। भाजपा के सांसद भी संजय सेठ के साथ खड़े होकर जवाब मांगने लगे। सांसद ने लोकसभा में कहा कि यह मामला सिर्फ नगद बरामदगी का नहीं है बल्कि यह मामला राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। सांसद ने कहा कि जो झारखंड खनिजों के खदान के लिए जाना जाता है, उसे झारखंड को आईएनडीआई गठबंधन से जुड़ी झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार ने भ्रष्टाचार की खदान बना दिया है। 500 करोड रुपए की बरामदगी कोई छोटी बात नहीं है। उन्होंने सदन में यह बात भी रखी कि झारखंड में ईडी के अधिकारियों पर सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा है। और यह सब कुछ राज्य सरकार के द्वारा संपोषित भ्रष्टाचार से जुड़े लोगों के द्वारा किया जा रहा है। सांसद ने सदन में यह मांग की की राज्य में ईडी के अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गठबंधन की भ्रष्ट सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाए और इतने व्यापक पैमाने पर नगदी रखने वाले भ्रष्ट सांसद की तत्काल की रफ्तारी हो। सांसद श्री संजय सेठ ने कहा कि यह वास्तव में चिंता का विषय है कि कोई आदमी व्यवसाय की आड़ में इतनी बड़ी नगदी कैसे रख सकता है। कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलते, खोलते भ्रष्टाचार की खदान बनकर रह गई है। श्री सेठ ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट में ईडी के अधिकारियों ने जो हलफनामा दिया



है, वह चिंताजनक है। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतंत्र के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं है।

# निष्पक्ष पत्रकारिता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत : सरयू राय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नयी प्रदेश कमेटी का झारखंड विधान सभा सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य वक्ता विधायक सरयू राय ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णानंद भारती सहित सभी कमेटी के सभी पदधारियों को माला पहनाकर एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी एवं पत्रकार चंदन मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार श्याम किशोर चौबे, जेजेए संस्थापक शहनवाज हसन, निर्वाचन आयोग के अधिकारी संजय पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।इस अवसर पर भारतीय लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव में मीडिया की भूमिका पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया।सेमिनार को संबोधित करते हुए विधायक सरयू राय ने कहा कि चुनाव में पक्ष एवं विपक्ष की अपनी अपनी भूमिका होती है। मीडिया प्रबंधन के लिए राजनीतिक दल में भी टीम बन गयी है। अब किसी भी क्षेत्र में निष्पक्षता नहीं होती। ऐसे में पत्रकारिता और पत्रकार की निष्पक्षता कैसे बरकरार



रहे। इस पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है।यथार्थ का धरातल बदलता रहता है। विधायक सरयू राय ने कहा कि कोई भी पत्रकार या व्यक्ति अपने सिद्धांत पर कायम रहे तो इसे निष्पक्षता कहेंगे। झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के सह पदाधिकारी संजय पांडेय ने मीडिया की भूमिका को लेकर विस्तार से जानकारी दी। सेमिनार में वरिष्ठ पत्रकार श्याम किशोर चौबे ने भी निष्पक्षता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को समाज में समानता के लिए सभी सुविधा चाहिए। एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि अप्रैल 2024 में संसदीय चुनाव होना है उसके बाद राज्य में विधान सभा चुनाव होगा। इसमें निष्पक्षता को लेकर मीडिया की जिम्मेवारी बनती है।मंच का संचालन संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन ने किया।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना का लाभ नहीं देने के आरोप में गोड्डा की डीएसडब्ल्यूओ निलंबित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य सरकार ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) गोड्डा अनीशा कुजूर को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की कुछ लाभार्थी बालिकाओं द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष शिकायत की गई थी कि उन्हें उक्त योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया था और इसकी जांच का आदेश दिया था। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके अंतर्गत राज्य की योग किशोरियों के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विवाह उन्मूलन, स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। सरकार का मानना है कि योजना की लाभार्थी बालिकाओं को समय पर योजना का लाभ नहीं पहुंचाना जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गोड्डा द्वारा अपने दायित्व के प्रति लापरवाही एवं पूर्व में दिए गए सरकारी निर्देशों का उल्लंघन एवं उदासीनता को दर्शाता है। ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस संबंध में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में कुजूर का मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय दुमका रहेगा।

## विधायक अंबा प्रसाद के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को दिया खाद्य सामाग्री

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना क्षेत्र के किचटो पंचायत के बाराडीह निवासी चिंतामणि महतो की माता के निधन और पताल पंचायत के मेढ़ी कसियातरी निवासी चन्द्रवीर गंझु के निधन पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने दुःख प्रकट किया है।विधायक अंबा प्रसाद के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने दोनो पीडित परिवार के घर जाकर खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया।इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हैं। इसकी सूचना विधायक अंबा प्रसाद को दी गई,जिसके बाद उन्होंने दोनों के निधन पर दुःख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल खाद्य सामग्री प्रदान करने का निर्देश दिया गया।विधायक प्रतिनिधि ने दोनों पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री देकर शोक संवेदना प्रकट किया,साथ ही आगे भी हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर प्रखंड कार्यालय से भी मदद दिलाने का भरोसा दिया।इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## फसल बर्बाद को लेकर मुआवजा की मांग मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य किसान सभा ने तमिलनाडु से आए तुफान को लेकर 5 से 8 दिसंबर 2023 को झारखंड के किसानों के धान सहित अन्य फसलों की लाखों की बरबादी के लिए मुआवजा की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजा । तामिलनाडु से आए तुफान से रांची जिला के राहे, सोनाहातु, सिल्ली, अनगड़ा बुंडू, तमाड़,अंड़की, खिजरी सहित सरायकेला खरसावां जिला सहित उड़ीसा के बॉर्डर के सभी जिलों में किसानों के धान सहित अन्य फसलों की लाखों की बरबादी हुई है। झारखंड राज्य किसान सभा ने सरकार से शीघ्र तुफान से नुकसान का आकलन कर तुफान प्रभावित किसानों को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की है। झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजें ज्ञापन में तुफान प्रभावित किसानों पर्याप्त मुआवजा देने तथा किसानों को इस दुखद परिस्थिति से बचाने के लिए सरकार त्वरित कार्रवाई करते हुए किसानों को पर्याप्त मुआवजा देने की गारंटी करे। तुफान से झारखंड के किसान तबाह व बर्बादी झेल रहे हैं, व्यापक पैमाने पर तुफान के कारण धान अंकुरित हो कर सड़ रहा है। किसानों के सामने भयावह विकट परिस्थिति आ गया है।

## स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चिराग नर्सरी स्कूल मुरी में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि अशोक सिंह गवर्नमेंट ऑफ़ बिहार के डिप्टी डायरेक्टर मोहिउद्दीन खान झारखंड पर्यटन विभाग के सह सचिव अरविंद लाल, उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए गवर्नमेंट ऑफ़ बिहार के डिप्टी डायरेक्टर मोहिउद्दीन खान ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत की तो एक अलग ही उत्साह नजर आया। इस बीच कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार महतो ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शीवाद दिया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी सिल्ली उप प्रमुख आरती देवी,वरिष्ठ शिक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, विनीता टोप्पो, स्मिता साहू, रीतू शर्मा, काजल सिंह, मनीषा अनुप्रिया, बबीता ,रोशनी, समेत काफी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे।

## महावीर बेदिया के अध्यक्षता में बैठक

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को अमर शहीद जीतराम बेदिया जन्मोत्सव मनाने के लिए महावीर बेदिया के अध्यक्षता में एक बैठक किया गया । बैठक में अमर सहित जीतराम बेदिया जयंती समारोह का पूर्ण गठन किया । मेला का उद्घाटन 30 दिसंबर को किया जायेगा । मेला के अध्यक्ष रोहित बेदिया महेश बेदिया कोषाध्यक्ष रवि शंकर बेदिया उपाध्यक्ष साहिल लोहार सह सचिव विपता बेदिया मेला प्रभारी जीवधान बेदिया सोहरिया बेदिया उपस्थित थे । मेला के मुख्य संरक्षक महावीर बेदिया मज्योति देवी ( बिसा मुखिया ) दिलीप बेदिया ( पंचायत समिति जोन्हा ) संजय भोगता ( उप मुखिया बिसा ) सत्यदेव मुंडा ( भाजपा नेता ) मनेश्वर मुंडा ( पंचायत समिति बिसा ) संचालन अशोक बेदिया जयराम बेदिया सुरक्षा प्रभारी फागुराम बेदिया उपस्थित थे ।

## बरगड़ी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखण्ड के बरगडी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार अंचल अधिकारी हेमराज खलखो प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य के साथ प्रखंड के सभी कर्मी शामिल हुए इस दौरान कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा 432 अबुआ आवास का आवेदन कार्यक्रम के दौरान जमा किया। वहीं कई योजनाओं के साथ पेंशन योजना मनरेगा योजना कृषि योजना सहित छात्रवृत्ति योजना से संबंधित कई मामलों को लेकर आवेदन दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में आवेदनों का निष्पादन कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों के द्वारा निष्पादन किया गया कार्यक्रम के बाद कई योजनाओं से संबंधित विभागों के द्वारा परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। मौके पर मुखिया लक्ष्मण भगत पंचायत समिति सदस्य राजू खलखो सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## बिजली के तार से झुलसे व्यक्ति व घायल व्यक्ति से विधायक प्रतिनिधि ने की मुलाकात, दिया आर्थिक सहयोग

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक ने निजी अस्पताल में इलाजरत सुनील उरांव से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी की साथ ही उन्होंने डॉक्टरों से ठीक से इलाज करने का अनुरोध से बता दो की मांडर निवासी सुनील उराव अपने खेत में बेटे सॉन्ग धान की खेती देखने गए थे उसे बीच 11 हज़ार वोल्ट के तार के चपेट में आने से घायल हो गए वंही विधायक प्रतिनिधि ने चटवल निवासी मृतक कुदुस अंसारी के परिजनों से मिलकर आर्थिक सहयोग दिया और हर संभव मदद का भरोसा भी दिया।

## बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र की ग्रामीण और गांव का संपूर्ण विकास ही आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। जिसके लिए सरकार आपके गांव और दरवाजे तक आकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं का लाभ देने का प्रयास कर रही है। उक्त बातें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती ने बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत में सोमवार को आयोजित आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत सभा को संबोधित करते हुए कही।

# राजस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में डीएवी बचरा की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा की बैडमिंटन टीम ने धनबाद में संपन्न हुई राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाकर चैंपियन बना है।जानकारी के मुताबिक कोयलांचल के धनबाद में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले मे डीएवी बचरा ने निरजा सहाय डीएवी को 2-0 से हराकर खिताब पर जमाया कब्जा।डीएवी बचरा टीम की ओर से स्कूल के छात्र प्रियांशु तिवारी, अनीश कुमार,पीयूष कुमार तिवारी और आसिफ असलम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनी डीएवी बचरा की टीम अब दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेगी।राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनी डीएवी बचरा के बच्चों ने क्लस्टर स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।अब स्कूल के बच्चे दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारी में लगे हुए।बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित स्कूल के सभी शिक्षकों ने सफल बच्चों को बधाई दी है।स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी काफी जरूरी है।स्वस्थ शरीर के लिए खेल हमारे जीवन के लिए काफी अहम है।खेल के क्षेत्र में डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चे लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विभिन्न पंचायत में सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** प्रखंड के अंतर्गत चोरिया पंचायत के चोरिया गाँव में जल जीवन मिशन का, पिपराटोली में जितपहान उरांव के घर से मुस्तकीम अंसारी के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास ज़ो बहुत ही लम्बे समय से वहां की जनता की बहुप्रतिक्षित मांग था, साथ ही रोल पंचायत के बढ़ेंया गाँव में लोहरे उरांव के घर से पानी टंकी तक पीसीसी पथ का शिलान्यास स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के माध्यम से किया गया, शिलान्यास समारोह के पश्चात विधायक ने ग्रामीणों क़ो सम्बोधित किया और सरकार के चलाई जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं क़ो से आम जनों क़ो अवगत कराया, साथ अबुआ आवास जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं क़ो दिलाने के नाम पर बिचौलियो से बचने के बारे में भी उन्होंने विस्तार से अपनी बातों क़ो रखा, सभी जगहों पर सेकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बमने पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** प्रखंड के बमने पंचायत स्थित बमने स्कूल में सोमवार को बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' का आयोजन किया गया. मौके पर अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रवींद्र प्रसाद भी उपस्थित थे. 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला-पुरूष ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली एवं समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिया. इसके साथ ही बीडीओ लेखराज नाग, सीओ शिशुपाल आर्य, बीईईओ रवींद्र प्रसाद, मुखिया शिवनाथ मुंडा, पंचायत समिति सदस्य मनभावन लोहरा सहित उपस्थित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया. वहीं कार्यक्रम में लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित कुल 1951 आवेदन दिए जिनमें से 1177 आवेदनों का निष्पादन तत्काल शिविर में ही कर दिया गया जबकि अन्य आवेदनों को आगे की कारवाई के लिए अग्रसारित किया गया. कार्यक्रम में 85 जाति व 83 आय प्रमाण पत्र लोगों को दिया गया. वहीं मनरेगा अंतर्गत 55 नए जॉब कार्ड का वितरण किया गया, 153 लोगों को श्रम कार्ड दिया गया, 15वें वित्त आयोग के तहत 45 नई योजनाएं स्वीकृत की गई.इसके अलावा 107 आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ. वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में 153 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई. इस दौरान 160 लोगों को कंबल, 403 लोगों को धोती, साड़ी का वितरण किया गया. इसके साथ ही सर्वजन पेंशन के लिए 20 अवदेन, निर्वाचन संबंधित 35 अवोदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 07 आवेदन, सावित्री बाई फुले योजना के लिए 08 आवेदन, राशन कार्ड सुधार के लिए 53 आवेदन, आधार पंजियन 45 के अलावा अबुआ आवास योजना के लिए 400 एवं किसान क्रेडिट कार्ड के लिए 08 आवेदन सहित अन्य विभागों के लिए भी लाभुकों ने आवेदन दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रतिमा कुमारी, डॉ.संतोश, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस साबीर अंसारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गोपाल राम दास, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

## हुटाप एवं चूरी पश्चिमी पंचायत में विकसित भारत का संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड अंतर्गत हुटाप एवं चूरी पश्चिमी पंचायत में ÷विकसित भारत का संकल्प यात्रा÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यम की षुरूआत में विधायक समरी लाल का खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य के द्वारा पुश्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया. वहीं जेएसएलपीएस की दीदी द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया गया. जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने विकसित भारत की संकल्प यात्रा का संकल्प लिया. कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभुकों ने केन्द्र सरकार की योजनाओं से उन्हे कैसे लाभ मिला उसे बतलाया. इस दौरान कांके विधायक समरी लाल के द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तृत रूप जानकारी दी गई.वहीं अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी देने के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई. कार्यक्रम में मोबाइल वैन से जनसंपर्क हेतु केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी हेतु वीडियो और संदेश को दिखया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से हुटाप पंचायत मुखिया शिवरथ मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, प्रीतम साहु, शैलेन्द्र शर्मा, कृष्णा रजक, चतुर्गुण भुइयां, प्रखंड मुख्यालय से प्रखण्ड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता प्रवीण उरांव, लिपिक शिवम श्रीवास्तव, पंचायत सचिव महावीर महतो, जेएसएलपीएस से दीदी शांति एवं उनके सहयोगी सदस्य, हुटप पंचायत के सक्रिय मेट एवं ग्रामीणों उपस्थित थे.

## आगामी 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आगामी 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार का खूंटी जिले में आगमन प्रस्तावित है। इसी के निमित्त विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि आगामी 15 दिसंबर को हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार *÷आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार÷* कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। इसे लेकर सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ व दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें। साथ ही सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति के साथ करें। ताकि उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराया जाय। कार्यक्रम को लेकर कचहरी मैदान की पूरी साफ सफ़ाई सुनिश्चित कराने के निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत को दिए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-37/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :दिनांक 18.12.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :दिनांक 19.12.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक 19.12.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of D type Officer's Flat Quarter No.-3/18, 18 Set at Doranda, Ranchi | 758700.00 | 15200.00 | 1250.00 | Two Months |
| 2 | Renovation of ADJ Quarter No-44 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi | 738200.00 | 14800.00 | 1250.00 | Two Months |
| 3 | Renovation of C type Quarter No-1 of Block No.-2 at Audrey House, Ranchi | 586050.00 | 11800.00 | 1250.00 | Two Months |
| 4 | Renovation of JAP-1 Family Quarter Block No.-09/16 (1 Block 18 Units), Beside Nepal House, Doranda, Ranchi | 4511100.00 | 90300.00 | 5000.00 | Three Months |
| 5 | Renovation of Outer Surface C type (Block No.-3, 6 Unit) High Court Colony, Behind India Palace at Hinoo Ranchi | 917700.00 | 18400.00 | 1250.00 | Two Months |
| 6 | Renovation of D type Officer's Flat Quarter No.-10/18, 18 Set at Doranda, Ranchi | 506900.00 | 10200.00 | 1250.00 | Two Months |
| 7 | Renovation of C type Quarter No-09/11 (11 Set) at New Police Line, Kanke Road, Ranchi | 587700.00 | 11800.00 | 1250.00 | Two Months |
| 8 | Renovation of B type Quarter No-26 at Near Seth Sita Ram School Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 376250.00 | 7600.00 | 750.00 | One Month |
| 9 | Renovation of C type Quarter No.-28/30 at Hinoo, Ranchi | 564450.00 | 11300.00 | 1250.00 | Two Months |
| 10 | Renovation of Outer Surface C type (Block No-1, 6 Unit) High Court Colony, Behind Indira Place at Hinoo Ranch (High Court Pool) | 914650.00 | 18300.00 | 1250.00 | Two Months |
| 11 | Renovation of E type Quarter No-4/8 (Office of State Police Complaint Authority) at Hinoo, Ranchi | 2704300.00 | 54100.00 | 5000.00 | Three Months |
| 12 | Renovation of B type Quarter No.-48/124 at Doranda, Ranchi | 394355.00 | 7900.00 | 750.00 | Two Months |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची

PR313173 (Building)23-24*D



**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, रॉची**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/59/2023-24 दिनांक- 11/12/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | ए0 जी0 मोड, डोरण्डा, रॉची स्थित माननीय न्यायाधीश बंगला सं0 1/19 मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति स्वीच, सॉकेट, फिटिंग, दिवाल पंखा के अतिरिक्त एवं बदलीकरण एवं बगीचा लाईट गेट लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 17,18,102=00 | 5,000=00 | 35,000=00 | 28 दिन |
| II | व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के परिसर स्थित सुरक्षा लाईट एवं बगीचा लाईट के बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य। | 29,64,838=00 | 5,000=00 | 60,000=00 | 28 दिन |
| III | अनुमंडल कार्यालय बरही, हजारीबाग के द्वितीय तल्ला के विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 13,08,020=00 | 2,500=00 | 27,000=00 | 28 दिन |
| IV | रातु रोड रॉची स्थित C type आवास सं0 19, 21, 27, 28, 29 एवं D type आवास सं0 7/11, आवास सं0-3 पी0 ए0 फ्लैट सं0 1/4 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 10,22,843=00 | 2,500=00 | 21,000=00 | 21 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.12.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 20.12.2023 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 26.12.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 27.12.2023 को 12.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

**Note :-** Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) in to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 313190 Energy (23-24)_D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
नया समाहरणालय भवन, **Ground Floor (B-002)**, हजारीबाग - 825301
***Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com***

**अपील**

**(एक भी बच्चा छूटने न पाए। सभी 3-18 वर्ष के बच्चों का नाम शिशु पंजी में दर्ज हो पाए)**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत् 6-14 आयु वर्ग के बच्चों को निःशुल्क प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने का मौलिक अधिकार प्रदत्त है। साथ ही 3-5 आयु वर्ग के बच्चों के लिए पूर्व प्राथमिक कक्षा एवं 5-18 आयु वर्ग तक के बच्चों को भी विद्यालय से जोड़ना समग्र शिक्षा अभियान की प्राथमिकताओं में है। उपरोक्त सभी आयु वर्ग (3-18 तक) के सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदत्त करने हेतु हम सतत् प्रयासरत हैं परन्तु अभी भी ऐसे कई बच्चे हैं, जो विद्यालय नियमित नहीं जाते हैं या विद्यालय छोड़ चुके हैं। इन बच्चों को चिह्नित कर इन्हें विद्यालय से जोड़ना अति आवश्यक है। इस प्रयास की कड़ी में झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा 3-18 आयु वर्ग के बच्चों के विद्यालय में नामांकित होने/अनामांकित होने/ड्रॉप आउट तथा विद्यालय से बाहर रहने संबंधी जानकारी लेने हेतु पूरे राज्य में दिनांक- 22.11.2023 से शिशु पंजी अद्यतन एवं हाउस होल्ड सर्वे कार्य निःशुल्क किया जा रहा है। इस कार्य के तहत् विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं शिक्षा विभाग के प्रखण्ड साधन सेवी/संकुल साधन सेवी/रिसोर्स शिक्षक/फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा पोषक क्षेत्र के प्रत्येक परिवार में जाकर 3-18 आयु वर्ग के बच्चों के संबंध में जानकारी ली जायेगी एवं डाटा का संधारण किया जायेगा। इसके आधार पर सरकार को राज्य में शिक्षा संबंधी आवश्यक नीति निर्माण एवं योजना तैयार करने में सहयोग मिलेगा।

अतः पोषक क्षेत्र के सभी भाईयों एवं बहनों/अभिभावकों/प्रबुद्धगण/ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवा वर्ग/पत्रकार बंधु/माननीय जनप्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील है कि शिशु पंजी को अद्यतन एवं हाउस होल्ड सर्वे करने वाले शिक्षक/शिक्षिका तथा प्रखण्ड साधन सेवी/संकुल साधन सेवी/रिसोर्स शिक्षक/फिजियोथेरेपिस्ट (सर्वेक्षणकर्त्ता) को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। उक्त कार्य हेतु सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (जिसमें कोई भी प्रारंभिक या माध्यमिक कक्षाएं साथ में संचालित हो) के शिक्षक/शिक्षिका निर्धारित तिथियों में घर-घर जाकर सर्वे एवं समेकन का कार्य सुनिश्चित करेंगे।

यदि पोषक क्षेत्र के किसी परिवार का सर्वे करने हेतु कोई सर्वेक्षणकर्त्ता नहीं पहुँचता है, तो इसकी सूचना प्रखण्ड संसाधन केन्द्र/जिला कार्यालय में दे सकते हैं।

आइये हमसब मिलकर राज्य में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने हेतु इस कार्यक्रम में जुड़कर विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और अपने सामाजिक दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें।

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष
झा0शि0प0, हजारीबाग।

PR 313220 School Education and Literacy(23-24)D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## एमवे इंडिया का ग्लिस्टर मल्टी एक्शन टूथपेस्ट लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमवे इंडिया ने कई लाभों के साथ एकदम नए ग्लिस्टर मल्टी-एक्शन टूथपेस्ट को लॉन्च किया। एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहा, पांच दशकों से अधिक की विरासत के साथ ग्लिस्टर उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार विकसित हुआ है। हमारी नवीनतम पेशकश ग्लिस्टर मल्टी-एक्शन टूथपेस्ट का उद्देश्य कई लाभ प्रदान करते हुए आप की ओरल केयर माइक्रोबायोम के नाजुक संतुलन का




पोषण और समर्थन करना है, जैसे कि - इनेमल की सफेदी को 42ः तक बढ़ाना, 12 घंटों के लिए सांस को तरोताजा करना, प्लाक को कम करना, इसके स्वाद में पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल होता है, जो न्यूट्रीलाइट सॉर्स्ड/सर्टिफाइड है, जो सांसों को ताजा करने में मदद करता है और पौधे-आधारित गुणों से भरपूर होता है। ग्लिस्टर मल्टी-एक्शन टूथपेस्ट और ग्लिस्टर मल्टी-एक्शन टूथपेस्ट हर्बल्स की कीमत प्रति 200 ग्राम के पैक के लिए क्रमशः 322 और 333 रुपए है। इसके अलावा खरीदने में सुगमता प्रदान करने के लिए ये उत्पाद 50 ग्राम के पैक में भी उपलब्ध हैं।

## जुमाल पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर में 553 आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के जुमाल पंचायत भवन परिसर मे पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनु कुमार मिश्र, प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर



कोड़ाह, अंचलाधिकारी हरिश्चंद्र मुंडा,प्रखंड उप प्रमुख सुमना देवी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुप्रिया शर्मा,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार तियु, ग्राम प्रधान बरषा टुडू ने संयुक्त ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के 21 स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में कुल 1268 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 553 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।कार्यक्रम में जुमाल पंचायत मुखिया लखिन्द्र बेसरा,पंचायत समिति सदस्य, ग्राम प्रधान,बार्ड सदस्य, प्रदीप बेसरा,कैलाश पति उरांव, श्रीकांत सरदार, अर्जुन मार्डी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## चक्रधरपुर से यात्री रेल गाड़ियों का नियमित परिचालन को भाजपा नेता ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत सवारी गाड़ीयो का घोर अभाव देखा जा रहा है। कोरोनाकाल के पूर्व जितनी गाड़ियां चला करती थी उतनी अब नहीं चल रही है आम यात्रियों के सुविधा एवं रेल हितार्थ भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पांडे ने कई गाड़ियों का परिचालन प्रतिदिन करने की मांग रेल मंत्री को पत्र लिखकर की है जिसमे टाटा बेंगलुरु एक्सप्रेस, टाटा यशवंतपुर एक्सप्रेस, टाटा एर्नाकुलम एक्सप्रेस, आनंद विहार एक्सप्रेस भुवनेश्वर से नई दिल्ली भाया चक्रधरपुर, राजधानी तेजस एक्सप्रेस भुवनेश्वर से नई दिल्ली भाया चक्रधरपुर आदि का परिचालन प्रतिदिन किया जाए।

## सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक गंभीर

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य सड़कों पर आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सड़क सुरक्षा संबंधी विविध माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार के निर्देशानुसार सोमवार को



सरायकेला कांड्रा मुख्य सड़क पर बेतरतीबी से सड़क पर खड़े कई भारी मालवाही वाहनों के चालान काटे गए। मिली जानकारी अनुसार प्रतिदिन की तरह दुगनी से जीवनपुर तक कई जगह बड़े-बड़े ट्रक एवं ट्रैक्टरों की लंबी कतारें खड़ी कर दी गई थी। कुछ लोगों ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार को सड़क पर खड़े ट्रक एवं ट्रेलर की फोटो के साथ इसकी सूचना दी। पुलिस अधीक्षक ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सरायकेला थाना एवं यातायात पुलिस निरीक्षक को खड़े ट्रक एवं ट्रेलर को आवश्यक कार्रवाई करते हुए हटाने का आदेश दिया।यातायात पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सड़क पर जो वाहन गलत तरीके से खड़े किए गए थे उन्हें जुर्माना करते हुए चेतावनी देकर वाहनों को हटाया गया।

## आचार्य रजनीश ओशो के 92वां जन्मदिन पर सत्संग एवं ध्यान का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आचार्य रजनीश ओशो के 92वां जन्मदिन के उपलक्ष पर ओशोधारा बिष्टुपुर केंद्र में सत्संग एवं ध्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक कटिंग एवं सेलिब्रेशन के साथ की गई। कार्यक्रम में स्वामी अजय, आचार्य



सुशील दुबे, आचार्य मनोज महापात्रा, मां पूजा एवं अन्य सन्यासी मित्र मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वामी अजय जी ने ओशो की देशना जोरबा दि बुद्धा पर अपने विचार व्यक्त किए और उन्होंने जीवन में ध्यान के महत्व पर जोर दिया एवं जीवन में निरंतर ध्यान करने के लिए प्रेरित किया।

# सांसद धीरज साहू बड़े व्यवसायी हैं, उनके पास इतने पैसे मिलना बड़ी बात नहीं : चंपई सोरेन

**- भाजपा ने 11 लाख से भी अधिक राशन कार्ड को रद्द कर गरीबों का छीना था निवाला**

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गम्हरिया :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू एक बड़े व्यवसाय हैं, उनके पास इतने पैसे मिलना बड़ी बात नही है। कारोबार से जुड़े उनके पैसे एजेंसी द्वारा ज़ब्त किए जा रहे हैं। इसकी जांच चल रही है जिसमें साफ हो जाएगा। उपरोक्त बातें राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के दौरान कही। वे सोमवार को गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत यशपुर पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस मौके पर आयोजित शिविर का मंत्री चंपई सोरेन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया।मंत्री ने कहा कि झारखंड पूरे देश का इकलौता राज्य है, जहां की सरकार खुद चलकर गांव से लेकर शहर तक आम जनमानस के बीच पहुंच रही है। सरकार के सभी लोक कल्याणकारी योजना का लाभ देने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुरूआत किया गया है। उन्होंने कहा कि युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि गांव के लोग योजना का लाभ लेने, जिला मुख्यालय तक आने में असमर्थ हैं। ऐसे में सरकार खुद उनके पास चलकर आ रही है और योजनाओं का लाभ दिला रही है। मंत्री ने पूर्व के भाजपा सरकार पर निशान साधते हुए कहा कि 20 साल तक झारखंड में राज्य करने वाले भाजपा सरकार ने लोगों को ठगने का काम किया। डबल इंजन की सरकार के नाम पर लोगों को विकास से दूर रखा गया। कहा कि पूर्व की सरकार ने 11 लाख से भी अधिक राशन कार्ड को रद्द कर गरीबों का निवाला भी छीन लिया। इस मौके पर चंपई सोरेन ने लाभुकों के बीच कल्याणकारी सरकारी योजनाओं का लाभ और परिसंपत्तियों का भी वितरण किया।इस मौके पर जिला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, एडीसी सुबोध कुमार, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सीके गोराई, मंत्री के निजी सहायक चंचल गोस्वामी समेत सभी विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## पटमदा पंचायत में आयोजित शिविर में विधायक ने किसानों में बांटे पंप सेट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय के समीप मैदान में सोमवार को आपकी योजना-आपकी सरकार -आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी व विशिष्ट अतिथियों में जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व खगेन चंद्र महतो शामिल हुए। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार आवास योजना से वंचित लोगों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू किया है। उन्होंने योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए लोगों को संबंधित स्टॉलों में आवेदन पत्र जमा करने की अपील की है। मौके पर विधायक ने सोना सोबरन धोती-साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों को साइकिल, किसानों को पंप सेट व महिला समूहों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर उप प्रमुख श्रीदेवी माझी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज, सीओ चंद्रशेखर तिवारी, सीडीपीओ नीतू कुमारी, मुखिया परमेश्वर सिंह, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हाथियों के झुंड का तांडव जारी, कब्रिस्तान के बाउंड्री को गिराया, लोग दहशत में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। करीब 50 हाथियों का झुंड कुटाम, पिलीद आदि जंगलों में विचरण कर रहा है। रात होते ही गांवों के खेतों, चारदीवारी आदि को नष्ट कर रहा है। वन विभाग के लाख कोशिशों के बावजूद हाथीयों का झुंड क्षेत्र से जाने का नाम नही ले रहा है। वहीं डुमरा गांव में सोमवार की अहले सुबह करीब 2 बजे हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए सांड़ मछुआ, गणेश दत्ता सहित कई किसानों का खेतों में कटे व खड़े धानों को रौंदकर नष्ट कर दिया। वहीं हाथीयों ने कल्याण विभाग से वर्षो पहले बना कब्रिस्तान का चारदीवारी को चारों ओर से तोड़कर जमीनदोज कर दिया। वहीं हाथीयों द्वारा धान व कब्रिस्तान को नष्ट करने की सुचना पर वन रक्षी कैलाश महतो गांव पहुंचे व क्षति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को मुआवजा के लिए आवेदन जमा करने की बात कही ।

## हेंसल में भाजपा कार्यकर्ताओ ने धूमधाम से मनाया खिरोद महतो का बर्थडे




प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** सोमवार की शाम राजनगर प्रखंड के हेंसल में भाजपा प्रखंड पूर्वी के मंडल अध्यक्ष खिरोद महतो का 39वाँ जन्मदिन बड़े धूमधाम से केक काट कर मनाया गया। जहां भाजपा प्रखंड पूर्वी के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने अपने प्रखंड अध्यक्ष को शुभकामये दी,अंग वस्त्र देकर उनका सम्मान किया। इस मौके भाजपा एस टी मोर्चा जिला महामंत्री सोमनाथ सोरेन, जिला मंत्री कुबेर कांत षाडंगी, उज्वल मोदक, पवित्र महाकुड़, अमरनाथ गोप, शंकर सरदार, अर्जुन महतो, शिवदुलाल आचार्य,अजीत मंडल, अजय गोप, कृष्णा सरदार, भरत महाकुड़, लालमोहन महतो, कार्तिकेश्वर महाकुड़, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पोंडाकाटा पंचायत में खरसावां विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के पोंडाकाटा पंचायत के फुटबॉल मैदान में लगे सरकार आपके द्वार शिविर में खरसावां विधायक दशरथ गागराई शामिल होने पहुंचे। इस दौरान खरसावां विधायक ने प्रखंड के पदाधिकारीयों के साथ राज्य सरकार के कई योजनाओं के तहत विभिन्न विभाग के योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। शिविर में मुख्य रूप से आईटीडीए निदेशक संदीप दोराईबुरु, बीडीओ साधुचरण देवगम, जिप सदस्य जींगी हेंब्रम, प्रमुख गुड्डी देवी, बीटीएम राजेश कुमार, बीपीओ कुंदन बाजपेई, आवास कोऑर्डिनेटर बिना बांकिर, सुबोध टुडू पंचायत समिति सदस्य मनीका महतो, मुखिया अनुराधा उरांव, मुखिया करम सिंह मुंडा, मुखिया राम सोय, मुखिया लुदरी हेंब्रम, समाजसेवी मुन्ना सोय, धर्मेंद्र सिंह मुंडा, कनिय अभियंता सुमित कवि, मनोरंजन माझी, पंचायत सचिव राजकुमार साहू, देवराज पात्र आदि उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उठा झिमड़ी पंचायत में वर्षो से लंबित प्रोजेक्ट का मामला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमड़ीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी पंचायत में करोड़ों रुपए की लागत से बनी कई परियोजनाएं वर्षो से लंबित पड़ा हुआ है। सरकार-आपकी द्वारा कार्यक्रम के तहत झिमड़ी पंचायत परिसर में इन मुद्दों को उठाया गया। झिमड़ी के समस्त छात्र युवाओं के द्वारा स्थानीय विधायक सविता महतो तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से जिले के उपायुक्त को इन समस्याओं को अवगत कराने हेतु ज्ञापन पत्र सौंपा गया। ज्ञापन में वर्षो से लंबित पड़ी योजनाओं में से एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन, झिमड़ी स्टेडियम, उप स्वास्थ्य केंद्र, तहसील कचहरी आदि का



निर्माण अधूरा पड़ा है। मौके पर युवा छात्र चिरंजीत महतो, हेमंत महतो, साधन महतो, अंगद महतो, धनपति महतो, विकाश महतो, अजय महतो, सुशांत महतो, कर्ण महतो, लुलु महतो, समर महतो, चंदन कुमार महतो , आदित्य महतो सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## नकटी में शहीद मछुआ गागराई का मना 34वां शहादत दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** कराईकेला थाना के नकटी बाजार परिसर में रविवार को शहीद मछुआ गागराई का 34वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद मछुआ गागराई के स्मारक स्थल पर समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई, झारखंड आंदोलनकारी श्याम गागराई, मुखिया मिथुन गागराई, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष दोडाय जोंको, कालिया जामुदा, अभिनाश पूर्ति समेत शहीद मछुआ गागराई की धर्म पत्नी रान्दो कुई, पुत्र



सिकंदर गागराई, तुलसी गागराई, संग्राम गागराई, सुनील लागुरी, राजेंद्र मेलगांडी समेत अन्य लोगों ने फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर शहीद मछुआ गागराई की धर्मपत्नी एवं पुत्र को शॉल ओढ़ कर एवं पूरे परिवार को धोती साडी देकर सम्मानित किया गया।

## आधुनिक पावर ने जागरूकता रैली निकाल दिया ऊर्जा संरक्षण का सन्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के मौके पर कांड्रा के पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड की ओर से कंपनी परिसर में एक जागरूकता रैली निकाल कर ऊर्जा संरक्षण का सन्देश दिया गया। इस अवसर पर कंपनी के कर्मचारियों और अधिकारियों ने %बिजली बचाओ, देश को विकसित बनाओ जैसे नारे लगाकर लोगों से ऊर्जा संरक्षण की अपील किया। रैली पूरे कंपनी परिसर का भ्रमण कर महादेव उद्यान में संपन्न हुई जहाँ कंपनी के अधिकारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण की शुरुआत अपने-अपने घरों से होनी चाहिए।कंपनी के अन्य अधिकारियों में मुख्य रूप से एमएन सिंह, राजेश कुमार शर्मा, संजीव चौधरी, एनएसपी राव,



अमल बैद्य, अजय बांगड़े, कमलेश कुमार आदि ने भी अपना-अपना विचार साझा किया। इस दौरान कर्मचारियों और संवेदकों के कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। उन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समापन समारोह के अवसर पर आगामी 14 दिसंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

## मोलाडीह एफसी ने ब्रेकअप एफसी को हराकर बना चैम्पियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** भीखरसावां प्रखंड अंतर्गत जोजोडीह फुटबॉल मैदान में सारना मार्सल क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मैच मोलाडीह एफसी व ब्रेकअप एफसी जरगीडीह के बीच खेला गया, जिसमें मोलाडीह एफसी की टीम विजेता रही। विजेता टीम को एक लाख एवं उपविजेता रहे जारगीडीह की टीम को 70 हजार रुपए नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं तीसरे स्थान आर्मी एफसी तीसरे स्थान पर रही जबकि चौथे स्थान पर मजदूरी एफसी मोलाडीह की टीम है। इस प्रतियोगिता में



कोल्हान प्रमंडल के साथ उड़ीसा बंगाल से कुल 48 टीमों ने हिस्सा लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खरसावां विधायक दशरथ गागराई शामिल हुए। मौके पर बीडीओ प्रधान माझी, प्रमुख मनेन्द्र जामुदा, पंचायत के मुखिया मंगल सिंह जामुदा, थाना प्रभारी पिंटू महथा, बासंती गागराई, सिकंदर जामुदा, गारदी सोय, दिनेश केराई, अजय सामड, सोमचंद मुर्मू, संजय हेम्ब्रम, रानी बानरा दिलीप केराई आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्य धारा में शामिल करने का किया ऐतिहासिक काम : गुंजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्य धारा में जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। उच्चतम न्यायालय की तरफ से आज लंबी बहस के बाद केंद्र सरकार के फैसले को सही बताते हुए उच्चतम न्यायालय ने सरकार के साहसिक फैसले पर मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि



कांग्रेस द्वारा जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाने वाले फैसले का देश ने लंबे समय तक संताप झेला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्य धारा में शामिल करने का ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कांग्रेस की गलतियों को पीएम मोदी ने सुधारा : प्रेम :-** सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भाजपा जमशेदपुर महानगर प्रवक्ता प्रेम झा ने स्वागत करते हुए कहा कि 5 अगस्त, 2019 और आज की तारीख भारत के इतिहास में दर्ज की जाएगी जब कांग्रेस की संवैधानिक भूल को अंततः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने सुधार किया है।

# मानवाधिकार की रक्षा और उसका इस्तेमाल हमारी प्राथमिकता : रामदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड मानव अधिकार संघ की ओर से अंतरराष्टीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को चांडिल सिंहभूम कॉलेज में मानवाधिकार की रक्षा, सूचना का अधिकार और छात्रों की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ के पूर्व डीएसपी सह दिल्ली के मानवाधिकार कार्यकर्ता रामदेव सिंह, मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, वक्ता के रूप में आरटीआई संघ के अध्यक्ष दिल बहादुर और 1974 छात्र संघ आंदोलन से जुड़े रहे राजेंद्र



यादव, झारखंड मानवाधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार कीनू, आरटीआई एक्टिविस्ट सदन ठाकुर शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि रामदेव सिंह ने कहा कि मानवाधिकार की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। एक व्यक्ति का क्या अधिकार है उसे यह जानना इसके प्रति जागरूक करना बहुत ही जरूरी है।मनोज सिंह ने कहा कि मानव अधिकार की रक्षा के लिए और जन जन तक इसके संदेश को पहुंचाने के लिए छात्र और युवाओं को आगे आना होगा। आरटीआई संघ के अध्यक्ष दिल बहादुर ने कहा की आज यहां संकल्प लेने का दिन है कि हम सभी अपने अधिकार के प्रति सचेत रहे। सभी को शिक्षा व समानता का अधिकार मिले ये हम सभी का उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी असमानता और दमन की स्थिति है। कार्यक्रम का संचालन झारखंड मानवाधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार कीनू ने किया। इस दौरान चांडिल कॉलेज के छात्र और युवा मौजूद रहे।

संपादकीया


## जनादेश के निहितार्थ

**राज्यों** के विधानसभा चुनावों के जनादेश प्रमुख तौर पर भाजपा के नाम ही रहे। पार्टी ने उत्तर भारत के दो बड़े और प्रमुख राज्यों-मध्यप्रदेश और राजस्थान-में जनादेश हासिल किया है। मप्र में तो 160 से अधिक सीट जीत कर भाजपा को 'प्रचंड बहुमत' मिला है, जबकि राजस्थान में 110 से अधिक सीटों का स्पष्ट बहुमत कमतर नहीं है। इसे भाजपा के पक्ष में सत्ता की लहर माना जा सकता है, क्योंकि ये जनादेश अनपेक्षित और अप्रत्याशित हैं। यह जनादेश प्रधानमंत्री मोदी, 'कमल' और पार्टी काडर के नाम भी रहा, क्योंकि दोनों ही राज्यों में भाजपा ने 'मुख्यमंत्री का चेहरा' पेश नहीं किया था। सामूहिक संठन ने एकजुट होकर चुनाव लड़े थे।


पार्टी ने उत्तर भारत के दो बड़े और प्रमुख राज्यों-मध्यप्रदेश और राजस्थान-में जनादेश हासिल किया है। मप्र में तो 160 से अधिक सीट जीत कर भाजपा को 'प्रचंड बहुमत' मिला है, जबकि राजस्थान में 110 से अधिक सीटों का स्पष्ट बहुमत कमतर नहीं है। इसे भाजपा के पक्ष में सत्ता की लहर माना जा सकता है, क्योंकि ये जनादेश अनपेक्षित और अप्रत्याशित हैं। यह जनादेश प्रधानमंत्री मोदी, 'कमल' और पार्टी काडर के नाम भी रहा, क्योंकि दोनों ही राज्यों में भाजपा ने 'मुख्यमंत्री का चेहरा' पेश नहीं किया था। सामूहिक संठन ने एकजुट होकर चुनाव लड़े थे। राजस्थान में सत्ता का रिवाज नहीं बदला जा सका और कांग्रेस की 'गारंटियां' भी जनता ने खारिज कर दीं। खासकर 50 लाख रुपए की 'चिरंजीवी' स्वास्थ्य योजना पर जनता ने भरोसा नहीं किया, क्योंकि राज्य का बजट ही बेहद कम है। तो 8 करोड़ राजस्थान वासियों को मुफ्त इलाज की गारंटी कैसे संभव थी? इसकी तुलना में 'प्रधानमंत्री की गारंटी' पर सभी राज्यों की जनता ने भरोसा किया। हालांकि ये तमाम गारंटियां 'मुफ्तखोरी' की श्रेणी में ही आती हैं। बौद्धिक विशेषज्ञों की एक जमात 'मुफ्त की रेवडियों' को भी उचित मानती है। उसकी दलील है कि सरकार का बुनियादी दायित्व 'कल्याणकारी योजना' का है और गरीब आदमी की पहली अपेक्षा सरकार से ही होती है।


राजस्थान में सत्ता का रिवाज नहीं बदला जा सका और कांग्रेस की 'गारंटियां' भी जनता ने खारिज कर दीं। खासकर 50 लाख रुपए की 'चिरंजीवी' स्वास्थ्य योजना पर जनता ने भरोसा नहीं किया, क्योंकि राज्य का बजट ही बेहद कम है। तो 8 करोड़ राजस्थान वासियों को मुफ्त इलाज की गारंटी कैसे संभव थी? इसकी तुलना में 'प्रधानमंत्री की गारंटी' पर सभी राज्यों की जनता ने भरोसा किया। हालांकि ये तमाम गारंटियां 'मुफ्तखोरी' की श्रेणी में ही आती हैं। बौद्धिक विशेषज्ञों की एक जमात 'मुफ्त की रेवडियों' को भी उचित मानती है। उसकी दलील है कि सरकार का बुनियादी दायित्व 'कल्याणकारी योजना' का है और गरीब आदमी की पहली अपेक्षा सरकार से ही होती है। राजस्थान में 'सांप्रदायिक रक्तपात' और 'सर तन से जुदा..' सरीखे मुद्दों ने भाजपा के पक्ष में धुरवीकरण को गति दी और तुष्टिकरण के खिलाफ वोट पड़े। नतीजतन मेवाड़, मारवाड़, जयपुर आदि क्षेत्रों में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की। छत्तीसगढ़ का जनादेश सबसे ज्यादा चौंकाने वाला रहा। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने माना है कि इतने व्यापक 'अंडर करंट' का एहसास भाजपा को भी नहीं था। बहरहाल छत्तीसगढ़ में सत्ता-परिवर्तन हो रहा है और भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। यह लिखने तक मुख्यमंत्री बघेल और उनके अधिकतर मंत्री चुनाव हार रहे थे। भाजपा को 50 से अधिक सीटें मिल रही हैं, जबकि बहुमत का आंकड़ा 46 है। 2018 के जनादेश की तुलना में कांग्रेस 'आधी' से भी कम हो गई है। यह बेहद गंभीर पराजय है। जनता के इस मूड को कोई भी 'एग्जिट पोल' और विश्लेषण भांप नहीं पाया। देश में सबसे ज्यादा आदिवासी छत्तीसगढ़ में रहते हैं और मप्र में इनकी 21 फीसदी आबादी है। दोनों ही राज्यों में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की है। मप्र और राजस्थान के जनादेश इसलिए भी महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां लोकसभा की क्रमशः 29 और 25 सीटें हैं। जनादेश से स्पष्ट है कि 2024 के आम चुनाव की लहर भाजपा के पक्ष में बह रही है। मप्र में बीते 18 साल से भाजपा सत्तारूढ़ है। उसके बावजूद दो-तिहाई बहुमत हासिल हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 60,000 से अधिक वोट से आगे थे। जनादेश से दो निष्कर्ष बिल्कुल स्पष्ट हैं। एक तो सत्ता-विरोधी लहर नहीं थी। दूसरे, जनता भाजपा सरकार की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन को लेकर आश्वस्त है। राजस्थान, मप्र और छत्तीसगढ़ में करीब 50 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। कमोबेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की 1.31 करोड़ 'लाडली बहनों' ने ऐसा जनादेश देकर स्पष्ट कर दिया है कि अब जनाधार किस दिशा में काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के जरिए जो 'लाभार्थी समूह' तैयार किया है, वह भी पूरी तरह भाजपा के पक्ष में वोट कर रहा है। बहरहाल कांग्रेस के लिए एकमात्र राजनीतिक हासिल यह रहा है कि तेलंगाना में उसकी सरकार बन रही है। वहां चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी 'बीआरएस' 10 साल की सत्ता के बाद विदाई लेंगे। जनादेश वहां के मुसलमानों के नाम भी रहा, जिनके करीब 83 फीसदी मतदाताओं ने कांग्रेस को ही वोट दिए।

# सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 पर अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा



**नरेन्द्र मोदी**
भारत के प्रधानमंत्री

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है, जिसे प्रत्येक भारतीय द्वारा सदैव संजोया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना पूरी तरह से उचित है कि 5 अगस्त 2019 को हुआ निर्णय संवैधानिक एकीकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया था, न कि इसका उद्देश्य विघटन था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तथ्य को भी भलीभांति माना है कि अनुच्छेद 370 का स?वरूप स्थायी नहीं था। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की खूबसूरत और शांत वादियां, बर्फ से ढके पहाड़, पीढ़ियों से कवियों, कलाकारों और हर भारतीय के दिल को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं। यह एक ऐसा अद्भुत क्षेत्र है जो हर दृष्टि से अभूतपूर्व है, जहां हिमालय आकाश को स्पर्श करता हुआ नजर आता है, और जहां इसकी झीलों एवं नदियों का निर्मल जल स्वर्ग का दर्पण प्रतीत होता है। लेकिन पिछले कई दशकों से जम्मू-कश्मीर के अनेक स्थानो पर ऐसी हिंसा और अस्थिरता देखी गई, जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। वहां के हालात कुछ ऐसे थे, जिससे जम्मू-कश्मीर के परिश्रमी, प्रकृति प्रेमी और स्नेह से भरे लोगों को कभी भी रू-ब-रू नहीं होना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्यवश, सदियों तक उपनिवेश बने रहने, विशेषकर आर्थिक और मानसिक रूप से पराधीन रहने के कारण, तब का समाज एक प्रकार से भ्रमित हो गया। अत?यंत बुनियादी विषयों पर स्पष्ट नजरिया अपनाने के बजाय दुविधा की स्थिति बनी रही जिससे और ज्यादा भ्रम उत्पन्न हुआ। अफसोस की बात यह है कि जम्मू-कश्मीर को इस तरह की मानसिकता से व?यापक नुकसान हुआ। देश की आजादी के समय तब के राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरुआत करने का विकल्प था। लेकिन तब इसके बजाय उसी भ्रमित समाज का दृष्टिकोण जारी रखने का निर्णय लिया गया, भले ही इस वजह से दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करनी पड़ी। मुझे अपने जीवन के शुरुआती दौर से ही जम्मू-कश्मीर आंदोलन से जुड़े रहने का अवसर मिला है। मेरी अवधारणा सदैव ही ऐसी रही है जिसके अनुसार जम्मू-कश्मीर महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं था, बल्कि यह विषय समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नेहरू मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण विभाग मिला हुआ था और वे काफी लंबे समय तक सरकार में बने रह सकते थे। फिर भी, उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर मंत्रिमंडल छोड़ दिया और आगे का कठिन रास्ता चुना, भले ही इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। लेकिन उनके अथक प्रयासों और बलिदान से करोड़ों भारतीय कश्मीर मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़ गए। कई वर्षों बाद अटल जी ने श्रीनगर में एक सार्वजनिक बैठक में 'इंसानियत', 'जम्हूरियत' और 'कश्मीरियत' का प्रभावशाली संदेश दिया, जो सदैव ही प्रेरणा का महान स्रोत भी रहा है। मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ हुआ था, वह हमारे राष्ट्र और वहां के लोगों के साथ एक बड़ा विश्वासघात था। मेरी यह भी प्रबल इच्छा थी कि मैं इस कलंक को, लोगों पर हुए इस अन्याय को मिटाने के लिए जो कुछ भी कर सकता हूँ, उसे जरूर करूँ। मैं हमेशा से जम्मू-कश्मीर के लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए काम करना चाहता था।सरल शब्दों में कहें तो, अनुच्छेद 370 और 35 (ए) जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के सामने बड़ी बाधाओं की तरह थे। ये अनुच्छेद एक अटूट दीवार की तरह थे तथा गरीब,वंचित, दलितों-पिछड़ों-महिलाओं के लिए पीड़ादायक थे। अनुच्छेद 370 और 35(ए) के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को वह अधिकार और विकास कभी नहीं मिल पाया, जो उनके साथी देशवासियों को मिला। इन अनुच्छेदों के कारण, एक ही राष्ट्र के लोगों के बीच दूरियां पैदा हो गई। इस दूरी के कारण, हमारे देश के कई लोग, जो जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को हल करने के लिए काम करना चाहते थे, ऐसा करने में असमर्थ थे, भले ही उन लोगों ने वहां के लोगों के दर्द को स्पष्ट रूप से महसूस किया हो।एक कार्यकर्ता के रूप में, जिसने पिछले कई दशकों से इस मुद्दे को करीब से देखा हो, वो इस मुझे मुद्दे की बारीकियों और जटिलताओं से भली-भांति परिचित था। मैं एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट था- जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं तथा वे अपनी ताकत और कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। वे अपने बच्चों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं, एक ऐसा जीवन जो हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त हो।इस प्रकार, जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करते समय, हमने तीन बातों को प्रमुखता दी- नागरिकों की चिंताओं को समझना, सरकार के कार्यों के माध्यम से आपसी-विश्वास का निर्माण करना तथा विकास, निरंतर विकास को प्राथमिकता देना। मुझे याद है, 2014 में, हमारे सत्ता संभालने के तुरंत बाद, जम्मू-कश्मीर में विनाशकारी बाढ़ आई थी, जिससे कश्मीर घाटी में बहुत नुकसान हुआ था। सितंबर 2014 में, मैं स्थिति का आकलन करने के लिए श्रीनगर गया और पुनर्वास के लिए विशेष सहायता के रूप में 1000 करोड़ रुपये की घोषणा भी की। इससे लोगों में ये संदेश भी गया कि संकट के दौरान हमारी सरकार वहां के लोगों की मदद के लिए कितनी संवेदनशील है। मुझे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिलने का अवसर मिला है और इन संवादों में एक बात समान समान रूप से उभरती है - लोग न केवल विकास चाहते हैं, बल्कि वे दशकों से व्याप्त भ्रष्टाचार से भी मुक्ति चाहते हैं। उस साल मैंने जम्मू-कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों की याद में दीपावली नहीं मनाने का फैसला किया। मैंने दीपावली के दिन जम्मू-कश्मीर में मौजूद रहने का भी फैसला किया।जम्मू एवं कश्मीर की विकास यात्रा को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमने यह तय किया कि हमारी सरकार के मंत्री बार-बार वहां जायेंगे और वहां के लोगों से सीधे संवाद करेंगे। इन लगातार दौरों ने भी जम्मू एवं कश्मीर में सद्भावना कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मई 2014 से मार्च 2019 के दौरान 150 से अधिक मंत्रिस्तरीय दौरे हुए। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। वर्ष 2015 का विशेष पैकेज जम्मू एवं कश्मीर की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प उद्योग को सहायता प्रदान करने से जुड़ी पहल शामिल थीं।हमने खेलशक्ति में युवाओं के सपनों को साकार करने की क्षमता को पहचानते हुए जम्मू एवं कश्मीर में इसका भरपूर सदुपयोग किया। विभिन्न खेलों के माध्यम से, हमने वहां के युवाओं की आकांक्षाओं और उनके भविष्य पर खेलों से जुड़ी गतिविधियों के परिवर्तनकारी प्रभाव को देखा। इस दौरान विभिन्न खेल स्थलों का आधुनिकीकरण किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और प्रशिक्षक उपलब्ध कराए गए। स्थानीय स्तर पर फुटबॉल क्लबों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाना इन सबमें एक सबसे अनूठी बात रही। इसके परिणाम शानदार निकले। मुझे प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी अफशां आशिक का नाम याद आ रहा है। वो दिसंबर 2014 में श्रीनगर में पथराव करने वाले एक समूह का हिस्सा थी, लेकिन सही प्रोत्साहन मिलने पर उसने फुटबॉल की ओर रुख किया, उसे प्रशिक्षण के लिए भेजा गया और उसने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुझे 'फिट इंडिया डायलॉग्स' के एक कार्यक्रम के दौरान उसके साथ हुई बातचीत याद है, जिसमें मैंने कहा था कि अब 'बेंड इट लाइक बेकहम' से आगे बढ़ने का समय है क्योंकि अब यह 'ऐस इट लाइक अफशां' है। मुझे खुशी है कि अब तो अन्य युवाओं ने किकबॉक्सिंग, कराटे और अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा दिखानी शुरू कर दी है।पंचायत चुनाव भी इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। एक बार फिर, हमारे सामने या तो सत्ता में बने रहने या अपने सिद्धांतों पर अटल रहने का विकल्प था। हमारे लिए यह विकल्प कभी भी कठिन नहीं था और हमने सरकार को गंवाने के विकल्प को चुनकर उन आदर्शों को प्राथमिकता दी जिनके पक्ष में हम खड़े हैं। जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की आकांक्षाएं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पंचायत चुनावों की सफलता ने जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की लोकतांत्रिक प्रकृति को इंगित किया। मुझे गांवों के प्रधानों के साथ हुई एक बातचीत याद आती है। अन्य मुद्दों के अलावा, मैंने उनसे एक अनुरोध किया कि किसी भी स्थिति में स्कूलों को नहीं जलाया जाना चाहिए और स्कूलों की सुरक्षा की जानी चाहिए। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि इसका पालन किया गया। आखिरकार, अगर स्कूल जलाए जाते हैं तो सबसे ज्यादा नुकसान छोटे बच्चों का होता है।5 अगस्त का ऐतिहासिक दिन हर भारतीय के दिल और दिमाग में बसा हुआ है। हमारी संसद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का ऐतिहासिक निर्णय पारित किया और तब से जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में बहुत कुछ बदलाव आया है। न्यायिक अदालत का फैसला दिसंबर 2023 में आया है, लेकिन जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में विकास की गति को देखते हुए जनता की अदालत ने चार साल पहले अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने के संसद के फैसले का जोरदार समर्थन किया है।राजनीतिक स्तर पर, पिछले 4 वर्षों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र में फिर से भरोसा जताने के रूप में देखा जाना चहिये। महिलाओं, आदिवासियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और समाज के वंचित वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा था। वहीं, लद्दाख की आकांक्षाओं को भी पूरी तरह से नजरअंदाज किया जाता था। लेकिन, 5 अगस्त 2019 ने सब कुछ बदल दिया। सभी केंद्रीय कानून अब बिना किसी डर या पक्षपात के लागू होते हैं, प्रतिनिधित्व भी पहले से अधिक व्यापक हो गया है। त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली लागू हो गई है, बीडीसी चुनाव हुए हैं, और शरणार्थी समुदाय, जिन्हें लगभग भुला दिया गया था, उन्हें भी विकास का लाभ मिलना शुरू हो गया है।केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है, ऐसी योजनाओं में समाज के सभी वर्गों को शामिल किया गया है। इनमें सौभाग्य और उज्ज्वला योजनाएं शामिल हैं। आवास, नल से जल कनेक्शन और वित्तीय समावेशन में प्रगति हुई है। लोगों के लिए बड़ी चुनौती रही स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी बुनियादी ढांचे का विकास किया गया है। सभी गांवों ने खुले में शौच से मुक्त-ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त कर लिया है। सरकारी रिक्तियां, जो कभी भ्रष्टाचार और पक्षपात का शिकार होती थीं, पारदर्शी और सही प्रक्रिया के तहत भरी गई हैं। आईएमआर जैसे अन्य संकेतकों में सुधार दिखा है। बुनियादी ढांचे और पर्यटन में बढ़ावा सभी देख सकते हैं। इसका श्रेय स्वाभाविक रूप से जम्मू-कश्मीर के लोगों की दृढ़ता को जाता है, जिन्होंने बार-बार दिखाया है कि वे केवल विकास चाहते हैं और इस सकारात्मक बदलाव के वाहक बनने के इच्छुक हैं। इससे पहले जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की स्थिति पर सवालिया निशान लगा हुआ था। अब, रिकॉर्ड वृद्धि, रिकॉर्ड विकास, पर्यटकों के रिकॉर्ड आगमन के बारे में सुनकर लोगों को सुखद आश्चर्य होता है।सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर के अपने फैसले में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया है। इसने हमें याद दिलाया कि एकता और सुशासन के लिए साझा प्रतिबद्धता ही हमारी पहचान है। आज जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे को साफ-सुथरा माहौल मिलता है, जिसमें वह जीवंत आकांक्षाओं से भरे अपने भविष्य को साकार कर सकता है। आज लोगों के सपने बीते समय के मोहताज नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाएं हैं। जम्मू और, कश्मीर में मोहभंग, निराशा और हताशा की जगह अब विकास, लोकतंत्र और गरिमा ने ले ली है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आयकर विभाग छापेमार दल हेसला झारखंड इस्पात से 87 घंटो के बाद लौटा, चार दिनो तक जांच दल ने कागजात से लेकर कोल साईड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्रों के झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड स्पंज फैक्ट्री से 87 घंटे के बाद आयकर विभाग की टीम सीआरपीएफ जवानो के साथ वापस लौट गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर संध्या 5-30 बजे के बाद आईटी के अधिकारी अपने छापामारी कार्य को पूरा कर लौटने की तैयारी कर रहे थे। करीब 8-30 बजे रात के बाद पूरा फैक्ट्री परिसर आईटी टीम से खाली देखा गया। इसके बाद ही फैक्ट्री झारखंड इस्पात के अंदर कोयला स्पंच, लोडिंग, अनलोडिंग करने आए ट्रैकों का आवागमन सामान्य हो गया। जो दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। कामगारों के लिए फैक्ट्री के गेट सिप्ट टाइम पर खुले देखे गए। जिस पर आईटी टीम के छापामारी के बाद चार दिनों तक पाबंदी लगी हुई थी। टीम के अधिकारियों के निर्देश के बिना कारखाने का दरवाजा पूरी तरह खोला नहीं जा सकता था और ना ही सभी व्यक्तियों को आने की अनुमति थी। बताया जाता है आयकर विभाग टीम ने तीसरे व चौथे दिन पड़ताल को और तेज कर दिया था। जिसके तहत ऑफिस कंटाघर के कागजात रिकॉर्ड कंप्यूटर उपकरण, कोल स्टांक, इंडक्शन उत्पादित समानो की गिनती की गई। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज हुई हैं। चर्चा है कि आईटी अधिकारियों के जांच क्रम में पावर प्लांट बनने, जमीन की वैधता समेत चारकोल पहाड़ो के डंप पर भी नजरे पड़ी हैं। इसके इकट्ठा करने व डिस्पैच करने की सत्यता की भी खोजबीन की गई हैं। आने वाले दिनो में आयकर विभाग विभागीय कारवाई पर कदम बढ़ता हैं।

## कांग्रेस के हर सिपाही के सुख दुख में हमारी कमिटी खड़ी हैं : ज़ोया परवीन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता सह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी विधि विभाग रामगढ़ के द्वितीय पुत्र ठाकुर विजय प्रताप का श्रद्धांजलि सभा सह समस्त कार्यक्रम में शामिल हुई रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक के ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन इस दौरान स्व विजय प्रताप की चित्र पर पुस्पर्पित कर ज़िला अध्यक्ष ने श्रद्धांजलि अर्पित की अधिवक्ता भेराव ठाकुर के पुत्र की आकस्मिक निधन बीते दिन हो गया था जिसकी आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं समस्त कार्यक्रम रखा गया इस दौरान कार्यक्रम उसरा पंचायत अधिवक्ता भेराव ठाकुर के आवास में किया गया। मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मो आशिक़, उपाध्यक्ष वाहिद अली, महासचिव रहमान ख़ान, मीडिया प्रभारी शमीम शैख़ शामिल थे।

## 20 को रांची धुर्वा में मानवाधिकार सहयोग संघ की एकदिवसीय होगी बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** मानवाधिकार सहयोग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिल्पी शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा ,झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती ,रांची लीगल सेल रवि रंजन, उपाध्यक्ष अलीउमर जी के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में आमंत्रित किया झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को आगामी दिनांक 20 दिसम्बर दिन बुधवार को झारखंड पुराना विधानसभा धुर्वा रांची में मानवाधिकार सहयोग संघ भारत के द्वारा एकदिवसीय कार्यक्रम रखा गया है इस कार्यक्रम में राज्य के जनप्रतिनिधि और राज्य के सभी विशिष्ट अतिथियों को राज्य के गणमान्य लोगों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है जिसके तहत आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी को भी सहयोग संघ द्वारा आमंत्रित किया गया।

## कोलयरी सिरका प्रबंधन पुरानी एलएनटी मशीन को बनाने में लगा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल कोलयरी सिरका प्रबंधन के द्वारा सोमवार को गिद्दी ए से मिले पुरानी एलएनटी मांडल 300 मशीन को दुरुस्त करवाने की प्रक्रिया की जा रही थी। इसे लेकर एनएनटी मशीन के टूटे लोडिंग दांत आदि जगहों पर वेल्डिंग करवाने का कार्य कर्मियों द्वारा हो रहा हैं।



बताया जाता है कि पुराने एलएनटी को पूरी तरह से ठीक-ठाक करने के बाद खुली खदान के अंदर कोयला उठाने के लिए लगाया जाएगा। वही कोयला डंप स्थलों का मुआयना प्रबंधन के अधिकारी कर रहे हैं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए जवान समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर मंथन जारी हैं।

## गुरुद्वारा प्रधान के दिवंगत पिता की आत्मिक शांति के लिए रामगढ़ गुरुद्वारा मे आज है अंतिम अरदास

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा के पिता स्व जोगिंदर सिंह कालरा की आत्मिक शांति के लिए अंतिम अरदास 12 दिसंबर को गुरुद्वारा साहिब में शाम 4 बजे होगी। आत्मिक शांति के लिए कल रविवार को गुरुद्वारा साहिब में पाठ रखा गया था, जिसमे कालरा परिवार उपस्थित हुए। अंतिम अरदास के लिए रखा गया पाठ की समाप्ति मंगलवार 12 दिसंबर को शाम 4 बजे रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में संपन्न होगी।



विदित हो कि स्व सरदार जोगिंदर सिंह कालरा का दिनांक 22 नवंबर को निधन हो गया था।

## बुधबाजार में कांग्रेस ने लोकल सेल सिरका के मजदूरी बकाया एक करोड़ देने की किया मांग

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधबाजार सिरका में रविवार की देर संध्या ग्रामीणों के साथ कांग्रेस जिला रामगढ़ महासचिव समसुद खान की अगुवाई में बैठक आयोजित की गई। संचालक विजय सिंह ने किया। लोकल सेल सिरका में रोजगार सुनिश्चित करने के सवाल उठे। इसे लेकर वक्ता समसुद



खान ने कहां कि मजदूरों की बकाया मजदूरी करीब एक करोड़ रुपयों का भुगतान करना पड़ेगा। साथ ही कांग्रेस की लोकल सेल में भागीदारी सुनिश्चित करनी पड़ेगी। हर हाल में लोगों को रोजगार देना होगा। मौके पर कमरुद्दीन खान, भोला साव, रुस्तम खान, गुलाब, शेखर राम, पन्नू रवानी, मंगल सिंह घटवार, असगर अंसारी, कल्लू खान, राजू साव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## उरीमारी निवासी मो हसन जय हिन्द मानवधिकार के हजारीबाग जिला अध्यक्ष बने

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय हिन्द मानवधिकार एसोशिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद ने उरीमारी चेकपोस्ट दोतल्ला निवासी मो हसन को हजारीबाग जिला का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं मो हसन ने हजारीबाग का जिला अध्यक्ष बनने पर कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेवारी मिली



है उसे मैं पुरे इमानदारी पुर्वक निर्वाह करूंगा। साथ ही हजारीबाग जिला में जय हिन्द मानवधिकार एसोशिएशन के संगठन को मजबूत करूंगा व संगठन का विस्तार जल्द करूंगा।मो हसन ने ये भी कहा कि हजारीबाग जिले में दीमक की तरह फैले भ्रष्टाचार को जड से समाप्त करूंगा।

# लातेहार पुलिस ने तीन साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल कि है। लातेहार के चंदनडीह ग्राम से तीन साइबर अपराधी आनंद कुमार पिता- पंकज महतो, (20) वर्ष सूलीचद कुमार पे0 श्री महतो (23) वर्ष ग्राम - लक्ष्मीपुर (3) छोटू कुमार पिता- जितन राउत ग्राम गंगटी तीनों थाना बरबिधा जिला शेखपुरा (बिहार) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं सोमवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एनसीसी आरपी पोर्टल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1930 संचालित प्रतिबिंब ऐप पर एक साइबर ठगी का मामला प्रकाशित हुआ कि तेलंगाना के एक व्यक्ति सोसाया बनकट सिंह से 3000 रुपये की साइबर ठगी की गयी है, एवं इस घटना में शामिल साइबर अपराधियों का लोकेशन लातेहार थाना अंतर्गत ग्राम चन्दनडीह है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतोष कुमार मिश्र, लातेहार के नेतृत्व में साईबर सेल लातेहार का सहयोग लेते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया। लोकेशन के आधार पर ग्राम चन्दनडीह में एक मकान में छापामारी किया गया। उक्त मकान के किराये में रहने वाले (1) आनंद कुमार उम्र 20 पिता- पकज महतो (2) सूलीचद कुमार उम्र - 23 वर्ष पे 0 श्री महतो दोनों ग्राम लक्ष्मीपुर एवं (3) छोटू कुमार पिता- जितन राउत ग्राम - गगटी तीनों थाना- बरबिधा जिला शेखपुरा (बिहार) के पास से भारी मात्रा में मोबाईल सिम मोबाईल चार्जर, एवं साईबर ठगी में प्रयुक्त संबधित सामान बरामद किया गया। जिसके माध्यम से साईबर ठगी किया जाता था। पूछताछ के क्रम में इन साइबर ठगों द्वारा भिन्न-भिन्न मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर केरला लॉटरी टिकट के नाम पर ओटीपी की माँग कर साइबर ठगी कि घटना को अंजाम देने कि बात स्वीकार की गयी है।इस संदर्भ में लातेहार थाना कांड संख्या- 251/23 दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापामारी दल में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र शामिल थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम बन्हे पंचायत में लगाई गई स्टॉल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड के बन्हे पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया। जहां सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि यह भीड़ केवल अबुआ आवास के लिए लोग अपना अपना आवेदन देकर आवास की आस जता रहे हैं। बता दें कि झारखण्ड सरकार द्वारा जिले के सभी प्रखण्ड के सभी पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हालांकि सरकार का अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों का काफी भीड़ देखी जा रही है। किंतु अन्य कामों में ग्रामीणों का दिलचस्पी नहीं दिख रही है। चुकी वही ढोल वही आवाज। झारखण्ड सरकार द्वारा जरूर कहा जाता है कि किसी भी समस्या को त्वरित कार्रवाई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हीं की जाती है। परंतु ऐसा होता नहीं है महज दिखावे के लिए अन्य कार्यो के लिए आवेदन तो ली जाती है परंतु वह रद्दी टोकरी में गुल हो जाता है। पिछले वर्ष भी झारखण्ड सरकार द्वारा यह योजना चलाया गया था किंतु सब महज दिखावा साबित हुआ। यह योजना इस लिए पंचायत स्तर पर चलाया जाता है। क्योकि जो ग्रामीण प्रखण्ड कार्यालय तक नहीं पहुंच पाता है। और वह सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाता है। जो पंचायत स्तर पर लगाया गया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंच कर अपना सभी तरह का सरकारी लाभ ले सके।

## संदीप कुमार सिंह बने भाजपा युवा मोर्चा का मंडल संयोजक, लोगों ने दी बधाई



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के चतरा जिला कार्यसमिति के सदस्य संदीप कुमार सिंह को टंडवा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का मंडल संयोजक बनाया गया है। उनके मंडल संयोजक बनने पर समर्थकों में खुशी का माहौल है। इनके मनोनयन पर पार्टी के कई पदाधिकारी ने बधाई दी है। नवनियुक्त भाजपा युवा मोर्चा मंडल संयोजक श्री सिंह ने कहा की पार्टी ने जो जवाबदेही सौंपी है उसे पूरे ईमानदारी के साथ, संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। तथा पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करूंगा और सभी के आशा विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूँगा।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर जब्त



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदा वन प्रक्षेत्र के सोहरलाट जंगल से वन विभाग के टीम ने रविवार देर शाम को लकड़ी माफ़िया के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए,बेशकिमती लकड़ी का 11 बोटा लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग की छापामारी टीम जब मौके पर पहुँची तो ट्रैक्टर चालक एवं लकड़ी माफिया अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल रहे।वनपाल मुन्ना उराँव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि सोहरलाट के जंगलों से तस्करों के द्वारा अवैध रूप से लकड़ी का बोटा काट कर और ट्रैक्टर पर लाद तस्करी के लिए ले कर जाने वाला है। सूचना की सत्यापन को लेकर वनपाल के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए सोहरलाट के जंगलों में छापेमारी कर लकड़ी का बेशकीमती बोटा लदा ट्रैक्टर जप्त कर थाना लाया गया है।वही वनपाल मुन्ना उराँव ने बताया की ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।इस अभियान में कुंदा के वन विभाग के अधिकारी, सभी वनरक्षी समेत कई वनकर्मी शामिल थे।

## प्रधानमंत्री की सोच के बदौलत देश उन्नति की ओर : संतोषी शेखर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखण्ड अंतर्गत छेंचा पंचायत में सोमवार को भारत सरकार के द्वारा संचालित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के साथ प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अनुज शरण, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत अन्य भाजपा पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। शिविर में प्रखंड प्रशासन की ओर से एक दर्जन से अधिक विभागों के स्टाल लगाए गए। मौके पर मौजूद पदाधिकारियों के द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री पोषण अभियान योजना, किसान क्रेडिट योजना समेत सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के बदौलत आज देश उन्नति की ओर है जिसका प्रमाण है कि कॉविड जैसी आपदा के बाद भी आज हम सभी सुरक्षित हैं । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश के अंतिम व्यक्ति की चिंता करते हुए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं भी धरातल पर उतारी जा चुकी हैं जिसमें भगवान बिरसा की जयंती पर आदिवासी परिवार के सम्मान में विशेष आवास योजना की शुरुआत की है जिसके बदौलत आभार आदिवासी परिवार को केंद्र सरकार के माध्यम से पक्का आवास का लाभ मिलेगा। विकसित भारत कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास विभाग के द्वारा गोद भराई रस्म और मुंहजुठी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जहां अतिथियों के हाथों परंपरागत तरीके से रस्म अदा की गई। शिविर के माध्यम से जहां सभी जरूरतमंद महिलाओं के लिए उज्जवला कनेक्शन को लेकर विशेष स्टॉल भी लगाए गए, जहां काफी संख्या में लोगों के द्वारा उज्जवला गैस को लेकर निबंधन कराया गया।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन बालक एवं बालिकाओं ने लिया भाग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर में स्थित फुटबॉल मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख अनीता यादव उप प्रमुख प्रीतम यादव 20 सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान सभी मुखियाओं एवं प्रखंड के अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। फुटबॉल मैच का शुरुआत प्रमुख ने किक मारकर किया। खेल प्रतियोगिता का आयोजन नॉक आउट आधार पर खेला जा रहा है। यह खेल प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय खेलवाया जा रहा है। जहां 18 वर्ष से 40 वर्ष के महिला टीम एवं पुरुषों के टीम ने भाग लिया। पहला मैच प्रखंड के मंझगांवा पंचायत एवं बरियातू पंचायत के बीच मैच खेला गया। दूसरा मैच गिद्धौर व बारिसाखी के बीच खेला गया। और तीसरा व आखिरी मैच द्वारी व पहरा के बीच खेला गया। मौके पर उपस्थित मुखिया निर्मला देवी सरिता देवी जगदीश यादव पंचायत समिति सदस्य रहमती परवीन बारिसाखी पंचायत उप मुखिया विकाश कुमार पांडेय परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साव दिनेश भारती समाजसेवी यदुनंदन पांडेय प्रणेश गुप्ता खेल प्रेमी प्रेम कुमार राणा अधिकारी बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत सेवक दिगंबर पांडे उज्जवल कुमार सिंह एवं दर्जनों समाज सेवी गण्या मान लो व कर्मी लोग इस फुटबॉल मैच कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

## रेड क्रॉस के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**कुंदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी चतरा और रक्तमित्र कुंदा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर कुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया शिविर में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने रक्त दान किया। शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं तथा आम जनता को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने कहा कि रक्तदान महादान है,क्योंकि इससे बड़ा दान कुछ हो ही नहीं सकता है।उन्होंने कहा कि अगर हमारे दिए गए रक्त से किसी की जान बच सकती है,तो हमें रक्तदान कर लोगों की जान जरूर बचानी चाहिए।आगे कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों में भ्रम के साथ साथ गलत धारणा बनी हुई है। परंतु उन्हें यह पता होना चाहिए कि रक्तदान करने से न सिर्फ हम स्वस्थ रहते हैं बल्कि हमें कई प्रकार की बीमारियों से निजात भी मिलती है।उन्होंने कहा कि कुंदा जैसे अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन करना और उसकी सफलता यहां के रक्तदातों की दृढ़ इच्छा शक्ति को दर्शाती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन विवेक केशरी, रक्त मित्र कुंदा के सदस्य अनुज गुप्ता, रक्त मित्र सह पत्रकार धर्मेन्द्र गुप्ता, लैब टेक्नीशियन विजय कुमार, जीएनएम सुप्रिया कुमारी, रत्नेश कुमार, कहकशा, तापेश्वर सोनी, बंटी कुमार, संतोष कुमार यादव, रंधीर कुमार सिंह, गोपाल सिन्हा, नितेश कुमार व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, सहित अस्पताल के अन्य कर्मियों ने अहम भूमिका निभाया।

## जिप सदस्य ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डाढा पंचायत के ग्राम डाढा (गोखलावागी) में 25 केवी का नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया। नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य रमेश राम के द्वारा रविवार को किया गया। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए जिप सदस्य राम ने कहा कि ग्राम डाढा के गोखलावागी टोला में विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्व में लगाया गया ट्रांसफॉर्मर बीते छः माह से जली हुई थी। जिसके कारण टोलावासी अंधेरे में रहने को मजबूर थे और विभाग द्वारा बिजली बील लगतार आ रहा था। ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग को सूचना देने के बाद भी कुछ इस पर पहल नहीं हुआ।इसके बाद ग्रामीणों ने मुझे जानकारी दिया। जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर टोला में एक 25 केवीए का ट्रासफार्मर लगाने व छ माह का बिजली बील मांफ कराने का मांग किया। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों मे काफी खुशी देखी गई। जिप सदस्य राम ने विभाग से गरिबों का छः माह का बिजली बील मांफ करने का अपील भी किया है।इस मौके पर डाढा पंचायत के पुर्व उप मुखिया रामचंद्र उरांव पंचायत समिति सदस्य संतोष, भगत सविता देवी, संगीता देवी, महेन्द्र भगत, ट्रिपा उरांव, शिबु उरांव, धरमदेव उरांव, लखन उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सिंगल विंडो में जिला स्तरीय किसानों के बीच किया गया प्रशिक्षण बताई गई कई जानकारियां




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय परिसर के अंतर्गत सोमवार को सिंगल विंडो में जिला स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जहां दर्जनों किसान उपस्थित थे। इन लोगों को प्राकृतिक कृषि स्थाई कृषि पीएम किसान के तहत ई केवाईसी एवं मिट्टी जांच करवाने की बात व तरीका बताया गया। यह कार्य कृषि विज्ञान केंद्र के धर्मा उरांव एवं अभिषेक घोष के द्वारा बतलाया जा रहा था। जहां उपस्थित एटीएम अर्मेंद्र पांडेय बिटीएम दीनदयाल कुमार भी लोगों को बेहतरीन तरीके से खेती करने की बातें कहीं एवं किसानों के बीच मकई बीज किट का वितरण भी किया गया। मोके पर उपस्थित किसान प्रसाद पासवान उषा देवी प्रतिमा देवी सरिता देवी नागेश्वरी देवी रिंकू देवी सुनंदा देवी सुनीता देवी सुबोध पांडेय रूपा देवी शोभा देवी ईशा कुमारी मालती देवी आरती देवी एवं दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को दी गई मनोनीत पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अरसदुल कादरी को प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के हाथों रविवार को प्रदेश कार्यालय कांग्रेस भवन रांची में आयोजित कार्यकारणी बैठक के उपरांत मनोनीत पत्र दी गई। इस संबंध में प्रदेश महासचिव अरसदुल कादरी ने बताया कि झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव कुछ माह पहले ही बनाया गया था जो प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के हाथो मनोनीत पत्र दी गई। उन्होंने कहा कि आलाकमान के द्वारा दी गई जवाबदेही पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास रहेगा। हमारी पुरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन की मजबुती प्रदान करने की पुरजोर कोशिश रहेगी। अगामी विधानसभा चुनाव में पुरा बल दिया जायेगा। वहीं जिला अध्यक्ष सह प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी को भी प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिला अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी को बुके भेंट कर सम्मानित किया।

## हत्या, अपहरण व डकैती के फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना बरवाडीह, छिपादोहर और सतबरवा क्षेत्र में हत्या, सड़क डकैती,अपहरण,आर्म्स एक्ट मामले में तीस वर्षों से फरार आरोपी मुकुट अंजलो कुजूर को छिपादोहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। फरार आरोपी छिपादोहर थाना क्षेत्र के लुकुम खाड़ के बुचीडारी का रहने वाला है। छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी मुकुट अंजलो कुजूर उसके घर से गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान मुख्य आरोपी मुकुट अंजलो कुजूर को उसके घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। एसडीपीओ ने बताया कि वह तीस वर्षों से फरार चल रहा था। बताया कि वह बरवाडीह थाना कांड संख्या 33/01, 49/15, 08/15, छिपादोहर थाना कांड संख्या 28/18 और सतबरवा थाना कांड संख्या 646/15 का मुख्य आरोपी है इस पर हत्या, अपहरण, डकैती, आर्म एक्ट जैसे संगीन मामले हैं। छापेमारी दल में एसडीपीओ थाना प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम, काशी महली, सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार, अशोक कुमार शामिल है।

## एसपी के निर्देश पर चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय लातेहार की सड़को पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन स्वयं उतरे वाहनो की जांच की। इस दौरान कनीय पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान एसपी ने कहा कि सड़क दुघर्टना बहुत तेजी से हो रही है, जिसको देखते हुए हमलोग सभी थानों के कई जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा रही है। यह अभियान हमलोग सड़क दुघर्टना मुक्त सप्ताह के रूप में मना रहे हैं।एसपी ने दुपहिया वाहन कर्मियों से हेलमेट पहनकर चलाने तथा गाड़ी कि सभी कागजातें लेकर चलने को अपील किया है। आगे उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर कोई पैरवी नहीं चलेगी चाहे सरकारी अधिकारी हों, प्रेस मीडिया, न्यायालय कर्मी, पुलिस कर्मी कोई भी हों नियम सभी के लिए एक समान हैं। गाड़ी पकड़े जाने पर सीधे कोर्ट भेज दी जाएगी। सैकड़ों गाड़ीयां चालान कि गई।मौके पर सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के साथ कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे। यहां बताते चले की पूरे जिले भर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति ने कुंदा और गिद्धौर प्रखंड ईकाई का किया विस्तार,

## संजय भारती बने कुंदा प्रखण्ड अध्यक्ष और विजय भुइयां बने गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति ने कुंदा और गिद्धौर प्रखंड ईकाई का किया विस्तार किया है। समिति के जिला अध्यक्ष उमेश भारती के नेतृत्व में दो प्रखंडों में चुनाव संपन्न हुए। इस दौरान कुंदा प्रखंड के चुनाव पर्यवेक्षक सह जिला उपाध्यक्ष बिहारी भारती एवं गिद्धौर प्रखंड के चुनाव पर्यवेक्षक सह सिमरिया विधानसभा प्रभारी सदानंद भुइयां की उपस्थिति में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न किए जाने पर जिला अध्यक्ष उमेश भारती, महासचिव दिनेश भारती, जयराम भारती, ने जताया आभार एवं समाज के सैकड़ो लोगों ने सभी नवनियुक्त चुने गए पदाधिकारीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। गिद्धौर प्रखंड से विजय भुइयां, कुंदा से संजय भारती को दुबारा प्रखंड अध्यक्ष चुने जाने पर संगठन फिर से एक नई पहचान और मिशाल कायम करेगा।इसके बाद गिद्धौर प्रखंड सचिव वीरेंद्र भुइयां , प्रखंड उपाध्यक्ष कामेश्वर भुइयां ,कोषाध्यक्ष पोखन भुइयां, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार भारती,सोशल मीडिया प्रभारी उपेंद्र भारती, एवम कुंदा प्रखंड सचिव लालमोहन भारती को सर्वसमिति से चुना गया।मौके पर इंद्रदेव भुइयां, दयानन्द भारती, कामेश्वर भारती, अमलेश भारती, अजय भारती, रोहन भारती, दिनेश भारती, युवा प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र भारती, जिला मिडिया प्रभारी अजीत भारती, टुन्नू भारती, राम जी भारती, नंदू भारती, बुधन भारती, रंजीत भारती, कृष्ण भारती, साहबान भारती, राजकुमार भारती, गिद्धौर प्रखंड से अर्जुन भुइयां, सुरेश भारती, बजरंगी भारती, भोला भुइयां, रोहित भारती, पंकज भुइयां ,राजेश भारती, टिंकू भारती, जयकुमार भुइयां, संजय भुइयां मौकेंद्र भुइयां, विमल भारती, राजेंद्र भुइयां, मटेश्वर भुइयां, संदीप भारती, ने मिलकर एक मजबूत भुइयां समाज बनाने का संकल्प लिया है।

# भाकपा ने बड़े पैमाने पर निकाली रैली सौंपा एसडीओ को ज्ञापन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** भाकपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सिमरिया चौक पर विशाल रैली निकाली और एसडीओ सुधीर कुमार दास को चौदह सूत्री मांगों का एक विज्ञापन सौंपा। रैली में पार्टी के राष्ट्रीय नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला मंत्री बनवारी साव और बाम मोर्चा के जिला संयोजक अर्जून कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। यह रैली खादी ग्रामोद्योग मैदान से निकलकर अनुमंडल कार्यालय तक पहुंची और फिर वापस लौटकर आमसभा में तब्दील हो गई। सभा में भाकपा नेताओं ने सरकार के नीति सिद्धांतों की जमकर आलोचना की। राष्ट्रीय नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि सरकार मजदूर, किसान और विस्थापितों कि समस्याओं को लेकर लापरवाह है। उनकी समस्याओं पर मौन रहती है। गरीब भूमिहीन तबाह हो रहे हैं जबकि पूंजीपतियों की चांदी कट रही है। अन्य वक्ताओं ने भी आम लोगों को एकजुट होकर मजदूर, किसान विस्थापित और स्थानीय समस्याओं पर आवाज बुलंद करने की अपील की। रैली के दौरान पार्टी के एक शिष्टमंडल ने एसडीओ से मुलाकात की और चौदह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। मांगो में भारतमाला ग्रीन एक्सप्रेसवे और शिवपुरी कठौतिया रेलवे लाइन के गैर मजरूवा भूमि को रैयती का मान्यता देते हुए मुआवजा देना, सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र का अकाल क्षेत्र घोषित करना, विस्थापितों को पुनर्वास कराना, कागजात धारी रैयतों के गैर मजरूवा भूमि का राशिद निर्गत करना, वन भूमि के वासींदों को वन पट्टा देना, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय को चालू करना, कोल वाहन से हो रहे दुर्घटना की रोकथाम, डाड़ी मध्य विद्यालय को प्लस टू का दर्जा देना सहित अन्य मांगे शामिल हैं। मौके पर अंचल मंत्री गयानाथ पांडेय, चक्रधर सिंह, जिला प्रवक्ता दशरथ ठाकुर, सुनीता भारती, हेमन्ती देवी, जनसंघर्ष मोर्चा के महेश बांडों, शिवदयाल साहू, विष्णु प्रसाद, रामस्वरूप रजक, जवाहर विश्वकर्मा, महावीर राम, महावीर रजक, शंकर दांगी, अशोक दांगी, मोती दांगी, नरेश कुशवाहा, नर्मदेश्वर सिंह, राजेंद्र दांगी, गणेश दांगी, गेंदों राणा, जयप्रकाश सिंह, सुधीर सिंह सहित कई गांव के महिला पुरुष शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 25 नवंबर को धनवार गांव के डोभा में डूबने से दो भाइयों की हुई थी मौत

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के धनवार गांव में 25 नवंबर दिन शनिवार को डोभा में डूबने से दो भाइयों की मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार से मिलने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मिलने पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया। बताते चलें कि दोनों बच्चे धनवार गांव निवासी उमेश प्रसाद केसरी के 10 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार व 5 वर्षीय पुत्र उज्जवल कुमार शामिल थे। बताया जाता है कि सत्यम चतुर्थ क्लास व उज्जवल प्रथम क्लास में पढ़ाई करते थे। दोनों अर्श पब्लिक स्कूल के छात्र थे, उस दिन स्कूल छुट्टी होने के कारण दोनों घर पर ही थे। उनके खेत में धानकटनी का कार्य लगा हुआ था। उनके पिता का करियातपुर में बर्तन दुकान है और वह उसे खोलने गए थे, वहीं मां घर पर थी। डोभा घर के ही करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर है, खेती करने के लिए अपने निजी स्तर से डोभा का निर्माण किया गया था जो करीब 10 फीट गहरा है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, जगदीश साव, उमेश केसरी, दिलीप केसरी, कृष्णा केशरी, सुनील केसरी, मनोज केशरी, ब्रह्मदेव यादव, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजन, उमेश यादव, सिकन्दर कुमार, जिब्रेल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शिलाडीह के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि समीम अंसारी उपमुखिया सहदेव पासवान, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि तालो बस्के के द्वारा वार्ड नं 13, के लेंबुवा बाजूकोला में शिलाडीह पंचायत में 22 दिसंबर को होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए तैयारी किया गया और जरुरी सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के फॉर्म को भर दिया गया ताकि आमजनों व गरीब आदिवासी जनता को जनता दरबार में आसानी से फॉर्म जमा हो पाए इस दौरान महेंद्र मुर्मू, संभूलाल किस्कू मिडिया प्रभारी जितेन्द्र सोरेन, जीसू मांझी परमेश्वर हंसदा, महेश्वर बक्से चंदन ठाकुर पवन ठाकुर दीपक कुमार ठाकुर, रंजीत किस्कू उमेश किस्कू सभी युवा समाजसेवी तथा काफी संख्या में पुरुष महिलाएं उपस्थित थें।

### अरुण साहू ने सपरिवार उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से किया मुलाकात

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा के नए राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर उड़ीसा में उनके आवास पर मिलकर बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने झारखंड की सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से बरही विधानसभा के प्रमुख जनमुद्दों पर चर्चा किया। मीडिया से बात करते हुए अरूण साहू ने कहा कि रघुवर दास का अनुभव और क्षमता उड़ीसा को नए ऊँचाइयों तक पहुँचाने में सहायक साबित होगा। उनके नेतृत्व में उड़ीसा के लोगों का सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक क्षेत्र में काफी विकास होगा। इसके साथ ही श्री साहू ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उड़ीसा के विकास के लिए नए परियोजनाओं की शुरुआत की उम्मीद जताई और रघुवर दास को एक बेहतर राज्यपाल बनकर उड़ीसा राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु शुभकामना दिया। इस मौके पर तिलेश्वर साहू सेना की प्रमुख संरक्षिका साबी देवी एवं उनकी धर्मपत्नी शिल्पी साहू भी मौजूद रही।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार, 100 लाभुकों के बीच कंबलों का वितरण

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के पंचायत कोल्हुआकला में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा किया गया। साथ ही 100 लाभुको के बीच कंबल वितरण किया गया। बिरसा कूप संवर्धन निर्माण योजना के तहत 04 लाभुको को स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 2 सखी मंडल के बीच प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही खाद्य एवम आपूर्ति विभाग के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही कल्याण विभाग की ओर से 164 विद्यार्थियों के बीच साईकिल खरीद हेतु डीबीटी के माध्यम से 4500 रुपया भेजा गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया मंगलदेव यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बीसीओ संजय यादव, पंसस सुजीता कुमारी, प्रभु यादव, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### गरीब युवा नहीं रहेंगे बेरोजगार, बसेगी गृहस्थी, मिलेगा रोजगार

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा 14 दिसंबर 2023 को 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराएंगे। विवाह मंडप का स्थल होगा डीपीएस शंकरपुर का विशाल प्रांगण और यह भव्य आयोजन सामूहिक विवाह समारोह की शुरूआत सुबह 10ः00 बजे से होगी जो सूर्यास्त से पूर्व संपन्न होगा। वहां न सिर्फ वर-वधू एक-दूजे का दामन थाम जिंदगी के सफर को आगे बढ़ाएंगे, बल्कि सुखद दांपत्य जीवन के आरंभिक चरण में उन्हें सदर विधायक की ओर से भरपूर सहयोग भी मिलेगा। एक तो शादी का बीड़ा भी सदर विधायक ने ही उठाया है, तो उनकी गृहस्थी की शुरूआत कराने की जिम्मेवारी भी ली है। उनका उद्देश्य है कि गरीब युवा गृहस्थी में उलझकर बेरोजगारी का दंश न झेलें, बल्कि रोजगार से जुड़कर नए जीवन का आरंभ उल्लास, खुशी और सुखमय तरीके से करें। इसी परिकल्पना के तहत उन्होंने इन नवदंपतियों को उपहार में टोटो समेत गृहस्थी से जुड़े कई सामान बतौर सौगात भेंट करेंगे।

**राज्यपाल समेत कई गणमान्य को निमंत्रण :** विधायक मनीष जायसवाल ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मिलकर उन्हें इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया है। उनके अलावा अन्य कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है।

**दूल्हा-दुल्हन को कई सामान देने की है योजना :** सामूहिक विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हन को गृहस्थी के कई सामान देने की योजना है। बेरोजगारों को टोटो भेंट करने या जो पूर्व से रोजगार से जुड़े हैं, उन्हें बाइक या फिर दुल्हन के नाम से एफडी भेंट करने के साथ सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान सहित कई उपहार भी देने की योजना है। इनमें टीवी, फ्रिज, अलमारी, कंबल, दो अटैची ट्रॉली, टेबल फैन, दीवाल घड़ी, बाल्टी सेट, बर्तन सेट, वर्तन स्टैंड, सब्जी स्टैंड, पांच पीस साड़ी और पांच पीस सूट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी सेट, श्रृंगार बॉक्स, 10 पीस शर्ट और पैंट, दो चादर, कैसरोल आदि भी बतौर उपहार बेटी विदाई के वक्त बतौर उपहार दिए जाएंगे।

## अखिल भारतीय प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय आशुभाषण प्रतियोगिता, मूर्ति कला प्रतियोगिता एवं अखिल भारतीय विज्ञान मेला में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली ,के भैया- बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीनों वर्गों में द्वितीय पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।



आशुभाषण प्रतियोगिता के तरुण वर्ग में बहन सृष्टि कुमारी ,मूर्ति कला प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में भैया आशीष कुमार एवं विज्ञान मेला के तरुण वर्ग में भैया हर्ष राज वर्मा ने द्वितीय पुरस्कार जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया द्य विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र एवं सभी आचार्य बंधु- भगिनी ने विजेता भैया - बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है द्यभैया बहने विद्यालय के आचार्य राजीव रंजन एवं निशा शर्मा दीदी जी के निर्देशन में प्रतियोगिता में भाग लिया था।

## बसरिया पंचायत में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के पंचायत सचिवालय में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम सभा किया गया।साथ ही जरूरतमंदों के बीच 180 कंबल वितरण किया गया। ठंड के प्रकोप के देखते हुए सरकार के निर्देश अनुसार सभी लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया, मौके पर मुखिया नीलम देवी ने कहा अचानक ठंड बढ़ जाने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है, सरकार को चाहिए कि कंबल वितरण का जो कोटा है उसे बढ़ाना चाहिए बहुत से जरूरतमंद छूट जाते हैं, कंबल वितरण कार्यक्रम में मुखिया नीलम देवी,पंचायत समिति सदस्य सुमिया देवी,उप मुखिया पार्वती देवी,पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश,वार्ड सदस्य नजमा खातून, देवंती देवी, सोनमती देवी,प्रमिला देवी,पूनम देवी,मिनेश शर्मा,रमेश रविदास,संजीत कुमार,मौके पर पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप,पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर दास, मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, युवा नेता नागेश्वर रजक, समाजसेवी लतीफ अंसारी, धीरेंद्र कुमार यादव, अनिल पंडित, कैलाश प्रजापति, चुरामन रजक, सुरेश रजक,राजेश यादव, दीपक यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में फाइलेरिया जांच शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में फाइलेरिया उन्मूलन विभाग के द्वारा फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन हुआ ।जांच शिविर में विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा प्रथम के 76 भैया- बहनों की जांच किट के द्वारा किया गया जिसमें सभी का रिपोर्ट नेगेटिव आया द्यभैया -बहनों का फाइलेरिया जांच, फाइलेरिया उन्मूलन विभाग के मैमूर सुल्तान, जिला भीबीडी सलाहकार , सहकर्मी प्रमोद कुमार, देवाशीष मिश्रा, अब्दुल मन्नान एवं रितेश कुमार की दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ द्य मौके पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र, विद्यालय कोऑर्डिनेटर प्रभात कुमार सिन्हा,अनिल कुमार ,शुभलता कुमारी , सीमा कुमारी समेत विद्यालय की भैया बहनें उपस्थित थीं ।

## धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चों के बीच पोशाक का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत कोरियाड़ीह राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाड़ीह में स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। वहीं मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे नियमित साफ-सुथरा ड्रेस एवं बैग, किताब लेकर विद्यालय जरूर आए और शिक्षा ग्रहण करें। शिक्षा से ही समाज को बदला जा सकता है। शिक्षा से ही हम अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।



उन्होंने साफ-सफाई पर बल देते हुए बच्चों के बीच में अपनी बात को रखा।

वहीं महिला समाजसेवी सह नेत्री ममता देवी ने कही कि बच्चें पढ़ाई लिखाई में अपना ध्यान लगाकर पढ़े। पढ़ लिखकर ही वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। मौके पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद, महिला समाजसेवी सह नेत्री ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, सहायक शिक्षक मधु देवी, अजीत प्रसाद, रामजी प्रसाद, रेखा कुमारी, दीनानाथ प्रसाद, अरुण प्रसाद मेहता, शीला देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी, रीना देवी, शोभा देवी, ललिता देवी, शांति देवी, लक्ष्मी देवी, विमला देवी, पूर्णिया देवी, गुड़िया देवी, रेखा कुमारी, सुनीता देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह के सौजन्य से 405 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने अध्यक्ष पद संभालते ही प्रखंड के सभी 23 पंचायतो में जरूरतमंदों के लिए अपने निजी खर्च से कंबल उपलब्ध कराया गया है। सभी 23 के पंचायत अध्यक्ष व सचिव को कुल 405 कंबल सौंपा गया है। प्रखंड अध्यक्ष ने सभी पंचायत अध्यक्ष व सचिव को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द आम जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण कर दें ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके। कपकपाती ठंड में लोगों के बीच कंबल का वितरण करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड सचिव सरोज महतो, कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, मीडिया प्रभारी संजय भुईया, हेमंत भुईया, पूर्व सचिव नंदकिशोर भुईया, गुड्डू रविदास, राकेश मिश्रा, विशेश्वर राम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## मिल्लत हेल्पलाइन संस्था के द्वारा जरूरतमंदों के बीच 62 कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम में युवाओं के द्वारा संचालित मिल्लत हेल्पलाइन संस्था के द्वारा बढ़ते ठंड में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड के ग्राम बादम, बलिया, महूदी, अलगडीहा, महुगाई, बड़कागांव, नापो, रूद्दी , हाहे, चट्टी और छवनीया में जरूरतमंदों को मिल्लत हेल्पलाइन संस्था के द्वारा कम्बल वितरण किया गया। संस्था से जुड़े



युवाओं ने बताया कि जरूरत मंद लोगो की मदद के लिए संस्था के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। 62 जरूरतमन्दों के बीच कम्बल वितरित किया गया है। संस्था के द्वारा प्रयास किया जा रहा है की ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोग की मदद की जा सके। कड़ाके की ठण्डी में आर्थिक तंगी के कारण ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े नही ले पाते है इसी वजह से संस्था आगे आई है। संस्था के द्वारा शिक्षा के छेत्र में भी बेहतर कार्य किया जा रहा। समय समय पर जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता संस्था से जुड़े युवाओं के योगदान से निरंतर किया जा रहा है। युवाओं के आर्थिक सहयोग से संस्था का संचालन हो रहा है।

## श्रीदस स्कूल ने बिरहोर बच्चों के बीच टॉय डिस्ट्रीब्यूशन कैम्प का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल ने खोराहार केवाल स्थित बिरहोर टोला में टॉय डिस्ट्रीब्यूशन (ड्राइव) कैम्प का आयोजन किया। खिलौना वितरण के क्रम में स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने बिरहोर बच्चों के बीच जाकर खौलानों का वितरण किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा बिरहोर बच्चों के साथ बैठकर बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहन भी किया। बिरहोर बच्चों को पढ़ाई के फ़ायदे से अवगत कराया। उपस्थित सभी बच्चों को खिलौने और पढ़ाई से संबंधित किताब कॉपी का वितरण करने पर बच्चों में खुसियाँ देखी गई। स्कूल के बच्चे अति पिछड़ा बिरहोर टोला के बच्चों के साथ अपनी खुशियां साझा की। इस दौरान श्रीदस के बच्चों ने समाज से वंचित




बच्चों को खेलने की सामग्री के अलावा पढ़ने के सामग्री और चॉकलेट्स भेट की। टॉय ड्राइव कैम्प को लेकर स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदस स्कूल सामाजिक और व्याहारिक कार्यों में बच्चों की सहभागिता पर भी ध्यान देता है। टॉयज ड्राइव कैंप का मकसद था कि बच्चें आपसी भाईचारा सीख सकें और वंचित लोगों के लिए दया की भावना और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए अपना योगदान को जान सकें। वहीं देख सकें और जान सकें कि आज भी समाज में ऐसी समुदाय है जो सामाजिक फायदें से वंचित है। उन्होंने कहा कि टॉय ड्राइव से बिरहोर बच्चों में पढ़ाई के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। यह अभियान बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का माध्यम बनेगा। वहीं स्कूल शिक्षक अमरजीत पांडे ने स्कूल प्रशासन को आभार जताते हुए बताया कि स्कूल की ऐसी ड्राइव कैंप का आयोजन करना अति सराहनीय है । इससे बच्चें सामाजिक वातावरण से परिचित होते हैं। इन्होंने वनवासी बिरहोर समाज के बारें में बताते हुए कहा कि झारखंड में विरहोर समाज की जनसंख्या दिन प्रति दिन घटते जा रही है और लगभग 15000 के करीब इनकी जनसंख्या बचा हुआ है।अति पिछड़ा होना और समाज से कटे रहने के कारण इनका औसत जीवन करीब 50 वर्ष है और आज स्कूल के बच्चें इनके साथ खिलौने और कॉपी किताब देकर अपनी खुशियां व्यक्त की। इस दौरान कक्षा 9 वीं की छात्रा सिमरन ने बताया कि हमें यहां आकर और इन बच्चों के साथ मिलकर अच्छा लगा। और अपनी दर्द को बयां करते हुई बताई कि आज भी हम ऐसी सोसायटी में रह रहे हैं जहां अमीर और गरीब की खाई बहुत बड़ी है। स्कूल की छात्रा

## राज्य सरकार का सार्थक प्रयास, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार : अब्दुल मनान वारसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखण्ड के कोल्हुआकला पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायता हेतु कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पंचायत भवन में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना,सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैप भी लगाया गया। झारखण्ड़ सरकार के द्वारा पूरे राज्य में के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर सरकार के योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, कांग्रेस पार्टी भी वैसे जरूरतमंद लोगों को जागरुक कर इस शिविर तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेगी और उनको सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास करेगी जो सरकार के मापदंड को पूरा करेगा।

## राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक में बोलीं उपायुक्त, मामलों का ससमय करें निष्पादन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिलास्तरीय राजस्व संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पीजी पोर्टल, ई- रेवेन्यू कोर्ट, परिशोधन पोर्टल, जीआईएस फोटोग्राफी, वनाधिकार पट्टा, फोरेस्ट से जुड़े मामले, सरकारी भूमि का राज्य स्तरीय अंर्तविभागीय निशुल्क हस्तांतरण से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई।

बैठक में पूर्व की बैठक से संबंधित अनुपालन रिपोर्ट की भी चर्चा की गई। साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए।

पीजी पोर्टल के लंबित मामले की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बड़कागांव तथा चौपारण अंचलाधिकारी को उनके लॉगिन में प्राप्त शिकायतों को यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यालय जिनके स्तर से शिकायत लंबित है। उन्हें बैठक में दिये गये समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

ई-कोर्ट से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को ई कोर्ट अंतर्गत उनके लॉगिन के लंबित मामले की समीक्षा करने तथा विधिसम्मत आदेश पारित करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्युटेशन के मामले में उपायुक्त ने विष्णुगढ़, सदर, दारू, चौपारण, बड़कागांव, टाटीझरिया अंचल अधिकारी को अधिकतम 30 दिनों के भीतर ही मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। वहीं वनाधिकार पट्टे के मामले में ग्रामसभा का अनुमोदन लेकर, महत्वपूर्ण लोगों से बातचीत कर मामलों का फॉलोअप करने का निर्देश दिया गया।

## विष्णुगढ़ में झामुमों ने आयोजित किया प्रखंड सम्मेलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के द्वारा प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा,विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, राजकुमार महतो,केंद्रीय सदस्य टेकोचन्द महतो,युवा नेता गौरव पटेल,जिला सचिव नीलकंठ महतो की गरिमामयी मौजूदगी रही। सम्मेलन का संचालन प्रखंड संयोजक मंडली के अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने किया। फागु बेसरा ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में आमजनो को ब्लॉक जाकर हाजिरी लगानी पड़ती थी,परन्तु आज की हेमन्त सोरेन की सरकार में पूरा कार्यालय ही उठकर आमजनो की समस्याओं के हल के लिए दर-दर जा रही है। गुरुजी के सपनो का झारखण्ड विकास के पथ पर बढ़ चला है। भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने झारखण्ड के खजाने को




खाली छोड़कर हेमन्त बाबू के हाथों में सौपा,जिसे सँवारने का काम हेमन्त बाबू ने किया। संजीव बेदिया ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछली बार हमसे कुछ गलती हुई जिस वजह से हम काफी कम अंतर से हारे इस बार गलती दोहराई नही जायेगी। इस बार जीत झामुमो की होगी।आज के प्रखंड सम्मेलन में प्रखण्ड कमिटी का पुनर्गठन होगा,नए प्रखंड अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एकदम अनुशासन में रहकर पंचायत कमिटी का गठन करें जिसमे 15 पुरूष एवं 10 महिलाओं की टीम रहेगी। युवा नेता गौरव पटेल ने कार्यकर्ताओं को सचेत करते हुए कहा कि वर्तमान माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल पाँच साल में एकबार एक लाख निन्नानवे हजार की योजना लिखकर लालच देंगे और पांच साल जोतेंगे इनसे सावधान रहें।कार्यकर्ता किसी लोभ लालच में ना आये और झमुमों को मजबूत करें । आज के प्रखंड सम्मेलन में आजसु,भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओ ने झामुमों का दामन थामा जिन्हें अंगवस्त्र देकर मंत्री फागु बेसरा ने सम्मानित किया।

सम्मेलन के आखिर में झामुमों प्रखंड कमिटी की घोषणा की गई जिसमें कपिलदेव चौधरी अध्यक्ष,संजय कुमार प्रजापति सचिव,सुनील अकेला,नारायण गंझू,छोटू हांसदा उपाध्यक्ष,कोषाध्यक्ष राणा इकबाल खान समेत अन्य पदाधिकारी चुने गए।

## समावेशी विकास के चैंपियंस : 24वें एनसीपीईडीपी-एलटीआईमाइंड्ट्री हेलेन केलर अवार्ड में 16 चेंजमेकर्स को सम्मानित किया गया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत ने रोजगार के क्षेत्र में, विशेषकर दिव्यांग जनों के रोजगार के लिए, समान अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित लोगों तथा संगठनों के प्रयासों को पहचान देकर इस क्षेत्र में समावेशिता को आगे बढ़ाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की। 24वें एनसीपीईडीपी-एलटीआई माइंड्ट्री हेलेन केलर अवार्ड में ऐसे 16 दूरदर्शी लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने भारत के कार्यबल को विविधता प्रदान करने तथा उनमें समावेशिता लाने के लिए एवं साथ ही दिव्यांग जनों को मुख्यधारा की श्रमशक्ति में एकीकृत करने के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। दिव्यांगता के क्षेत्र में अत्यंत प्रतिष्ठित ये अवार्ड, उन लोगों की सराहना करने का एक मंच हैं जो समावेशी रोजगार परिदृश्य का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत के अग्रणी अंतर-दिव्यांगता प्रचार संगठन नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल (NCPEDP), तथा वैश्विक प्रौद्योगिकी परामर्श एवं डिजिटल समाधान कंपनी एलटीआईमाइंड्ट्री (LTIMindtree) ने 2023 के एनसीपीईडीपी-एलटीआईमाइंड्ट्री हेलेन केलर अवार्ड की घोषणा की। अपने 24वें वर्ष में, ये सम्मान दिव्यांग जनों के लिए रोजगार के समान अवसरों को बढ़ावा देने में जुटे लोगों और संगठनों को स्वीकृति प्रदान करने तथा उन्हें पहचान दिलाने में भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित सम्मानों में स्थान पाते हैं। दिव्यांग जनों को सशक्त बनाने तथा समावेशी एवं सतत विकास को बढ़ावा देने, और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने के लिए, एनसीपीईडीपी पिछले आठ वर्षों से एलटीआईमाइंड्ट्री के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस वर्ष कुल 16 पुरस्कार विजेताओं को रोल मॉडल के रूप में मान्यता दी गई, जिनमें से तीन को जूरी प्रशंसा मिली।

## 70 सालों से विस्थापित कश्मीरियों को अधिकार और प्रतिनिधित्व देने वाला बिल : शाह



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में जब राजा हरि सिंह का भारतीय संघ के साथ विलय हुआ, उस वक्त से लेकर अब तक कई उतार-चढ़ाव हुए। 80 के दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का एक दौर आय। सदियों से जो लोग अपनी भूमि पर रहते थे, वो मूल समेत उखड़ गए। किसी भी सरकार ने इनकी चिंता नहीं की। अगर सटीक उपाय और शक्ति के साथ उस वक्त उगते हुए आतंकवाद को खत्म कर दिया गया होता तो किसी को अपना प्रदेश छोड़कर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। ऐसे तमाम विस्थापित कश्मीरियों को उनका हक दिलाने के लिए अंत्योदय की राजनीति करने वाले अमित शाह ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 को पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया। किसी भी समाज में जो पिछड़े लोग होते हैं उन्हें सम्मान के साथ आगे बढ़ाना भारतीय संविधान की मूल भावना है। पिछड़ों को आगे बढ़ाने के लिए मदद से ज्यादा जरूरी सम्मान होता है। सम्मान से उसका आत्म विश्वास बढ़ता है जो आगे बढ़ने में उसकी मदद करता है। जम्मू-कश्मीर आरक्षण अधिनियम के अंदर सुधार करने के बिल के साथ-साथ कमजोर की जगह एक संवैधानिक नाम 'अन्य पिछड़ा वर्ग' देकर उन्हें सम्मान देने की भी पहल भी मोदी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में 5 और 6 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन सभी वंचितों की आवाज सुनी है, जिन्हें सालों से कोई नहीं सुन रहा था। पूरा देश जानता है कि धारा 370 हटाने के बाद कश्मीर में आतंकी घटनाओं में भारी कमी आई है। सुरक्षा बलों की मृत्यु दर में गिरावट आई है।

## दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष ने उड़ीसा पहुंचकर नवनियुक्त राज्यपाल से बूके भेंट कर बधाई दिए



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने राजभवन उड़ीसा पहुंचकर नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास जी से बूके भेंट कर बधाई दिए। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि झारखण्ड गठन के बाद संभवत यह पहला अवसर है जब झारखंड के किसी विधायक को राज्यपाल का महती दायित्व प्रदान किया गया है। साथ ही कहा है ओड़िशा राजभवन को एक निष्पक्ष नेतृत्व प्राप्त होगा। इसके साथ उड़ीसा राज्य को रघुवर दास के लंबे राजनैतिक अनुभव का लाभ मिलेगा।

## बघरैया मैदान में शराब पीने पर लगेगा जुर्माना



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शराब एवं अन्य किसी नशीली पदार्थ की सेवन करने वालों को अब खैर नही। उरीमारी क्षेत्र से सटे गरसुला पंचायत के बघरैया मैदान में शराब एवं अन्य नशीले पदार्थ सेवन करने वालों को देखते हुए ग्रामीणों ने बैठक कर सर्वसम्मति से विचार - विमर्श कर नशेड़ियों को लगाम लगाने के लिए बघरैया मैदान के समीप जाने वाले रास्ते में जुर्माना बोर्ड लगाया है। जिसमें लिखा गया है दारू, गांजा, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य प्रकार का नशा करना सख्त मना है । पकड़े जाने पर 2000 ( दो हजार ) रुपया जुर्माना लिया जाएगा।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप विकास आयुक्त ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों में आयोजित किए गए शिविरों के तहत अब तक आए आवेदनों के विरुद्ध निष्पादित किए गए आवेदनों की जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अबुआ आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में आवेदन प्राप्त करने, योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने आदि का निर्देश दिया वहीं उन्होंने योजनावार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तीव्र गति से आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। गौरतलब होकि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले में अब तक 51534 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनके विरुद्ध 9382 आवेदनों को निष्पादित कर दिया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## माइनिंग इंस्पेक्टर ने जब्त की अवैध बालू लदा ट्रैक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल कुमार के द्वारा अवैध बालू पर रोक लगाने को लेकर सोमवार को कुजू ओपी क्षेत्र के दिग्वार फोरलेन के समीप औचक निरीक्षण में एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा है। माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि कुजू क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया।जिसमें एक बालू लदे अवैध ट्रैक्टर को पकड़ा गया है पकड़ कर थाना लाया गया है वहीं आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु डीडीसी ने किसानों को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** खेती से संबंधित आधुनिक तकनीक, नए तरीकों व देश के अलग-अलग हिस्सों में बेहतर तरीके से की जा रहे खेती से प्रेरणा लेकर अपने खेती के कार्य में सुधार करने के प्रति रामगढ़ जिले के किसानों को जागरूक व प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से उपयुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को जिले के किसानों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण व एक्सपोजर विजिट आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में सोमवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा बिहार राज्य के नालंदा जिले में किसानों के लिए आयोजित प्रशिक्षण व एक्सपोजर विजिट में भाग लेने हेतु रामगढ़ जिले से 50 किसानों को रवाना किया गया। मौके पर उपविकास आयुक्त ने किसानों से वर्तमान में उनके द्वारा किए जा रहे खेती कार्य की जानकारी ली वहीं उन्होंने सभी को प्रशिक्षण व एक्सपोजर विजिट का पूरा लाभ लेने एवं वहां से प्रेरणा लेकर और भी बेहतर तरीके से खेती करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान नजारत उपसमाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, एसएमपीओ विक्रम सोनी, आत्मा कार्यालय से चंद्रमौली सिंह, दिनेश कुमार रजवार सहित अन्य उपस्थित थे।

# दिगवार में चोरों ने घर में घुसकर नगदी समेत जेवरात को चुरा ले गए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** कुजू ओपी क्षेत्र के दिगवार में चोरों ने एक आवास में घुसकर नगदी समेत लाखों रुपए मूल्य के सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गए। भुक्तभोगी प्रमोद कुमार पिता चेतन महतो के अनुसार उनके आवास में रविवार की रात सभी लोग खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सो गए। इसी बीच रात में चोर छत के रास्ते कमरे में प्रवेश करते हुए अलमारी को खोलकर उसमें रखे करीब 30 हजार रुपए नकद एवं चांदी का तीन जोड़ा पायल, सोने का झुमका, नथनी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। सुबह होने पर घर के लोगों को चोरी की जानकारी हुई। मामले की लिखित सूचना कुजू ओपी पुलिस को दी गई। जिसमें भुक्तभोगी परिवार ने पुलिस से छानबीन कर आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

**चोरों ने क्षेत्र को बना लिया है चारागाह**

कुजू क्षेत्र को इन दिनों अपराधियों ने अपना चारागाह बना लिया है। मौका मिलते हीं चोरी, लूट-पाट,अपराध की घटनाओं को अंजाम देने में बाज नहीं आते। वहीं कुजू ओपी पुलिस अपराध नियंत्रण के नाम पर मात्र गस्ती के लिए निकल कर चौक चौराहे पर गाड़ी खड़ी कर खाना पूर्ति कर रही है। पुलिस की गतिविधि का लाभ उठाकर अपराध कर्मी अपराध को अंजाम दे रहे हैं। और कुजू ओपी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। लोगों का कुजू पुलिस पर से अब विश्वास उठता जा रहा है।

## मुखिया किशोर कुमार महतो एवं बड़कागांव विधायक की पहल पर मृतक मिला मुआवजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पंचायत मुखिया किशोर कुमार महतो एवं स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर देर रात तक चलने वाली वार्ता के बाद प्रातः3ः00 बजे उल्ट्रेक सीमेंट फैक्ट्री के शीर्ष प्रबंधन से वार्ता कर मृतक के आश्रितों को उनकी मांग के अनुसार 15 लाख मुआवजा ,एक आश्रित को स्थाई नौकरी,तथा मृतक की पत्नी को नियम संगत पीएफ एवं पेंशन से जुडे मुआवजा और मृतक की पत्नी गर्भवती थी तो उनके होने वाले बच्चे के परिपक्व 18 वर्ष होने तक की संपूर्ण पढ़ाई का खर्च प्रबंधन द्वारा वहन करने पर सहमति बनी। ततपश्तात मृतक के शव को फैक्ट्री गेट धरना स्थल से उठाया गया।वहीं विधायक ने भी तत्काल अपनी ओर से आश्रित के भाई को दाह संस्कार हेतू आर्थिक सहयोग प्रदान किया 7 मौके पर मुख्य रूप से विधायक के साथ कटिया पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो,अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे पतरातू थाना प्रभारी राजदीप कुमार,योगेन्द्र सिंह,अंजय प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं प्रबंधन की ओर से अल्ट्राटेक प्लांट हेड और वाइस प्रेसिडेंट डी के राय वार्ता में शामिल रहे।

## मारवाड़ी महिला समिति द्वारा समृद्धि सेल का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय जैन भवन में वृहद समृद्धि सेल का आयोजन किया गयाद्यकार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता राजीव जयसवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किया गयाद्य समिति अध्यक्षा निशा जैन द्वारा सम्मानित अतिथि को अंगवस्त्र उढाकर तथा अरुणा जैन द्वारा समिति का अंगवस्त्र पहनाकर अतिथि का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत हम सभी बहनें लोगों के घरों से अनुपयोग सामानों को एकत्र कर जरुरतमंदों के बीच 10 रूपए के दान कूपन के माध्यम से वितरण करने जैसा जन कल्याणकारी कार्य किया गया हैद्य समिति के इस कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हुई तथा लाभुकों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया। श्रीमती जैन ने आगे बताया कि समिति सदैव सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना से लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहती है, समिति के इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गो से कई लोगों ने अपने भागीदारी प्रदान की तथा समिति के इस प्रशंसनीय कार्य की जमकर सराहना की गई।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की प्रोजेक्ट चेयरमैन रिद्धि जैन के अलावा अरुणा जैन, सचिव सिंपल बरेलिया, रिद्धि जैन, गरिमा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रेणु मित्तल, अनीता बंसल, सरिता जैन, बिनीता गोयनका, निर्मला अग्रवाल, नम्रता जैन ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## बुजुर्ग गरीब महिला वा बच्चे को सहयोग स्वरूप 51 कंबल दिया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमएमटी ग्राउंड योगा ग्रुप के संरक्षक अकाउंटेड अजीत जायसवाल बढ़ती ठंड को देखते हुए ठंड से बचाव के लिए बुजुर्ग गरीब महिला वा बच्चे ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल के हाथ को रामगढ़ जिले के लिए सहयोग स्वरूप 51 कंबल दिया साथ ही झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने भी बढ़ती ठंड को देखते हुए ठंड से बचाव के लिए 151 कंबल देने की बात कही साथ ही कहा कि रामगढ़ रेलवे स्टेशन बस स्टैंड चट्टी बाजार थाना चौक रात्रि के दौरान जरूरतमंद को कंबल दी जाएगी समाजसेवी पंकज महतो ने कहा कि ज्ञान महिला समिति पूरी रामगढ़ जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए काफी वर्षो से जोनतमंदों को मदद करते आ रही है जो की बहुत ही सराहनीय एवं रामगढ़ जिले के लिए गर्व की बात है ज्ञान महिला समिति की प्रमुख महिलाओं के द्वारा रामगढ़ जिले के अकाउंटेंट अजीत जायसवाल झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा को बुके देकर धन्यवाद दिया और कहां की रामगढ़ जिले के समाजसेवी के सहयोग से हजारों की संख्या में बुजुर्ग महिला बच्चे महिलाओं को चिन्हित कर कबंल देने का कार्य किया जाएगा ज्ञान महिला समिति के प्रमुख महिलाओं ने भी अजीत जायसवाल अमित सिन्हा पंकज महतो का आभार प्रकट करते हुए कहां के पूरे रामगढ़ जिले में बुजुर्ग महिलाओं के बीच घर-घर जाकर कमल देने का कार्य करेंगे।


झारखण्ड सरकार वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
पलामू व्याघ्र परियोजना उत्तरी प्रमण्डल मेदिनीनगर
Email ID : dfocorearea@gmail.com, dfo-ptrnorth@gov.in

आम सूचना

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि बेतला राष्ट्रीय उद्यान मुख्य द्वार के अन्दर नव निर्मित सोवेनियर शॉप (दुकान) का कमरा सं0–03, 04 एवं 05 कुल–03 दुकानों को मासिक किराये पर आवंटित किया जाना है।

दुकान आवंटन प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों से आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमण्डल, मेदिनीनगर के पद नाम से आवेदन कर सकते है। जिसमें लातेहार जिला के निवासी को प्राथमिकता दी जायगी।

नोटः–सोवेनियर शॉप आवंटन हेतु आवेदन पत्र एवं शर्त संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु किसी भी कार्य दिवस को 10:00 बजे से 5:00 बजे के बीच पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमण्डल, मेदिनीनगर के कार्यालय में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

ह0/–
उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना,
उत्तरी प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 313205 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D



कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

पत्रांक ——— **विज्ञापन संख्या 03/2023** दिनांक ———

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, रॉंची के पत्रांक 171(03) ब0यो0 दिनांक 25.02.2023 के निर्देश के आलोक में पलामू जिला के 09 "चलंत ग्राम क्लीनिक" में **outsourcing** व्यवस्था के तहत कार्य लेने हेतु निम्न पदों पर एक वर्ष की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित की जाती हैः–

| क्र0सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | आयुष चिकित्सक | 04 (GEN-01, ST-01, & SC-02 ) | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/Unani with working knowledge of computer. |
| 02 | चिकित्सा सहायक | 04 (GEN-02, ST-01 & SC-01 ) | B.Sc Nursing / GNM or B.Sc Community Health or Bachelor / Diploma in pharmacy from recognize University / Institution. |

01. चयनित कर्मियों का एक (01) वर्ष के लिए कार्य लिया जायेगा। कार्य संतोष जनक पाये जाने पर या परियोजना के विस्तार होने पर अवधि विस्तार की जायेगी।
02. आवेदन हेतु आवेदनकर्त्ता का अधिकतम उम्र सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के लिए 38 वर्ष, अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु 40 वर्ष होगी।
03. इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रति (मैट्रीक से लेकर उच्चत्तर शिक्षा तक, जाति, आवासीय, अनुभव प्रमाण पत्र एवं एक पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ दिनांक 19.12.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन से आहूत अंर्तवीक्षा/स्कील टेस्ट में उप विकास आयुक्त के समागार, पलामू में आना सुनिश्चित करेंगे।
04. आवेदक को यह नियुक्ति **outsourcing** व्यवस्था के तहत की जा रही है भविष्य में नियमित/अनुबंध पर नियुक्ति करने का दावा मान्य नहीं होगा।
05. विज्ञापन किसी भी समय रद्द करने एवं विज्ञापन में प्रकाशित पदों की संख्या घटाने या बढ़ाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
06. विज्ञापन से संबंधित जानकारी www.palamu.nic.in में भी देखी जा सकती है।
07. नियुक्ति प्रक्रिया में स्थानीय उमीद्वार को प्राथमिकता दी जायेगी।

ह0/– असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू
ह0/– उप विकास आयुक्त पलामू
ह0/– उपायुक्त पलामू

PR313198 (District)23-24*D हत्या रोक


# साइकिल वितरण योजना के तहत संजू कुमारी को साइकिल क्रय करने हेतु उपलब्ध कराई गई 4500 रुपए की राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में मांडू प्रखंड के छोटकी डंडी पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान विद्यार्थी संजू कुमारी को साइकिल ट्रैक करने हेतु ?4500 की राशि डीबीटी की गई।मौके पर संजू कुमारी ने बेहद भावनात्मक होते हुए कहा कि मेरे गांव में कई बच्चियों के पास साइकिल है साइकिल चलाने आने के बावजूद अपना साइकिल नहीं होने के कारण मुझे पैदल ही विद्यालय जाना पड़ता है जिसके कारण कई बार मुझे विद्यालय पहुंचने में देर भी होती है। जब मैं छोटी थी तो मुझे बताया गया था कि जब मैं विद्यालय जाने लगूंगी तब मुझे सरकार द्वारा साइकिल मिलेगा पर जब मुझे पता चला कि विगत कई वर्षों से सरकार द्वारा साइकिल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तो मैं निराश हो गयी थी। अब जब मुझे साइकिल क्रय करने हेतु राज्य सरकार द्वारा 4500 रुपए उपलब्ध कराए गए हैं तो यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। साइकिल मिलने के कारण ना मेरे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी बल्कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए। इस साधन का सही उपयोग करके मैं अपना, अपने क्षेत्र व अपने देश का नाम जरूर रोशन करूंगी।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम– रोहन कुमार उम्र करीब–12 वर्ष,
रंग–सांवला, ऊँचाई–4 फीट लगभग , पहचान चिन्ह– दहिने पैर मे तलवे के पास घाव का निसान, पहनावा–पैंट हरा सर्ट हरा और पैर में हवाई चप्पल।

उपरोक्त लापता लड़का रोहन कुमार उम्र करीब 12 वर्ष पे0–शम्भु महतो, सा0–पाण्डु टोली, थाना–नगड़ी, जिला–राँची, अस्थायी पता– सा0–पाली, पोस्ट–पाली, थाना–रातु, जिला–राँची, जो घर से दिनांक–25.11.23 को समय करीब 08:30 बजे राजकिय कृत मध्य विधालय नगड़ी स्कुल गया था जो स्कुल छुट्टी होने के बाद भी घर वापस लोट कर नहीं आया है। जिसके संबंध में नगड़ी थाना– सनहा संख्या–225/23, दिनांक–26.11.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक द्वितिय राँची। –9431706142
थाना प्रभारी नगड़ी, राँची। –9431706176

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 313197 Police(23-24)#D

## सहायक श्रम आयुक्त से मिले टीएमसी नेता मुख्तार खान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग धनबाद के सहायक श्रम आयुक्त रंजीत कुमार से उनके कार्यालय मे ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान ने औपचारिक भेंट की। इस दौरान श्री खान ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। साथ ही करीब पिछ्ले एक वर्षो से श्रम विभाग के सभी प्रकार की योजनाओं से वंचित असंगठित एवं भवन निर्माण कार्य के लाभुकों को अविलंब लाभ देने का भी आग्रह किया। वहीं सहायक श्रम आयुक्त ने श्री मुख्तार का आभार प्रकट किया और उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए कहा की विभागीय प्रक्रियाएं चल रही हैं, इसके पश्चात लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते मे भुगतान किया जाएगा।

## सर जे सी बोस विद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह सर जेसी बोस विद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया।आयोजन का निर्देश स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा दिया गया था । इस भाषा उत्सव का शुभारंभ प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा और बाल संसद के प्रधानमंत्री ने दीपक प्रज्वलन के साथ किया मौके पर विद्यालय की छात्राओं के द्वारा उर्दू गजल हिंदी कविता बांग्ला कविता खोरठा कविता संस्कृत के श्लोक का वचन बहुत अच्छे तरीके से किया। बच्चों के सामूहिक नाटक जिसमें लिंग भेद एक दूसरे भाषा का सम्मान करने की सीख देते हुए भाषा की आवश्यकता कब खूबी मंचन कियाम। आचार्य श्री कुशवाहा ने भाषा क्या है भाषा की माता क्या है और खास करके भारत में विविधताओं के बीच भाषाई एकता और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एकीकृत भाषा हिंदी के योगदान को विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को बताएं। सीसीए प्रभारी संध्या संथलीय राकेश कुमार ने बखूबी अग्रणी भूमिका निभाई।

## आरसीटी द्वारा आयोजित पापड़ पिकल व मशाला पैकिंग प्रशिक्षण का समापन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी गिरिडीह के द्वारा पापड़ पिकल एंड मशाला मेकिंग प्रशिक्षण का समापन सोमवार को किया गया। जिसमे कुल 27 प्रशिक्षनार्थियों ने भाग लिया था। वही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षु आईएस दिपेश कुमारी ने सभी प्रशिक्षनार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। साथ ही ज़िले के बैंक ऑफ़ इंडिया के छोटकी खरगडीहा, बेंगाबाद और सिहोडीह शाखा द्वारा कुल 12 ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किया गया। वही ऋण स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले प्रशिक्षनार्थियों में चांदनी कुमारी, नासिरण खातून, सेरुण निशा, सह्नाज परवीन, रिया कुमारी, बसंती देवी, सुजीत देवी, सरिता देवी और मुस्कान कुमारी उपस्थित थी। वही मुख्य अतिथि दीपेश कुमारी ने सभी प्रशिक्षनार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दिया। उन्होंने कहा की रोजगार से जुड़कर अपने आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाए। बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रबन्धक अश्विनी कुमार मित्तल के निर्देशानुसार कार्यक्रम किया गया। मौके पर आर्सेटी निदेशक अविषेक कमल, अग्रणी जिला कार्यालय पदाधिकारी मिस निधि, ससिहोडीह के शाखा प्रबंधक,ऋषि विवेक, छोटकी खरगडीहा के शाखा प्रबंधक जय प्रकाश और आरसेटी के बी एम् झा, सौरव भरद्वाज, वाहिद अली, ऋषि राज सहाय आदि उपस्थित थे।

## असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिंदरी बिधानसभा के कांड्रा स्थित सामाजिक संगठन सफल इंडिया प्रांगण में रविवार को झरिया सीओ ऑफिस की ओर से असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि झरिया सीओ ऑफिस कर्मचारी प्रदीप रजक थे।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में

# शिविर में शिकायतों का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार÷ के तहत आज धनबाद जिले के 9 प्रखंडों के अंतर्गत 11 पंचायत में एवं चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड नंबर - 11 एवं नगर निगम के वार्ड नंबर -38 एवं 27 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रखंडों में नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।

आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार अंतर्गत धनबाद प्रखंड अंतर्गत गोपीनाथडीह पंचायत में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पांडेय, पुटकी अंचलाधिकारी श्री विकाश आनंद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उनके द्वारा सभी स्टॉल का भ्रमण कर प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जानकारी ली गई।

इस दौरान कैंप में मौजूद कई योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। परिसंपत्ति वितरण में योग्य लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना की स्वीकृति पत्र, स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने हेतु डमी चेक समेत अन्य लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, कंबल, समेत अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का निरीक्षण कर सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया की अंतिम व्यक्ति के आवेदक को प्राप्त करने के बाद ही कैंप का समापन किए जाएं, कैंप में मौजूद मेडिकल टीम को निर्देशित किया गया कि जितने भी लोग इस कैंप में पहुंच रहें हैं उन सभी का मेडिकल जांच की सुविधा अवश्य उपलब्ध कराएं साथ ही आवश्यकता अनुसार दवाइयों का भी वितरण किए जाएं।

## हाइवा के चपेट में आने से पत्नी की मौत, पति घायल

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के कोवाड कोडरमा मुख्य पथ पर स्थित गांडो मोड़ के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार से आ रही पत्थर लोड एक हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार पति पत्नी को अपने चपेट में ले लिया, जिसके कारण पत्नी ने घटना स्थल पर हीं दम तोड दिया, जबकि पति गंभीर रूप से घायल है। स्थानीय लोगों के द्वारा आनन फानन में एंबुलेंस के माध्यम से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरनी लाया गया जहां घायल की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। आपको बता दें कि इसी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम टाटो निवासी केदार प्रसाद वर्मा अपनी 35 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी के साथ ससुराल जरीडीह से सुबह 8 बजे के करीब मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था, तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही हाइवा संख्या जेएच 10 सीक्यू 2093 ने अपनी चपेट में ले लिया। इधर घटना की सूचना मिलते हीं अंचलाधिकारी सारांश जैन, बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर कानूनी प्रक्रिया में लग गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते हीं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, जिप सदस्य प्रतिनिधि सलीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि।महेंद्र कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, प्रमुख रामू बैठा, स्थानीय मुखिया सहदेव यादव, गोपाल नारायण सिंह, पंसस सलीम अंसारी, कैलाश पासवान, विष्णुदेव वर्मा, कांग्रेस नेता बासुदेव वर्मा, राजेश वर्मा समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। इस बीच स्थानीय प्रशासन की पहल पर लोग सड़क जाम से हट गए। इधर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया एवं हाइवा को जब्त कर लिया।

## 108 वर्षीय वृद्ध महिला के निधन से शोक की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घनबाद :** नया बाजार स्थित गद्दी मोहल्ला निवासी मुस्ताक अहमद की 108 वर्षीय माता आसमा खातून का निधन हो गया। सोमवार को उन्होने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। जिससे उनके परिजन और उनके शुभ चिंतकों के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी और हर जगह मातम पसर गया। स्व आसमा खातून को बाद नमाज़ मगरीब (करीब शाम 6 बजे) पुरानी कब्रिस्तान रांगाताड़ में सुपुर्द ए खाक किया गया। मृतका अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। वहीं इस दुख की घड़ी मे सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। सभी ने स्व आसमा खातून की आत्मा की शांति के लिये दुआएं की।

## महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजनाओं के तहत विकास कार्य की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज मुजफ्फरपुर स्टेषन तथा मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-वाल्मीकिनगर रोड रेलखंड पर स्थित स्टेषनों, रेल पुलों, आरओबी आदि का निरीक्षण तथा अमृत भारत स्टेषन योजना के तहत स्टेषनों के पुनर्विकास कार्य का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम मुजफ्फरपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, शौचालय, प्रतीक्षालय आदि का विस्तृत निरीक्षण कर साफ़-सफाई, यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । इस दौरान उन्होंने क्रू-लॉबी का जायजा लिया फ्रंट लाइन कर्मियों से वार्ता कर रेल संरक्षा के संबंध में पूछताछ की और उपलब्ध सुविधाओं को देखा । तत्पष्चात महाप्रबंधक ने मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी रेलखंड के मध्य जीवधारा स्टेशन का गहन निरीक्षण कर साफ़-सफाई सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, संरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पैनल रूम सहित यात्री सुविधा एवं सुरक्षा/संरक्षा से जुड़े संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। महाप्रबंधक ने यहां अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बापूधाम मोतिहारी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की तथा 3डी मॉडल का अवलोकन किया। महाप्रबंधक ने बापूधाम मोतिहारी स्टेशन के सर्कुलटिंग एरिया का भी गहन निरीक्षण किया।


## किसान के बेटे ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा किया पास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में किसान का बेटा 8 वॉ रैंक लाकर बगोदर ही नही जिले का नाम रौशन किया है । बताया जाता है की बगोदर प्रखण्ड के पोखरिया पंचायत के पोचरी गाँव के किसान रोहित प्रसाद का बेटा कुमार अमित नेतरहाट प्रवेश परीक्षा में पहली बार बैठा और 8वाँ रैंक लाकर नाम का रौशन किया है रोहित प्रसाद पेशे से किसान है और लेकिन बच्चों के शिक्षा देने में एक कदम आगे है उनका कहना है की एक टाइम खाना कम खाइये लेकिन बच्चों की अच्छा शिक्षा जरूर दिजिए । ताकि आज के बच्चे कल का भविष्य है । वहीं रोहित प्रसाद एक लड़की एक लड़का है इसके पूर्व अगले वर्ष बेटी संध्या ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय प्रवेश परीक्षा पास कर वहाँ शिक्षा ग्रहण कर रही है और अब बेटा भी नेतरहाट प्रवेश परीक्षा में पास कर अच्छा रैंक लाया है । वहीं नेतरहाट प्रवेश परीक्षा का परिणाम अच्छा आने के बाद पुरे परीवार खुश है । वहीं कुमार अमित का कहना है की पढ कर आईएएस बनना चाहता है । अमित कहता है की जब स्कूल में टेस्ट होता था और नम्बर कम आता है तो अन्दर से बहुत टूटा हुआ महसुस करते थे है लेकिन अपने पर विश्वास रखकर पढने में मन लगाकर तैयारी किए । और मेरे प्रिंसिपल एम के सिंह शिक्षक जय कुमार चौधरी और अमन कुमार ने श्रेय मेरे ऊपर है वहीं मेरे मम्मी पापा भी खुब मुझे पढने को लेकर कहते थे ।

## टेन स्पोर्ट्स दुकान से लाखों की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** महुदा थाना के बगल में स्थित टेन स्पोर्ट्स दुकान से बीती रात को चोरों ने बैटरी इन्वर्टर सहित कपड़े की चोरी कर ली। भागने के क्रम में महुदा थाना पुलिस के गश्ती दल ने गाड़ी को पकड़ा और थाना ले गई। टेन स्पोर्ट्स दुकान के मालिक कलाम अंसारी ने महुदा थाना में एक आवेदन देकर कहां है कि मैं प्रतिदिन के भांति रात्रि 8:00 बजे दुकान बंद करके घर चला जाता हूं रविवार को रात्रि दुकान बंद करके मैं घर चला गया उसके बाद रात्रि को मेरे मोबाइल पर फोन आया कि मेरा दुकान का ताला टूटा हुआ है मैंने इसकी मौखिक सूचना तुरंत महुदा पुलिस को दिया और मैं दुकान आया, दुकान में आने के बाद देखा कि बैटरी, इन्वर्टर कपड़ा सहित लगभग डेढ़ लाख रुपया का सामान गायब पाया। इसी के साथ गश्ती दल ने अपनी कार्रवाई करते हुए महुदा मोड़ तृप्ति होटल के सामने एक पिकअप वैन को पीछा करके पकड़ा जिसका नंबर jh10be 8183 पिकअप वैन को पकड़ा मौके से चालक और चोर फरार हो गए। पिकअप वैन में दुकान से चोरी की गई छोटा बड़ा सहित कुछ बैटरी लदा हुआ था। बाकी सामान कर लेकर चोर भाग गए। गाड़ी मालिक, चालक और चोरों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## उसरी पर जल्द बनेगा तीन छिलका डेम : संजय सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के सिहोडीह सामुदायिक भवन में पूर्व निर्धारित कारकर्म के तहत एक बैठक की गई। जिसका नेतृत्व पूर्व वार्ड पार्षद अशोक राम ने किया। मौके पर बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल जीएम बासब चौधरी, झामुमों जिला अध्यक्ष संजय सिंह, गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, आप के कृष्ण मुरारी शर्मा उपस्थित थे। इधर सीसीएल महाप्रबंधक बासब चौधरी ने कहा कि हम तैयार है । तीन जगह छिलका डेम बनाने के लिए । बस अब विभाग और सरकारी सिस्टम जल्द इसपर कार्य करना शुरू करेगी। चौधरी ने कहा पर्यावरण को बचाने के लिए उसरी बचाव अभियान कमिटी के मेंबर लगे है बहुत सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि गंदे नाले का पानी कितने जगह नदी में प्रवेश करता है। उसरी बचाव टीम के सदस्य जेएमएम जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि उसरी को बचाने में हम सब साथ है। टीम को बधाई दी है उन्होंने कहा कि पहले बीस फीट बालू जमा रहता था पानी रहता था । आज भवावह स्थिति हो गयी है नदी का । उन्होंने कहा हजारों पेड़ लगाए जायेंगे कहा कि जिस घाट से टेंडर हुआ है वही बालू उठाव करें,यह भी कहा कि पिकनिक स्पॉट उसरी नदी को भी बनाया जा सकता है। इस पहल जल्द शुरू करेंगे। कहा कि प्रशासन सिर्फ दंडात्मक कार्य ही नही करे उसरी कैसे बचे कैसे पर्यावरण बेहतर हो वह भी ध्यान दे।कार्यकर्ता सह माले नेता *राजेश सिन्हा* ने राजनीति में आने से पहले प्रयास करना शुरू कर दिया था। सिन्हा ने कहा कि उसरी को सिर्फ छठ में ही महत्व दिया जाता है,आम लोगो से अपील है 365 दिन पर्यावरण के बारे सोचे,सिन्हा ने सीसीएल जीएम और सदर विधायक को भी धन्यवाद दिया है ।कि इस पहल में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे है। सिन्हा ने कहा की स्कूल,कॉलेज और कोचिंग में उसरी के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर पर्यावरण को बचाने के लिए अभियान चलाया जाएगा, उसरी बचाओ अभियान गैर राजनीतिक मंच है इसमें सभी दल के लोग, अधिकारी और सामाजिक संगठन आगे आवे खास कर उसरी तट पर जो बसे है वह भी जागरूक रहे, पानी का लेयर नीचे जा रहा है, जल्द हजारों पेड़ लगाए जायेंगे, उसरी किनारे गोबर को भी नगरनिगम से हटवाने की मांग करेंगे,उसरी नदी में जो अतिक्रमण वाले है उसको छिलका डेम बन जाने के बाद चिन्हित कर आंदोलन करेंगे।

## जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव के प्रयास से मिला नया ट्रांसफरमर



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत सिमराढाब पंचायत के ग्राम नवादा में सोमवार को नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष सह अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव ने फीता काट कर किया। आपको बता दें कि ग्राम नवादा में लगभग दो माह पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था जिसके कारण लोग अंधेरे में रहने पर मजबूर थे। ग्रामीणों ने जब इसकी सूचना भाजपा नेता सह गिरिडीह जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव को दिया गया तब जिप उपाध्यक्ष ने बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों को 100 केवीए का नया ट्रांसफरमर उपलब्ध करवाया।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में बैंको की ज़िला परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) के सितम्बर तिमाही की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वार्षिक ऋण योजना के तहत सितम्बर तिमाही तक जिला की उपलब्धि 54.82त्न रही। कुछ बैंकों की उपलब्धी संतोषजनक नहीं थी। उप विकास आयुक्त ने उन बैंको को प्रत्येक तिमाही के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि सितम्बर तिमाही तक जिले का ऋण जमा अनुपात 31.87त्न था। डीडीसी ने इसे असंतोषजनक बताया एवं निर्देश दिया कि वैसे सभी बैंक जिनका ऋण जमा अनुपात 40त्न से कम है वे जल्द से जल्द इसे 40त्न तक प्राप्त करना सुनिश्चित करे। जिला कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि कुछ बैंको द्वारा केसीसी के आवेदन लम्बी अवधि तक लंबित रखे जाते है।

इस पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जतायी एवं निर्देश दिया कि त्वरित रूप से लम्बित आवेदनों का निपटारा करे। बैठक में उप विकास आयुक्त ने आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम में बैंक की सहभागिता सुनिश्चित करने का तथा कैंप में प्राप्त केसीसी आवेदन त्वरित गति से स्वीकृत करने का निर्देश बैंको को दिया।

जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि पीएमएफएमई के अंतर्गत बैंको का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। इस पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त कि तथा कहा कि चूंकि यह भारत सरकार की एक फ्लैगशिप योजना है इसलिए सभी बैंक इस योजना में बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करे।

## 30 बेड वाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का झरिया विधायक ने भूमि पूजन कर किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जियलगोरा स्टेडियम स्थित डिगवाडीह में सोमवार को प्रस्तावित 30 बेडवाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कि निर्माण होने वाली भवन का झरिया कि विधायक एवं सत्ताधारी दल कि सरकार कि सचेतक पुर्णिमा नीरज सिंह ने भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने विधायक से कांग्रेस के दिवंगत नेता नीरज सिंह के नाम पर अस्पताल का नाम रखने कि मांग की। लोगों को संबोधित करते हुए पुर्णिमा सिंह ने कहा कि झरिया में समस्याओं कि अंबार कि एक बोझ है, जिसे धीरे धीरे कम किया जा रहा है। विपक्षी नेता पर तंज कसते हुए विधायक ने कहा कि घर में बैठ कर चुनाव जीतने वाले लोग जनता कि समस्या से अंजान थे। वे स्वर्गीय पति नीरज सिंह से समस्याओं को जाना तथा क्षेत्र कि हर गली मुहल्लों में घूम कर लोगों से मिल कर समस्याओं से रूबरू होकर आज उसके निराकरण में लगी हूँ।

उन्होंने कहा कि झरिया के लोगों कि पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा अस्पताल, थाना आदि प्रमुख समस्या के समाधान करने को उनके स्तर से 5 सौ करोड़ कि योजना पर कार्य कि जा रही है।

**आने वाले वर्षों में देश का कोई भी खेल सिमडेगा के खिलाड़ियों के बिना पूरा नहीं होगा : विधायक**

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को विधायक भूषण बाड़ा व विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि गांव देहात के युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार विभिन्न खेलों से जोड़ा जा रहा है। उन्हें पहचान देकर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आमंत्रण खेल प्रतियोगिता शुरु किया गया है। हमारा प्रयास है कि देश का कोई भी खेल सिमडेगा के खिलाड़ियों के बिना पूरा नहीं होगा। विधायक संत मेरीज स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में बोल रहे थे। प्रतियोगिता के बालक वर्ग का फाईनल मैच सिमडेगा बनाम जलडेगा के बीच खेला गया। जिसमें सिमडेगा की टीम 4-0 से जीत दर्ज कर विजेता बनी। वहीं बालिका वर्ग में बोलबा ने सिमडेगा को 2-1 से हराकर विजेता बनी। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा एवं विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

**खेल प्रतिभा को मंच देने का काम कर रही है सरकार : विधायक विक्सल कोंगाड़ी**

वहीं कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि सरकार खेल प्रतिभा को मंच देने का काम कर रही है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कई योजनाएं धरातल में उतार रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा के माध्यम से अपनी पहचान बनाएं। देश दुनिया में अपनी प्रतिभा से गांव, समाज व जिला का नाम रौशन करें। मौके पर एसडीओ महेन्द्र छोटन उरांव, खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, कांग्रेस जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन, भूषण लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## रामपुर और उडुमुडु पंचायत में आयोजित हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज सोमवार को सदर प्रखंड के रामपुर पंचायत और कुडू प्रखंड के उडुमुडु में आयोजित किया गया। कुडू प्रखंड के उडुमुडु पंचायत के बारीडीह ग्राम ईदगाह मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रिंस कुमार, तकनीकी विशेषज्ञ, 2ष्स्रष, लोहरदगा शामिल हुए। इसमें उनके द्वारा अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति/ आय/ मृत्यु/ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, मापी, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड,15 वें वित्त, जनजातीय कल्याण, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, मनरेगा, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सेनेम निरेम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, दीदी बाड़ी योजना, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, jslps, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मुख्यमंत्री सारथी योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहर्ताधारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया।

## शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू प्रखंड के अंतर्गत सलगी ग्राम के रहने वाले युवा कांग्रेस के नेता मनीष शर्मा के पिता का कल आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलते ही आज लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत सलगी ग्राम पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किए एवं परिजनों को ढाढ़स बंधाया। श्री भगत ने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवार के साथ है। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक साहू भी मौजूद थे।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज सोमवार को भण्डरा प्रखण्ड अंतर्गत जमगाई पंचायत में किया गया। इस मौके पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को प्रसारित किया गया और मौके पर उपस्थित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने,गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंखने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ‌ऋकरने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना( आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना,पीएम उज्ज्वला योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान,हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर,सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया (SVAMITVA) आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल में टीबी, sickle cell Anaemja समेत बीपी, सुगर आदि के संभावित मरीज़ों की जांच की गई। आज के कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, जमगाई पंचायत की मुखिया धनेश्वरी उराँव, पंचायत समिति सदस्य बलमुनि कुजूर आदि उपस्थित थे।

# चुनावी गतिविधियों में अपराधिक घटनाओं पर हो रोकथाम : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा के सदस्यों ने जिला उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि अभी सम्पूर्ण राज्य में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा की प्राप्त सुचना के अनुसार लोहरदगा जिला में अन्य बाहरी तथा बंगलादेशीयों की संख्या आने की जानकारी है तथा उनके द्वारा राशन कार्ड,आधार कार्ड तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज करने का प्रयास गलत ढंग से किया जा रहा है। यह एक गंभीर तथा जांच का विषय है जिसमे भारतीय जनता पार्टी यह मानती है कि यह एक राष्ट्र विरोधी गतिविधियां है अतःनये राशन कार्ड बनाने तथा उसमें नये नाम दर्ज करने, नये आधार कार्ड बनाने तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रकिया में सावधानी एवं सजगता बरतने का निर्देश संबंधित कर्मचारियों तथा अधिकारीयों को देने का प्रयास किया जाना चाहिए ताकि अवांक्षित तत्वों को ऐसा करने से रोका जा सके। और जो भी व्यक्ति चाहे वह सरकारी या गैर सरकारी कर्मचारी हो गलत तरीके से काम करते पकड़ा जाता है तो उसके ऊपर तुरंत कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही किया जाना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री चंद प्रजापति, पूर्व विधायक सधनू भगत, राजकिशोर महतो, भाजपा उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकू, ओम गुप्ता आदि भाजपा के सदस्य उपस्थित थे।

# खेल में जीवन का दर्शन छिपा है : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नशा छोड़ो फुटबॉल खेलो पढ़ो लिखो और आगे बढ़ो मूल मंत्र के साथ आदिवासी अखड़ा समिति द्वारा 17 वीं कार्तिक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत थे विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ थे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि इस टूर्नामेंट की अपना विशेषता है जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता के साथ सहयोग है एवं जिले में सर्वाधिक एक लाख विजेता को नगद एवं उपविजेता को 70000 रुपया नगद प्रदान किया जाता है। सुखदेव भगत ने अनुशासन समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ खेलने की बात कही। खेल में जीवन का दर्शन छिपा है गुमला लोहरदगा रांची की शानदार टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया अधेड़ विवाहित महिलाओं का प्रदर्शन मैच आकर्षण का केंद्र रहा। इसके पूर्व सुखदेव भगत के पहुंचने पर भव्य तरीके से परंपरागत रूप से नृत्य मंडली और गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया मुख्य अतिथि के साथ हजारों दर्शकों ने एक साथ राष्ट्रगान गाकर खेल आगाज किया। इस फुटबॉल मैच में झारखंड जगुआर के टीम ने बनगड़ी होटवार रांची को दो जीरो से हराया। विनर टीम को एक लाख एवं रनर टीम को 70000 नगद पुरस्कार दिया गया। यहां लोहरदगा आयुष समिति के द्वारा निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया जहां पर मरिजो का निशुल्क जांच कर फ्री में दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, आयोजन समिति के अध्यक्ष फुलदेव उरांव, शुक्रा उरांव, शंकर उरांव, पप्पू सिंह, रोशन टोप्पो, संदीप उरांव, परमेश्वर महली, विनय उरांव, सरस्वती उरांव, सुचिता उरांव आदि उपस्थित थे।

# ठंढ से बचाव के लिये वृद्ध वृद्धाओं के बीच किया गया कम्बल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकार के निर्देशानुसार बृद्ध वृद्धाओं के बीच कम्बल वितरण किया गया। झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत मुखिया बंधन उराँव, उपमुखिया सुषमा उराँव और पंचायत सचिव सुरजा भगत के उपस्थिति में पंचायत क्षेत्र के लगभग 15 गरीब असहाय वृद्ध वृद्धा महिला पुरुष को सरकार के निर्देशानुसार ठंड का प्रकोप से बचाव के लिये कम्बल वितरण किया गया। वही उपमुखिया सुषमा उराँव ने कहा कि अचानक मौसम बदलने से ठंढ का प्रकोप काफी बढ़ा है। जिसे बचाव के लिये सरकार द्वारा वृद्ध वृद्धाओं को कम्बल दिया जा रहा है.जिसे आप ठंढ से बचने का प्रयास कीजिये। साथ ही कहा कि सरकार अनेकों कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। जिसे लाभुक ग्रामीण लाभ लें। मौके पर वार्ड सदस्य सुजीता उराँव, सुनील महली, चन्द्रमुनी उराँव, गन्दरू उराँव, सुनीता टोप्पो, किरण कुमारी, पंकज उराँव, रोजगार सेवक शिवदयाल उराँव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के निमित बीडीओ ने किया बैठक, दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 दिसंबर सोमवार को कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार मे आगामी कार्यक्रम हमारा संकल्प, विकसित भारत कार्यकम के निमित प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने प्रखंड कर्मियो के साथ किया बैठक दिये कर्मियो को कार्यक्रम की सफलता हेतू आवश्यक निर्देश। प्रविपदा0 ने बताया कि आगामी 19 दिसंबर को कैरो और गजनी, 20 दिसंबर को हनहट व सढाबे, एवं 21 दिसंबर को गुड़ि व नरौली मे हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक मे आवश्यक चर्चाएं की गई। वही बैठक मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार प्रखंड मे बचे शेष 03 पंचायतो मे कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक मे चर्चाएं कर कर्मियो को आवश्यक निर्देश दी गई। आज के उक्त बैठक मे प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राकेश कुमार, प्रखंड कार्यकम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा, मुखिया सुमित्रा उराँव, समन्वयक अमन शिखर, गुहा उराँव, प्रदीप प्रजापति, रोजगार सेवक हिजबुल रहमान,पंचम एतवा पहान के अलावा सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक स्वयं सेवक इत्यादी उक्त बैठक मे थे उपस्थित।

# जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा ग्राम में जिला परिषद मद से बनने वाला पिसीसी पथ का शिलान्यास जिप सदस्य राधा तिर्की तथा गाँव के पाहन पुजार द्वारा आदिवासी रिति रिवाज के अनुसार पूजन करने के उपरान्त विधिवत फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर किया गया। शिलान्यास के पूर्व कार्य प्रगति का जायजा संवेदक से लेते हुए जिला परिषद राधा तिर्की द्वारा बताया गया कि जिला परिषद मद से करीब 6 लाख 87 हजार की लागत से निर्मित होने वाले इन्दु लोहरा के घर से पार्वती लोहरा के घर तक लगभग 1200 फिट लम्बा पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा की घाटा के ग्रामीण जनता द्वारा पथ निर्माण की मांग पूर्व से किया जा रहा था जो आज ग्रामीणों का सपना साकार हो रहा है। बरसात के मौसम में गाँव के लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। पीसीसी पथ बन जाने से अब ग्राम वासियों को सुविधा होगी। मौके पर उपमुखिया सुषमा उराँव, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी उराँव, राजेश उराँव, युवन्ती देवी, सुनीता उराँव के अलावे गाँव के पहान पुजार और ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## पूज्य बाला साहब देवरस की जयंती सशिविमं कैरो में भाषा दिवस के रुप मे मनाई गई



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 दिसंबर सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरों में परम पूज्य बाला साहब देवरस की जन्म दिन भाषा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार एवं वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा की बालासाहब देवरस एक मौन कर्मसाधक थे वें किसी भी समस्या पर शीघ्र एवं अचूक निर्णय की उनकी क्षमता और आसाधारण थी वह व्यवस्थापन में कुशलता अनुभव समृद्धता गहन चिंतन उनके व्यक्तित्व के अन्य महत्वपूर्ण गुण थे उनका ध्यान सैद्धांतिक की बजाय व्यवहार्य बातों पर अधिक रहता था। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी जी एवं भैया बहन उपस्थित थें।

# गरीबों से पैसा लूटकर अपनी तिजोरी भर रहे है कांग्रेस के नेता : एनोस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गरीबों से पैस लूटकर अपनी तिजोरे भरने का काम कर रहे है कांग्रेस और झामुमो के नेता। किसी नेता की गाड़ी से करोड़ों रुपए मिल रहे है तो किसी के पास अलमीरा भर भर के नोट मिल रहे है। कांग्रेस और झामुमो के लूट की दास्तान पूरी दुनिया देख रही है। पूर्व मंत्री सह झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का सोमवार को पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पंडरीपानी टापूडेगा में आयोजित कार्यक्रम में एनोस एक्का ने कांग्रेस और भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भाजपा लोगो के बीच नफरत फैलाकर राजनीति रोटी सेक रही है। कांग्रेस और भाजपा दोनों किसी विशेष धर्म के लिए खुद को रहनुमा बताती है। झारखंड पार्टी क्षेत्र में सदभावना लाना चाहती है। उन्होंने स्थानीय विधायक पर भी जनता की समस्या से कुछ मतलब नहीं होने का आरोप लगाया। एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि चुनाव के वक्त भाजपा और कांग्रेस धर्म के नाम पर भेदभाव को माहौल बनाकर वोट लेने का काम करती है। लेकिन झारखंड पार्टी क्षेत्र में अमन और शांति का वातावरण चाहती है। कार्यकर्ता सम्मेलन को केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, संदेश एक्का, जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, मतियस बागे, ओम प्रकाश अग्रवाल, लेवनार्ड खलखो, आईरीन एक्का सहित कई नेताओं ने भी संबोधित करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए पार्टी की सोच को साझा किया। कार्यक्रम में मंच संचालन ओलिवर लकड़ा और धन्यवाद ज्ञापन बदरुददीन अहमद ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में वर्ष 2024 में राज्य के सभी 81 सीटों में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में कई लोगो ने पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। सभी लोगों का पार्टी का दुपटटा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया गया। सम्मेलन में हजारो की संख्या में लोग उपस्थित थे। हर दुख में हमेशा साथ खड़ा मिलेगा झापा- संदेश युवा नेता संदेश एक्का ने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा की बिना किसी भेदभाव के लिए झापा सभी के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जनता के हर दुख दर्द में झारखंड पार्टी साथ में खड़ा नजर आएगा। उन्होंने कहा कि एनोस एक्का ने क्षेत्र के लिए जो काम किया है उस काम को आगे बढ़ाने का काम झारखंड पार्टी करेगी। 29 फरवरी को आयोजित होगा नगाड़ा पिटावन रैली कार्यकर्ता सम्मेलन में एनोस एक्का ने कहा कि आदिवासी मूलवासी और जिलेवासियों को सरकारी तंत्र के द्वारा परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड पार्टी 29 फरवरी को नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन करेगी। जिसमें लाखों की संख्या में लोग भाग लेगें। उन्होंने कहा कि झापा राज्य के सभी 81 सीटों में विस चुनाव और लोस चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि नगाड़ा पिटावन रैली के माध्यम से राज्य की दशा और दिशा बदली जाएगी। गलत नहीं किया है तो जांच से क्यों डर रहे है सीएम एनोस एक्का ने ईडी द्वारा सीएम हेमंत सोरेन को समन दिए जाने पर बोले कि जब सीएम ने कुछ गलत नहीं किया है तो जांच से क्यों डर रहे है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के माध्यम से सरकार जनता के पैसे को लूट रही है। अब जब सीबीआई और ईडी जांच कर रही है तब भ्रष्टाचारियों के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी सरकार के दबाव में जेल भेजा गया था।

# आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर ग्रैंड भारतीय भाषा उत्सव का हुआ आयोजन

**क्षेत्रीय भाषा सभी भाषाओं की आत्मा है : कमल महतो**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी की जन्म जयंती के उपलक्ष में विद्या भारती के तत्वाधान द्वारा ग्रैंड भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रीय भाषा गीत सह नृत्य का प्रदर्शन भैया बहनों द्वारा किया गया। मंच का संचालन से अशोक सिंह द्वारा किया गया। अतिथि परिचय तथा कार्यक्रम के महत्व पर विषय प्रवेश श्री महेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी लेखक श्री सुब्रमण्यम भारती को याद किया गया। विभिन्न राज्यों की वेशभूषा को विद्यालय के भैया बहनों द्वारा प्रस्तुत किया गया क्रमशः महाराष्ट्र के वेशभूषा में बहन तृषा जायसवाल, बंगाल की वेशभूषा में बहन प्राची सोनी ,तमिलनाडु की वेशभूषा में बहन चंचल कुमारी, असम की वेशभूषा में बहन आराध्या कुमारी, तेलंगाना की वेशभूषा में विद्या उरांव,झारखंड की वेशभूषा में बहन अदिति कुमारी, पंजाब की वेशभूषा में बहन इशिका राज एवं संथाल की वेशभूषा में बहन आकृति भगत मंच में सुसज्जित थी। बांग्ला गीत मां मनसा गीत विद्यालय के आचार्य त्रिलोचन साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। सरस सुबोध संस्कृत गीत विद्यालय के कक्षा पंचम की बहन अमृता कुमारी एवं विद्या उरांव द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की दीदी जी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा द्वारा हिंदी गीत चंदन है इस देश की माटी प्रस्तुत किया गया। राजस्थानी लोकगीत भारत माहरो देश विद्यालय के आचार्य श्री महेंद्र मिश्रा द्वारा गया गया। अंगिका भाषा में गीत विद्यालय के आचार्य श्री अशोक सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। नागपुरी गीत श्री गणेश साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। श्री कमल महतो द्वारा क्षेत्रीय भाषा नागपुरी के महत्व को बताते हुए नागपुरी गीत प्रस्तुत किया गया एवं उन्होंने नागपुरी भाषा में ही अपने आशीर्वचन विद्यालय के भैया बहनों को दिए। कार्यक्रम के अंत में धन्य धन्य रे छोटा नागपुर गीत पर भैया बहनों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने समस्त भैया बहनों का अभिनंदन करते हुए आगामी सत्र में नवीन नामांकन हेतु आग्रह किया जिसमें समाज के लोगों का विकास हो सके। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी के अतिरिक्त विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

चलते चलते एक नजर

## झामुमो युवा मोर्चा 13 दिसंबर से कराएगा पलामू कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो युवा मोर्चा के तत्वाधान में 13 दिसंबर से पलामू कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय जीएलए कॉलेज ग्राउंड में होने वाला है। यह टूर्नामेंट युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला की अध्यक्षता में करवाया जा रहा है। मौके पर उपस्थित झामुमो, युवा मोर्चा के सचिव आशुतोष विनायक ने बताया, इस टूर्नामेंट में कुल सोलह टीमें भाग लेंगी और सभी मैच दिन में होगा। मैच बेहतरीन तरीके से हो इसके लिए नया और क्रिकेट नियमों के अनुसार पिच तैयार किया गया है। पलामू में खेल का मैदान अच्छा हो और खिलाड़ियों के लिए एक माहौल तैयार हो इसकी कोशिश झामुमो युवा मोर्चा द्वारा की जा रही है। युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता इसके सफल आयोजन के लिए मेहनत कर रहे हैं, पहला शो मैच पत्रकार इलेवन और झामुमो इलेवन के बीच खेला जाएगा। झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने कहा, पलामू में खेलों का स्तर खराब होते जा रहा है। पलामू के खिलाड़ी भी बाहर जा कर पलामू का नाम रौशन करें इसके लिए प्रयास किया जाएगा। पलामू में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस जरूरी है उसे निखारने की और उचित माहौल प्रदान करने की। युवा मोर्चा द्वारा किया जा रहा प्रयास बेहद ही सराहनीय है, हम सबों का प्रयास है की टूर्नामेंट बेहतरीन और मनोरंजक हो और इसका लाभ खिलाड़ियों को मिले। इस मौके पर कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, संगठन सचिव अरविंद चौधरी, समाजसेवी निशांत सिंह, आलोक तिवारी, समाजसेवी अभय तिवारी, अमरजीत पांडेय, मनोहर पांडेय, बबलू कुमार, रंजीत कुमार उपस्थित थे।

## मोदी की गारंटी ही आत्म निर्भर भारत की गारंटी है : बाबूलाल मरांडी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सशक्त भाजपा से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। पार्टी के कार्यकर्ता आज आम जनता की आशा और अपेक्षाओं को पूर्ण कराने के महत्वपूर्ण पार्ट हैं। मरांडी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विस्तारकों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश समझ चुका है कि मोदी की गारंटी ही आत्म निर्भर भारत की गारंटी है। हमें मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभानी है। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सर्व समावेशी और सर्व ग्राह्य भाजपा ही मूल मंत्र है। उन्होंने आगामी लोकसभा में झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार के लिए राज्य की युवा शक्ति को, नव मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया।

### धारा 370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कहीं खुशी-कहीं गम

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला सिर्फ कानूनी नहीं बल्कि यह आशा की किरण : नरेंद्र मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के फैसले पर कोर्ट ने मुहर लगा दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा.अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक है और 5 अगस्त 2019 को भारत की संसद द्वारा लिए गए फैसले को संवैधानिक रूप से बरकरार रखता है। यह जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। न्यायालय ने, अपने गहन ज्ञान से, एकता के मूल सार को मजबूत किया है जिसे हम, भारतीय होने के नाते, बाकी सब से ऊपर प्रिय मानते हैं और संजोते हैं। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को आश्वस्त किया कि उनके सपनों को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रगति का लाभ न केवल आप तक पहुंचे बल्कि अनुच्छेद 370 के कारण पीड़ित हमारे समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्गों तक भी पहुंचे।

### राज्य में अलगाववाद और पत्थरबाजी अब अतीत की बातें : अमित शाह


वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,आर्टिकल 370 हटने के बाद गरीबों और वंचितों के अधिकार बहाल हो गए हैं और अलगाववाद और पत्थरबाजी अब अतीत की बातें हो गई हैं। पूरा क्षेत्र अब मधुर संगीत और सांस्कृतिक पर्यटन से गूंजता है। एकता के बंधन मजबूत हुए हैं और भारत के साथ अखंडता मजबूत हुई है। यह एक बार फिर जम्मू, कश्मीर और लद्दाख है जो हमेशा हमारे देश का था और आगे भी रहेगा।



### धारा 370 के प्रावधानों को बहाल किया जाए : गुलाम नबी आजाद



जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए से राजनीतिक रूप से नहीं बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इन प्रावधानों को बहाल किया जाए।



### 5 अगस्त, 2019 को जो भी किया गया वह वादों के खिलाफ था : महबूबा मुफ्ती

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा, मुझे लगता है कि निर्णय सरल होना चाहिए कि 5 अगस्त, 2019 को जो कुछ भी किया गया वह अवैध, असंवैधानिक,जम्मू-कश्मीर और यहां के लोगों से किए गए वादों के खिलाफ था।

### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के समग्र विकास पर कोर्ट ने लगाई मुहर : सीएम धामी

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाने पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। यह फैसला केन्द्र सरकार का देशहित, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के समग्र विकास के लिए गए निर्णय पर मुहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जारी पोस्ट में कहा है कि भारत की संप्रभुता, एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का जो ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री की ओर से किया गया। आज उच्चतम न्यायालय ने भी उसे सही ठहराया। इस निर्णय से आमजनों में प्रसन्नता है।





### राजा हरि सिंह के बेटे और कांग्रेस नेता करण सिंह ने कहा - दीवार पर सिर पटकने का अब कोई मतलब नहीं है

सुप्रीम कोर्ट द्वारा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने को संवैधानिक रूप से वैध ठहराने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता और महाराजा हरि सिंह के बेटे करण सिंह ने कहा,जम्मू-कश्मीर में लोगों का एक वर्ग जो इस फैसले से खुश नहीं होगा, मेरी ईमानदार सलाह है कि फैसले को स्वीकार करें. सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई को बरकरार रखा है. इसलिए अनावश्यक रूप से दीवार पर सिर पटकने का अब कोई मतलब नहीं है.

### निराश हूं लेकिन हताश नहीं हूं,संघर्ष जारी रहेगा : उमर अब्दुल्ला



अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर पोस्ट किया, निराश हूं लेकिन हताश नहीं हूं. संघर्ष जारी रहेगा. यहां तक पहुंचने में बीजेपी को दशकों लग गए. हम लंबी दौड़ के लिए भी तैयार हैं.

### जम्मू-कश्मीर में जल्द हो चुनाव : अधीर रंजन चौधरी

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि केंद्र को जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराना चाहिए और पूर्ण राज्य का दर्जा भी बहाल करना चाहिए। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा,मुझे उम्मीद है कि सरकार जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी और लोगों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का मौका देगी।



# सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से संबंधित ठिकानों पर छठे दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी है. सोमवार को आयकर विभाग की टीम ओडिशा के बलांगीर स्थित सूदपाड़ा में बलदेव साहू इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के परिसर में छापेमारी की. वहीं दूसरी ओर आयकर विभाग छापेमारी के दौरान बरामद पैसे को एसबीआई के बलांगीर शाखा में जमा किया. आयकर विभाग ने छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर रेड माकर रुपयों से भरे 30 अलमीरा बरामद किये थे. उस दिन से नोटों की गिनती जारी थी. जानकारी के अनुसार,गिनती में आंकड़ा 500 करोड़ को पार कर गया है. हालांकि आयकर विभाग की ओर से अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है.

**खत्म हुआ नोटों की गिनती का काम: बलांगीर:** पांच दिनों की लगातार गिनती के बाद शराब साम्राज्य के काले धन की गिनती का काम रविवार को पूरी हो गई, लेकिन इसकी सही रकम अभी भी पता नहीं चल पाई है. बताया गया है कि 1 या 2 दिन के अंदर पता चल जाएगा कि कितना पैसा जब्त किया गया है.अनुमान है कि जब्त की गई रकम 300 करोड़ से ज्यादा हो सकती है.अभी तक पैसों की सही रकम या



संख्या का पता नहीं चल पाया है. इस प्रक्रिया में कुछ दिन और लगेंगे और गणना के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि कितना पैसा जब्त किया गया है. वहीं, खबर है कि पैसों के साथ 60 किलो सोना भी जब्त किया गया है. भले ही यह अभी तक स्पष्ट नहीं है लेकिन इसे लेकर काफी चर्चा हो रही है.

**भ्रष्टाचार तो कांग्रेस की फितरत में है, लेकिन अन्य पार्टियां धीरज साहू पर मौन क्यों : अमित शाह: पटना:** बिहार आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने धीरज साहू मामले पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस धीरज साहू के मामले पर चुप है तो समझ में आता है, लेकिन इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं ने मौन क्यों धारण कर लिया है. अन्य सभी दल के नेता इस मामले पर चुप क्यों बैठे हैं, जबकि इस पर उन्हें जवाब देना चाहिए. उन्होंने कहा कि मुझे तो आश्चर्य है कि किसी एक सांसद के पास इतना रुपया कैसे मिल रहा है. आजादी के बाद से अब तक किसी सांसद के पास इतना कैश नहीं पकड़ा गया होगा.

### संत मरियम स्कूल में किया गया कमिश्नरी लेवल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

# कराटे एक रक्षात्मक कला है : अविनाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कमिश्नरी लेवल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 10 दिसंबर को संत मरियम स्कूल सेवा सदन रोड मेदिनीनगर में पलामू मिक्सड मार्शल- आर्टस टाइगर्स एकेडमी के तत्वाधान में किया गया। चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के अलावा ग्रीन वेली इंटरनेशनल स्कूल, रोटरी क्लब स्कूल, एलिट पब्लिक स्कूल,आनंद मार्ग स्कूल,स्टार एकेडमी,आर्यन किड्स एकेडमी,सनातन विद्या निकेतन रेहला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बिश्रामपुर, इंडियन पब्लिक स्कूल कुंदरी,इंद्रदेव पब्लिक स्कूल, तिमान बाजार रंका, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल इत्यादि विद्यालय के लगभग 200 सौ कराटेकारों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता मलेशिया देश के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गोल्डन अवार्ड से सम्मानित मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में कराया गया। चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष अपीविनाश देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कराटे एक रक्षात्मक कला है। जिसे सीखकर लड़कियां अपनी सुरक्षा कर सकती है। लेचैंपियनशिप में खिलाड़ी खेल के भावना से खेले और हारने पर मायूस न होवें। यह पता करे कि पर हमसे चूक और कहाँ कमी हुआ।नउस कमी व चूक को सुधार करे तो अगली बार प्रतियोगिता में आपकी जीत निश्चित हो जायगी।